संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, गुरूवार, 29 जून 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी मीडिया से मुखातिब होते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 12 अंक: 179 पृष्ठ: 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## वाटर सेस: सरकार ने अपना जवाब दाखिल किया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमलाजीत राम शर्मा**

**प्रदेश** हाईकोर्ट में वाटर सेस अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं का राज्य सरकार ने अपना जवाब दाखिल कर दिया है। शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट को बताया गया कि पानी के उचित प्रबंधन के लिए केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को नियम बनाने की शक्तियां प्रदान की है। प्रदेश के पानी के स्रोतों का सही प्रबंधन के लिए सरकार ने वैधानिक शक्तियों का प्रयोग करते हुए वाटर सेस अधिनियम बनाया है। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश अजय मोहन गोयल की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई 16 अगस्त को निर्धारित की है।

उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट के समक्ष भारत सरकार के उपक्रमों और निजी विद्युत कंपनियों ने वाटर सेस अधिनियम को चुनौती दी है। एनटीपीसी, बीबीएमबी, एनएचपीसी और एसजेवीएनएल ने दलील दी है कि केंद्र और राज्य सरकार के साथ अनुबंध के आधार पर कंपनियां राज्य को 12 से 15 फीसदी बिजली मुफ्त देती हैं। इस स्थिति में हिमाचल प्रदेश वाटर सेस अधिनियम के तहत कंपनियों से सेस वसूलने का प्रावधान संविधान के अनुरुप नहीं है। 25 अप्रैल 2023 को भारत सरकार ने पाया था कि कुछ राज्य भारत सरकार के उपक्रमों पर सेस वसूल रहे है। भारत सरकार ने राज्य के सभी मुख्य सचिवों को हिदायत दी थी कि भारत सरकार के उपक्रमों से वाटर सेस न लिया जाए।इसके बावजूद भी राज्य सरकार केंद्र सरकार के निदेशों की अनुपालना नहीं कर रही है। इससे पहले प्रदेश में निजी जल विद्युत कंपनियों ने भी हिमाचल प्रदेश वाटर सेस अधिनियम को चुनौती दी है। निजी जल विद्युत कंपनियों ने आरोप लगाया गया है कि पनबिजली परियोजना पर वाटर सेस लगाया जाना संविधान के प्रावधानों के विपरीत है।

## भाजपा आईटी सेल चीफ के खिलाफ एफआईआर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय के खिलाफ कर्नाटक में एफआईआर दर्ज कराई गई है। मालवीय पर कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि उन्होंने राहुल गांधी का एनिमेटेड वीडियो शेयर कर उन्हें हिंदू संस्कृति और भारत के खिलाफ दिखाया है।

# कैबिनेट: गन्ना किसानों को मोदी सरकार का तोहफा

### खरीद मूल्य 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया, एफआरपी को 315 रुपये प्रति क्विंटल पर मंजूरी

सौगात

▶▶ पीएम ने किसानों को हमेशा प्राथमिकता दी है। उसी के तहत आज गन्ने के मूल्य में वृद्धि की गई है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने 2023-24 सीजन के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर 315 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने चीनी सीजन 2023-24 (अक्टूबर-सितंबर) के लिए 10.25 प्रतिशत की मूल रिकवरी दर के लिए गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) को 315 रुपये प्रति क्विंटल पर मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि 10.25 प्रतिशत से अधिक वसूली में प्रत्येक 0.1 प्रतिशत वृद्धि के लिए 3.07 रुपये प्रति क्विंटल का प्रीमियम और वसूली में प्रत्येक 0.1 प्रतिशत की कमी के लिए एफआरपी में 3.07 रुपये प्रति क्विंटल की कमी को भी मंजूरी दी गई। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों को हमेशा प्राथमिकता दी है। उसी के तहत आज गन्ने के मूल्य में वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि आज गन्ना किसानों को पूरा भुगतान हो रहा है। ठाकुर ने कहा कि इस फैसले से 5 करोड़ गन्ना किसानों और उनके आश्रितों के साथ-साथ चीनी मिलों और संबंधित सहायक गतिविधियों में कार्यरत 5 लाख श्रमिकों को लाभ होगा।



### कैबिनेट: केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पीएम प्रणाम योजना को मंजूरी दी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बुधवार** को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में पीएम प्रणाम योजना को मंजूरी दे दी गई। पीएम प्रणाम योजना का उद्देश्य रासायनिक उर्वरकों पर सब्सिडी के बोझ को कम करने के साथ साथ वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ाना देना है। इसके साथ केन्द्र सरकार अगले तीन साल में किसानों के कल्याण के लिए 3 लाख 70 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी।

## कैबिनेट : नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने देश में रिसर्च इको-सिस्टम को मजबूत करने के लिए संसद में नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एनआरएफ) बिल 2023 पेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज नेशनल रिसर्च फाउंडेशन बिल, 2023 को संसद में पेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। स्वीकृत विधेयक एनआरएफ की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करेगा जो अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) को बढ़ावा देगा और देश के विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, अनुसंधान संस्थानों और आर एंड डी प्रयोगशालाओं में अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देगा। संसद में मंजूरी के बाद विधेयक पांच वर्षों (2023-28) के दौरान 50,000 करोड़ रुपये की कुल



अनुमानित लागत पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की सिफारिशों के अनुसार देश में वैज्ञानिक अनुसंधान की उच्चस्तरीय रणनीतिक दिशा प्रदान करने के लिए एक शीर्ष निकाय एनआरएफ की स्थापना करेगा। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) एनआरएफ का प्रशासनिक विभाग होगा जो एक गवर्निंग बोर्ड द्वारा शासित होगा। इसमें विभिन्न विषयों के प्रख्यात शोधकर्ता और पेशेवर शामिल होंगे। एनआरएफ का दायरा व्यापक है, सभी मंत्रालयों को प्रभावित करता है। प्रधानमंत्री इसके बोर्ड के पदेन अध्यक्ष होंगे और केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री पदेन उपाध्यक्ष होंगे।

## यूनिफॉर्म सिविल कोड के समर्थन में आप




आप की राय

▶▶ सबकी सहमति से कानून बने; लॉ कमीशन के चेयरमैन बोले- लोगों से राय मांगी गई है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**यूनिफॉर्म** सिविल कोड का आम आदमी पार्टी ने समर्थन किया है। आप के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने कहा- हम यूसीसी का समर्थन करते हैं क्योंकि आर्टिकल 44 भी कहता है कि देश में यूसीसी होना चाहिए। हालांकि, इसके लिए सभी धर्म के लोगों, राजनीतिक पार्टियों और संगठनों से सलाह-मशविरा कर आम सहमति बनाई जानी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ले 27 जून को भोपाल में यूनिफॉर्म सिविल कोड देशभर में लागू करने की वकालत की थी।

इसके बाद कांग्रेस, असदुद्दीन आवैसी समेत विपक्षी पार्टियों ने भाजपा पर मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने की साजिश बताया था। मुस्लिम पर्सनल लॉ बॉर्ड ने भी मंगलवार को मीटिंग बुलाई और अपना पक्ष लॉ कमीशन के सामने रखने की बात कही। इधर, बुधवार को लॉ कमीशन के चेयरमैन जस्टिस ऋतुराज अवस्थी का भी बयान सामने आया।

### ओवैसी से लेकर थरूर तक ने दिए बयान

**असदुद्दीन** ओवैसी ने कहा, जब प्रधानमंत्री यूसीसी की बात करते हैं तो वह हिंदू नागरिक संहिता का जिक्र करते हैं। प्रधानमंत्री अनुच्छेद 29 को नहीं समझते हैं। यूसीसी के नाम पर देश की विविधता को कैसे छीना जा सकता है।

मुस्लिम मौलवियों की संस्था जेयूएच के सचिव, नियाज अहमद फारूकी ने कहा, यूसीसी पर पीएम के बयान लॉ कमीशन को प्रभावित कर सकते हैं। देश के प्रधानमंत्री होने के नाते, यह उनके कद के अनुरूप नहीं है।

## प्रिडेटर ड्रोन डील राफेल से बड़ा घोटाला: पवन खेड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी पिछले हफ्ते अमेरिका में थे। इस दौरान अमेरिका से 31 प्रिडेटर ड्रोन खरीदने की डील फाइनल हुई। कांग्रेस ने इस डील को राफेल से भी बड़ा घोटाला बताया है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- हम 31 प्रिडेटर ड्रोन 3.072 अरब अमेरिकी डॉलर यानी 25 हजार 200 करोड़ रुपए में खरीद रहे हैं। यानी हम एक ड्रोन 812 करोड़ रुपए में खरीद रहे हैं, जबकि डीआरडीओ इसकी 10 से 20 फीसदी कीमत में ही ये ड्रोन बना



सकता है।

**खेड़ा का आरोप- दोहरा रहे राफेल घोटाला:** खेड़ा ने कहा कि जो राफेल डील में हुआ था, वही प्रिडेटर ड्रोन की खरीद में दोहराया जा रहा है। जिस प्रीडेटर ड्रोन को दुनिया के बाकी देश चार गुना कम कीमत पर खरीद रहे हैं, उसे भारत अधिक कीमत पर खरीद रहा है। इस ड्रोन खरीद सौदे को 15 जून, 2023 को मंजूरी दी गई है। खेड़ा ने कहा कि मोदी सरकार राष्ट्रीय हितों को खतरे में डालने के लिए जानी जाती है, हमने राफेल सौदे में यह देखा है। सरकार ने 126 के बजाय केवल 36 राफेल जेट खरीदे।

आरोप

▶▶ एक ड्रोन 812 करोड़ रुपए में खरीद रहे हैं, डीआरडीओ इसकी 10 से 20 फीसदी कीमत में ही ये ड्रोन बना सकता है

## ताइवान ने कही भारत से मजबूत रिश्तों की बात

**टीम एक्शन इंडिया/ताइपे सिटी**

चीन से चल रहे विवाद के बीच ताइवान ने भारत से मजबूत रिश्तों की बात कही है। ताइवान के विदेश मंत्री जौशीह जोसेफ वू ने कहा है कि मुक्त व्यापार समझौते से ताइवानी कंपनियों को भारत में विनिर्माण के आधार पर उद्योग स्थापित करने के लिए बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। विदेश मंत्री जोसेफ वू ने कहा कि ताइवान अब अपनी उन कंपनियों को प्रोत्साहित कर रहा है जिनको चीन का बाजार लाभदायक नहीं लगता है। ताइवान ने ऐसी कंपनियों से कहा है कि उन्हें उत्पादन सुविधाओं के लिए अपना कारोबार भारत में स्थानांतरित करना चाहिए।

## 'चीन ने जानबूझ कर तैयार किया कोविड-19 जैसा जैविक हथियार'

**टीम एक्शन इंडिया/बीजिंग**

**पूरी दुनिया** में कोरोना की महामारी फैलाने के लेकर चीन पर तमाम आरोप लगते रहे हैं। अब चीन के ही वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी के एक शोधकर्ता ने दावा किया है कि चीन ने जानबूझकर कोविड-19 जैसा घातक जैविक हथियार तैयार किया। वुहान के शोधकर्ता चाओ शाओ ने चीन पर लोगों को संक्रमित करने का आरोप लगाया है। चौंकाने वाले खुलासे करते हुए चाओ शाओ ने कहा कि उनके एक सहयोगी शान चाओ के एक सीनियर ने उसे कोरोना वायरस के



चार प्रकार दिए थे और परीक्षण कर पता लगाने के लिए कहा था कि उनमें कौन से ज्यादा प्रभावशाली है। कौन से वायरस में अधिक से अधिक प्रजातियों को संक्रमित करने की क्षमता है और वायरस से मानव सहित अन्य प्रजातियों को संक्रमित करना कितना आसान है। चाओ शाओ ने कोरोना वायरस को जैव हथियार बताया और एक बड़ा दावा करते हुए कहा कि उनके कई सहयोगी वुहान में 2019 सैन्य विश्व खेलों के दौरान गुम हो गए थे। बाद में उनमें से एक ने बताया कि वह विभिन्न देशों से आए एथलीटों की जांच के लिए होटलों में गए थे।

दावा

▶▶ वुहान के शोधकर्ता चाओ शाओ ने चीन पर लोगों को संक्रमित करने का आरोप लगाया है

## मुंबई की सोसाइटी में बकरा लाने पर विवाद

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

**महाराष्ट्र** के मुंबई के मीरा रोड इलाके में विनय नगर सोसाइटी में एक परिवार दो बकरे ले आया। जैसे ही दो लोग बकरे लेकर लिफ्ट से निकले, तो लिफ्ट के पास लगे कैमरे में ये घटना कैद हो गई। वीडियो सामने आते ही सोसाइटी के नाराज लोगों ने प्रदर्शन किया। लोगों ने आरोप लगाया कि ये बकरे कुर्बानी देने के लिए लाए गए थे। पुलिस ने इस मामले में 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सोसाइटी के लोगों का कहना है कि सोसाइटी में नोटिस लगाया गया था कि बकरा लाने और कुर्बानी देने की इजाजत नहीं है।

इसके बावजूद दो लोग बकरे लेकर आए और लिफ्ट से उन्हें अपने घर ले गए।

## भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर पर जानलेवा हमला

**टीम एक्शन इंडिया/ सहारनपुर**

**उत्तर** प्रदेश में सहारनपुर के देवबंद इलाके में भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद पर जानलेवा हमला हुआ है। वह दिल्ली से अपने घर सहारनपुर के छुटमलपुर कस्बे जा रहे थे। हरियाणा नंबर की कार से आए हमलावरों ने चंद्रशेखर पर 4 राउंड फायरिंग की। गोली उनके पेट को छूते हुए निकल गई। फायरिंग में आजाद की कार के शीशे भी टूट गए हैं। सीसीटीवी फुटेज में गाड़ी का नंबर



HR-70D-0278 दिख रहा है। चंद्रशेखर को देवबंद के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। यहां से शुरूआती इलाज के बाद सहारनपुर के जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। यहां उन्हें एक्स-रे कराने के बाद ICU में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के बाहर समर्थकों की भीड़ लगी हुई है। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए दबिश देना शुरू कर दिया है। वहीं देर शाम चंद्रशेखर ने कहा कि सभी कार्यकर्ता शांति बनाए रखें और पुलिस प्रशासन का साथ दें। पुलिस जल्द ही हमलावरों को पकड़ लेगी। चंद्रशेखर भीम आर्मी के सह-संस्थापक और अध्यक्ष हैं। वह अंबेडकरवादी कार्यकर्ता और वकील हैं। आजाद, सतीश कुमार और विनय रतन सिंह ने 2014 में भीम आर्मी की स्थापना की थी।

हमला

▶▶ कार से आए हमलावरों ने की फायरिंग; पेट को छूते हुए निकली गोली, जांच जारी

## ऑपरेशन थिएटर में हिजाब नहीं, लॉन्ग स्लीव जैकेट पहनने दें



**टीम एक्शन इंडिया/तिरुवनंतपुरम**

**स्टूडेंट्स** ने लेटर में लिखा है कि उन्हें अपनी धार्मिक मान्यताओं के तहत हर समय अपना सिर ढंकना पड़ता है और ऑपरेशन थिएटर के अंदर हिजाब पहनना संभव नहीं है। इसलिए उन्हें इसके बदले लॉन्ग स्लीव जैकेट और सर्जिकल हुड पहनने दें। 2020 MBBS बैच के एक स्टूडेंट के लिखे लेटर में 2018 बैच, 2021 और 2022 बैच के 6 स्टूडेंट्स ने भी साइन किए हैं। वहीं कॉलेज के प्रिंसिपल ने कहा- स्टूडेंट्स की मांग पर एक्सपर्ट्स कमेटी विचार करने के बाद फैसला लेगी।

**प्रिंसिपल ने कहा- टीम तय करेगी मांग पूरी करना संभव है या नहीं:** प्रिंसिपल डॉ. लिनेट जे मॉरिस ने कहा कि 26 जून को हमें स्टूडेंट्स का लेटर मिला है। वह इस मुद्दे पर चर्चा के लिए सर्जनों और इंफेक्शन कंट्रोल टीम की एक कमेटी बनाएंगी। टीम तय करेगी कि स्टूडेंट्स की मांग पूरी कर पाना संभव है या नहीं। हालांकि प्रिंसिपल ने छात्राओं को समझाया है कि स्क्रब जैकेट के साथ ओटी में जाना कितना मुश्किल हो सकता है क्योंकि हर बार जब वे ओटी में एंट्री लेते हैं तो उन्हें कोहनी तक अपने हाथों को साफ करना और इंफेक्शन फ्री करना होता है। इसके बाद गाउन पहनना होता है। इसलिए लंबी आस्तीन पहनने में समस्या हो सकती है। मॉरिस ने कहा कि ऑपरेशन थिएटर में हम जर्म्स फ्री वातावरण सुनिश्चित करने के लिए ग्लोबल स्टैंडर्ड फॉलो करते हैं। इसलिए मैं उनकी मांग पर कोई फैसला लेने की स्थिति में नहीं हूं।

प्रतिबद्धता — मुख्यमंत्री ने स्टेट अलाइड एंड हेल्थकेयर काउंसिल के ऑनलाइन पंजीकरण एवं नवीनीकरण पोर्टल का शुभारम्भ किया

## ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट का मानदेय 10 हजार से बढ़ाकर 20 हजार हुआ

इन्फ्यूजन

▶▶ प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण पर कांसेप्ट पेपर तैयार किया जा रहा है

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इन्दिरा गांधी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय आईजीएमसी शिमला में आयोजित अलाइड हेल्थ साइंस स्टूडेंट्स के वार्षिक समारोह इन्फ्यूजन-2023



के अवसर पर स्टेट अलाइड एंड हेल्थकेयर कॉउन्सिल के नवनिर्मित ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं नवीनीकरण पोर्टल का शुभारम्भ किया। इस कॉउन्सिल का गठन हिमाचल प्रदेश पैरामेडिकल कॉउन्सिल का पुनर्गठन करके किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण पर कांसेप्ट पेपर तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में आउटसोर्स आधार पर कार्यरत ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट का मानदेय 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 20 हजार रुपये करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आउटसोर्स आधार पर कार्यरत पैरामेडिक्स के अन्य वर्गों का मानदेय भी बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पोर्टल की मदद से हजारों अलाइड हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स को बहुआयामी लाभ मिलेंगे। प्रोफेशनल्स घर बैठे इस पोर्टल के माध्यम से काउंसिल में नए रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन, रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण, अनापत्ति प्रमाण पत्र, आवेदन तथा अन्य सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह परियोजना अलाइड हैल्थकेयर प्रोफेशनल्स के सुधार के लिए तकनीक का उपयोग करने की प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### 'डिजिटल शक्ति से संपन्न समाज में बदलने में सहायता मिलेगी'

**ई-गवर्नेंस** की महत्वकांक्षी परियोजनाओं को पूरा करने और राज्य को डिजिटल शक्ति से संपन्न समाज में बदलने में सहायता मिलेगी। यह पोर्टल वेरिटोस इन्फोसोलूशन्स एडवांस टेक्नोलॉजी की मदद से बहुत ही सहज और प्रभावशाली ढंग से तैयार किया गया है।

## 2017 में सिद्धारमैया ने विरोध से डरकर प्रोजेक्ट रोका: शिवकुमार

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**

**कर्नाटक के** डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा है, 'जब सिद्धारमैया पिछली बार कर्नाटक के मुख्यमंत्री बने थे, तो उन्होंने डर के चलते एक प्रोजेक्ट को रोक दिया था, मैं होता तो उसे पूरा करता।' शिवकुमार ने बेंगलुरु के संस्थापक केंपेगौड़ा की जयंती के मौके विधानसभा में यह बयान दिया। उन्होंने कहा, 'मेरे पास टनल और फ्लाई-ओवर का निर्माण कराने की कई रिक्वेस्ट आती हैं। कई प्रोजेक्ट्स में चुनौतियों का सामना भी करना पड़ता है। 2017 में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और तत्कालीन बेंगलुरु डेवलपमेंट मिनिस्टर केजे जॉर्ज शहर में स्टील फ्लाईओवर के खिलाफ प्रदर्शन से डर गए थे।

# राज्यपाल ने रेडक्रॉस के माध्यम से अनाथ बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान की

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**राज्यपाल** शिव प्रताप शुक्ल ने गत दिवस को मंडी में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में छह बच्चों को जिला रेडक्रॉस के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान की। ये बच्चे कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान अनाथ हो गए थे। उन्होंने रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से स्वच्छता कर्मियों को स्वास्थ्य किट और दिव्यांग व्यक्तियों को व्हील चेयर भी प्रदान की। इस अवसर पर राज्यपाल ने एक एम्बुलेंस को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लाभार्थियों और रेडक्रॉस स्वयं सेवकों के साथ बातचीत करते हुए राज्यपाल ने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में यह



अग्रणी संस्था है। विभिन्न परिस्थितियों और आपातकालीन समय में लोगों को महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करने में इस रेडक्रॉस का सराहनीय योगदान है। उन्होंने रेडक्रॉस के माध्यम से रक्तदान शिविरों के आयोजन, स्वास्थ्य शिविरों तथा आपदा प्रबंधन सहित विभिन्न गतिविधियों के क्रियान्वयन पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भी रेडक्रॉस स्वयं सेवकों ने बहुमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने अधिक

**मदद**

**8 वित्तीय सहायता प्रदान की। ये बच्चे कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान अनाथ हो गए थे**

से अधिक लोगों का जिला रेडक्रॉस सोसायटी से जुड? का आह्वान किया ताकि इसकी गतिविधियों को और अधिक विस्तारित किया जा सके। उन्होंने कहा कि एनसीसी और एनएसएस के विद्यार्थियों को भी इससे जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कोविड-19 के कारण अनाथ हुए सरकाघाट के कुशल कुमार और विशाल तथा जोगिंदरनगर के अंश दीप को 51-51 हजार रुपये और करसोग की कुमारी ममता देवी और जोगिंदरनगर की परी रानी और सोफि या को 75-75 हजार रुपये के चेक प्रदान किए। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव ओपी भाटिया ने राज्यपाल का स्वागत किया और जिले में कार्यान्वित की जा रही सोसाइटी की विभिन्न गतिविधियों से अवगत करवाया। लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल, विधायक अनिल शर्मा और पूर्ण चंद, उपायुक्त अरिंदम चौधरी, प्रशासनिक अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इससे पहले राज्यपाल ने परिधि गृह मंडी के परिसर में देवदार तथा लेडी गवर्नर ने आंवले का पौधा रोपित किया।

## समृद्ध और प्रबुद्ध लोग स्वेच्छा से जुड़ें रैडक्रॉस के साथ

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

**राज्यपाल** शिव प्रताप शुक्ला ने प्रदेश के समृद्ध और प्रबुद्ध लोगों से रेडक्रास सोसायटी के साथ स्वेच्छा से जुड? की अपील की है ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों की मदद की जा सके। यह अपील उन्होंने आज मंडी जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा सर्किट हाउस मंडी में आयोजित समारोह के दौरान की। राज्यपाल ने कहा कि हमारे समाज में बहुत से लोग हैं जो सामर्थ्यवान हैं और यह दूसरों की मदद कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सबका साथ सबका विकास का नारा दिया है। यह नारा तभी फ लीभूत हो सकता है जब सभी मिलकर चलें और एक-दूसरे की



मदद करें। इस दौरान उन्होंने जिला के 20 स्वच्छता कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया और हाईजीन किटें और 12 दिव्यांगों को व्हील चेयरें भी बांटी। इसके साथ ही कोरोना काल में अनाथ हुए जिला के 6 बच्चों को एफ डी के पत्र भी वितरित किए। इसमें बेटियों के नाम 75 हजार जबकि बेटों के नाम 51 हजार की एफडी की गई है। वहीं, राज्यपाल ने रेडक्रास की निशुल्क एम्बुलेंस सेवा को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह एम्बुलेंस गरीब लोगों के लिए उपलब्ध रहेगी। राज्यपाल ने इससे पहले अपनी पत्नी सहित सर्किट हाउस परिसर में देवदार और आम्बले का पौधा भी लगाया। इस मौके पर उनके साथ मंडी सदर के विधायक अनिल शर्मा, द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर, डीसी मंडी अरिंदम चौधरी, एडीसी मंडी निवेदिता नेगी और रेडक्रास सोसायटी के सचिव ओपी भाटिया सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# 8 गांव प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम विकास योजना के तहत शामिलः उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**जनजातीय** जिला लाहौल स्पीति के 8 गांव को प्रधानमंत्री आदर्श गांव में शामिल किया गया है। इन गांव में लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्य योजना तैयार की की गई है। उपायुक्त जिला लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित बनाने को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों व संबंधित गांव के पंचायत प्रधानों के साथ केलांग मुख्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता



करते हुए कहा की जिला लाहौल स्पीति के 8 गांव को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में शामिल किया गया है, जिसमें उपमंडल केलांग के गांव केलंग, उपमंडल उदयपुर के शकोली, तिन्दी, मॅडग्राम, उदयपुर, त्रिलोकीनाथ तथा स्पीति उपमंडल के काजा सोमा व मारंगो रंगरिक दो गांव को चिन्हित कर लोगों को मूलभूत सुविधाएं जुटाने के लिए कार्य योजना तैयार की गई है।

# 'आधार पंजीकरण-अपडेशन की परिपूर्णता के लिए उठाए जाएं आवश्यक कदम'

## लोग आधार कार्ड के साथ अपना मोबाइल नंबर अवश्य करवाएं लिंक

टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद

उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में बुधवार को अंराष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के सम्मेलन कक्ष में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त अपूर्व देवगन ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिला में आधार पंजीकरण और अपडेशन की परिपूर्णता को हासिल करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने 0 से 5 साल और 5-15 आयु वाले शेष बचे बच्चों के बायोमैट्रिक अपडेट की परिपूर्णता



के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को सामान्य सेवा केंद्रों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कदम उठाने को कहा। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को सलूणी में आधार पंजीकरण के लिए टेबलेट उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए। आधार अपडेशन की प्रक्रिया में तेजी लाने को बल देते हुए उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को विशेष कार्य योजना तैयार कर लोगों को बायोमैट्रिक अपडेट के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा। उन्होंने कहा कि लोगों को समय पर बायोमैट्रिक अपडेट कर विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ लेने के प्रेरित के लिए व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित बनाया जाए। उन्होंने उपमंडल भरमौर में आधार सेवा केंद्र स्थापित करने को भी कहा। उन्होंने लोगों से आह्वान भी किया कि सभी लोग आधार कार्ड के साथ अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी अवश्य लिंक करें। उन्होंने कहा कि लोग अधिकृत आधार केंद्रों में ही अपना पंजीकरण और आधार कार्ड की अपडेशन करवाएं। उपायुक्त ने कहा कि लोग अधिकृत आधार केंद्रों में 0 से 5 साल तक के बच्चों के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थापित केंद्र, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्थापित केंद्र में पंजीकरण करवा सकते हैं।

इसके अलावा बैंक, डाकघर, सामान्य सेवा केंद्रों, भारत संचार निगम लिमिटेड के द्वारा स्थापित केंद्रों, सूचना एवं प्रौद्योगिक विभाग द्वारा संचालित केंद्रों में आधार पंजीकरण या अपडेशन करवा सकते हैं।

**न्यूज फ्लैश**

## वी बिजनेस ने एमएसएमई के विकास में मदद करने के लिए लॉन्च किया रैडी फॉर नेक्स्ट 2.0

**शिमला:** विश्व एमएसएमई दिवस के मौके पर आज भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया की एंटरप्राइज शाखा वी बिजनेस ने अर्थव्यवस्था के समावेशी विकास के लिए एक बार फिर से एमएसएमई के डिजिटलीकरण की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।वी बिजनेस ने भारत के एमएसएमई सेक्टर का सबसे बड़ा मूल्यांकन किया जिसके तहत 16 उद्योगों से तकरीबन 1 लाख उत्तरदाताओं को कवर किया गया वी बिजनेस ने एमएसएमई की डिजिटल तैयारियों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। एमएसएमई की डिजिटल परिपक्वता एवं डिजिटल अडॉप्शन के उनके स्तर को समझना इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य है।इन 16 उद्योगों में मीडिया एवं एंटरटेनमेन्ट,मैनुफैक्चरिंग,आईटी एवं आईटीईएस,शिक्षा,लॉजिस्टिक्स,पेशेवर सेवाएं,बैंकिंग, निर्माण,खनन आदि शामिल हैं।360 डिग्री रैडी फॉर नेक्स्ट 2.0 प्रोग्राम के लॉन्च के साथ इन पहलुओं को कवर किया जाएगा अनलॉकिंग एमएसमई ग्रोथ इनसाईट्स, एमएसएमई को टेक्नोलॉजी अपनाने में मदद करने के लिए डिजिटल स्व मूल्यांकन के टूल्स को अपग्रेड करना और उन्हें विकसित होने में मदद करने के लिए एक्सक्लुजिव एमएसएमई ऑफर्स. इन सभी प्रयासों के साथ वी बिजनेस ने इस सेगमेन्ट में विकास पर अपने फोकस को और अधिक सशक्त बना लिया है। अरविंद नेवातिया,चीफ एंटरप्राइज बिजनेस ऑफिसर वोडाफोन आइडिया ने कहा लघु एवं मध्यम उद्योग भारत के जीडीपी में लगभग 30 फीसदी योगदान देते हैं। इस सेक्टर में तेजी से डिजिटलीकरण हुआ है लेकिन फिर भी महामारी के बाद डिजिटल मैच्योरिटी इंडैक्स मात्र 55 से 60 फीसदी बना हुआ है।हमारा मानना है कि टेक्नोलॉजी टूल्स के द्वारा एमएसएमई अपनी विकास की क्षमता का सही लाभ उठा सकते हैं और देश की अर्थव्यवस्था में और भी अधिक योगदान दे सकते हैं।

## मोहित चैहान, श्रेया घोषाल, मोनाली ठाकुर आदि द्वारा गाए गए गीतों के साथ म्यूजिक एलबम टीकू वेड्स शेरू लॉन्च हुआ

**चंडीगढ़:** अमेजॉन प्राईम वीडियो के साथ गठबंधन में सोनी म्यूजिक ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी और अवनीत कौर अभिनीत टीकू वेड्स शेरू के म्यूजिक एलबम का अनावरण कर दिया है। रोमांटिक, रैप, और डांस ट्रैक्स के शानदार मिश्रण के साथ इस मधुर एलबम के बोल शैली और साई कबीर ने लिखे हैं। साई कबीर ने संगीतकार गौरव चटर्जी के साथ मिलकर इस एलबम को कंपोज भी किया है।जहाँ इस एलबम के गीत, तुमसे मिलके और इंतजार था आपके दिल को छू लेंगे, वहीं मेरी जान-ए-जां गीत पर आपके कदम स्वयं थिरकने लगेंगे। टीकू वेड्स शेरू संगीत की एक ऐसी ट्रीट है, जिसमें सभी के लिए कुछ न कुछ है। गौरव चटर्जी ने कहा, ह्यह्यइस एलबम की रचना बड़े प्रेम के साथ की गई है, इसके हर पहलू में हमने अपना हृदय और भावनाओं को उतार कर रख दिया है। हर ट्रैक में अपना अद्वितीय सार है, और हमने सुनिश्चित किया है कि हर संगीतप्रेमी को अपनी पसंद इसमें मिले।

# हमीरपुर की सर्व जनहित कल्याकिारी संस्था ने उठाया लोक सेवा का बीड़ा

टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ

सर्व जनहित कल्याणकारी संस्था पुतडियाल तहसील नादौन जिला हमीरपुर हि.प्र. ने लोक सेवा का बीड़ा उठाया है जोकि लगभग एक वर्ष से अभि तक पुतडियाल पंचायत के अंतर्गत बडी ही ईमानदारी और सेवा भावना से कार्य कर रही है सभी ईलाका वासियों ने मिल कर इस संस्था का निर्माण किया है। संस्था सभी इलाका वासियों से प्रार्थना करती है कि लोक सेवा हेतु आगे आएं। संस्था द्वारा दी जा रही सुविधाएं व



मुख्य उद्धेश्य इस प्रकार है। गरीब लोगों की हर प्रकार की सहायता करना । इलाके में किसी की अचानक मृत्यु पर उसी समय वितीय सहायता प्रदान करना।

# टाहलीवाल सडक हादसे में युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**थाना** हरोली के तहत टाहलीवाल में 21 वर्षीय युवक की सडक हादसे में मौत हो गई हैं। मृतक की पहचान मुनीष कुमार पुत्र हरि कृष्ण निवासी सतोषगढ़ के रुप में हुई हैं। पुलिस ने शव का क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि मुनीष कुमार निवासी सतोषगढ़ नैस्ले उद्योग में कार्यरत्त है। मंगलवार देर रात्रि मनीश कुमार अपनी मोटरसाईकल पर फैक्टरी जा रहा था। इसी दौरान मुनीष कुमार की बाईक आवारा पशु से टक्कर हो गई। हादसे में लहुलूहान हालत में मुनीष को उपचार के लिए सीएचसी संतोषगढ़ लाया गया, जहां से गंभीर हालत में क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रेफर कर दिया।

जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जॉव ओरिएन्टेड ट्रेनिंग एंव प्लेसमेंट ड्राईव आईटीआई ऊना में 30 को

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी। आईटीआई ऊना** में उद्यमि सहयोग परिषद गुरूग्राम एवं वोल्कस वैगन ग्रुप एकैडमी के सयुंक्त तत्वाधन में 30 जून को सुबह 9.30 बजे एक जॉव ओरिएंटेड ट्रेनिंग एंव प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानाचार्य आईटीआई ऊना बलराम सिंह ढिल्लों ने बताया कि इस ट्रेनिंग एंव प्लेसमेंट ड्राईव में मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, आटो इलैक्ट्रिकल, इलैक्ट्रॉनिक्स इलैक्ट्रीशियन व इलैक्ट्राम्निकस व्यावसायों के प्रशिक्षु भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस ड्राईव में अभ्यार्थियों की पहले लिखित परीक्षा ली जाएगी। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यार्थियों का उसी दिन साक्षात्कार होगा। सभी प्रक्रियाओं में सफल अभ्यार्थियों को वोल्कस वैगन ग्रुप एकैडमी द्वारा प्रथम चार महीने निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा प्रशिक्षण के दौरान केवल प्रशिक्षुओं के ठहरने व खाने का प्रबंध कंपनी द्वारा निःशुल्क किया जाएगा। प्रधानाचार्य ई. बलराम सिंह ढिल्लों ने आईटीआई में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं से भी प्रस्तावित ट्रेनिग एंव प्लेसमैंट ड्राईव का बढ़चढ़ कर लाभ उठाने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि यह ट्रेनिंग एवं प्लेसमैंट ड्राईव उपरोक्त व्यावसायों के फ्रैशर आईटीआई प्रशिक्षुओं के लिए निर्धारित है।

# किन्नौर जिला विकास के हर क्षेत्र पर अग्रसरः जगत सिंह नेगी

**जनजातीय**

**8 जिससे प्रदेश के युवाओं को नवीन कौशल प्रदान कर रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे**

**टीम एक्शन इंडिया/ किन्नौर/ अनिल**

**राजस्व, बागवानी** एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने गत दिवस को जिला किन्नौर के पूह विकास खंड की ग्राम पंचायत ज्ञाबुंग के रूश्कलंग गांव का दौरा कर स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने इस अवसर पर जनसभा को



सम्बोधित करते हुए कहा जनजातीय जिलों के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। इसके दृष्टिगत जहां रूश्कलंग गांव में तालिंग पुल के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाएगी वहीं साइफोन के कार्य को भी शीघ्र पूर्ण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र की आबादी को यातायात के सफर में लगने वाले समय से निजात मिलेगी तथा उनकी नकदी फसलों को मण्डी तक पहुँचाने में भी समय की बचत होगी। उन्होंने कहा की जिला किन्नौर में नदी किनारे स्थित गांव जैसे रूश्कलंग, स्पिलो, रिस्पा इत्यादि गांव में भूमि कटाव की रोकथाम के लिए ततिकरण के कार्य के लिए विस्तृत योजना तैयार कर मामला केंद्र को भेजा जाएगा जिसके लिए संबंधित विभाग को निर्देश जारी कर दिए जाएंगे। जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि जिला किन्नौर को विकास की दृष्टि से हर क्षेत्र में अग्रणी जिला बनाने के लिए वह दिन-रात प्रयासरत हैं। जिला में हर क्षेत्र में विकास किया जा रहा है साथ ही अब हिमाचल सरकार द्वारा प्रदेश सहित जनजातीय जिला के युवाओं को कौशल से जोडकर स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि गत दिवस ही प्रदेश सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के माध्यम से विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए 15 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। इससे युवाओं के लिए निःशुल्क पाठ्यक्रमों में 4000 सीटें उपलब्ध होंगी। कौशल उद्योग कीआवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण पर हिमाचल सरकार विशेष बल दे रही है। इसके अंतर्गत नवीन कार्यक्रमों की पहल की गई है जिससे प्रदेश के युवाओं को नवीन कौशल प्रदान कर रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

पूर्व अराजपत्रित महासंघ किन्नौर के अध्यक्ष ओम प्रकाश नेगी ने इस अवसर पर स्वागत संबोधन दिया तथा ग्राम कांग्रेस समिति के अध्यक्ष कर्म सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

# नशीली दवाइयों के दुरुपयोग के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

बाल संरक्षण अधिकारी रमा कंवर ने आज यहां जानकारी देते हुए बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्तर्गत जिला व बाल संरक्षण इकाई शिमला द्वारा नशीली दवाइयों के दुरुपयोग व अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय पखवाड़ा दिवस के उपरान्त राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लक्कड़ बाजार शिमला में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ दीपा राठौर मनोवैज्ञानिक दीन दयाल उपाध्याय क्षेत्रीय अस्पताल शिमला द्वारा डब्ल्यूएचओ द्वारा



निर्धारित थीम पीपल फर्स्ट स्टॉप स्टिग्मा एंड डिस्क्रिमिनेशन स्ट्रेंग्थेन एंड प्रिवेंशन के अंतर्गत बच्चों को नशे के दुरुपयोग के व बुरे प्रभाव के बारे में अवगत करवाया तथा इसकी रोकथाम की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को चिटा, भांग तथा शराब इत्यादि के दुष्प्रभाव से अवगत करवाया। उन्होंने अभिभावकों का बच्चों के साथ व बच्चों को अभिभावकों के साथ अधिक से अधिक समय बिताने व दिनभर की सभी गतिविधियों को एक-दूसरे से सांझा करने व खेलकूद व योग इत्यादि को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का परामर्श दिया। पुलिस विभाग से देवेंद्र मेहता ने नशे के बारे में कानूनी प्रावधान व इसकी तस्करी के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि हम किस तरह इस नशे से खुद को बचा सकते हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने दोस्तों की बुरी संगत को त्यागने व अपने जीवन में किसी भी प्रकार के उतार.चढ़ाव में मानसिक परेशानी होने पर अपने अभिभावकों के साथ व अध्यापकों के साथ जानकारी सांझा करने का सुझाव दिया। मनोज सहगल, परामर्शदाता जिला बाल संरक्षण इकाई शिमला ने पॉक्सो एक्ट और जेजे एक्ट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त परामर्श केन्द्र, उपायुक्त कार्यालय शिमला कमरा नंबर-6 में प्रत्येक बुधवार को परामर्श लेने के बारे में भी जानकारी दी।

## मजारा में वृद्ध दंपति को दी जान से मारने की धमकी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। थाना** ऊना के तहत मजारा में वृद्ध दंपति के साथ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया हैं। मारपीट में घायल दंपति को उपचार के लिए सीएचसी संतोषगढ़ में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गांव के ही दंपति पर मामला दर्ज कर लिया हैं। पुलिस को दी शिकायत में राम कुमार निवासी मजारा ने बताया कि संजीव कुमार निवासी मजारा व उसकी पत्नी लितीका अक्सर घर में आकर गाली-गलोच करते हैं।

# समर कैंप के दौरान बच्चें पहुंचे हेयर मास्टर ऊना



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी।**

**किडजी** प्री स्कूल ऊना में चल रहे समर कैंप के दौरान बुधवार बच्चों ने हेयर मास्टर ऊना का भ्रमण किया। हेयर मास्टर ऊना में बच्चों को सजना संवरना सिखाया गया। ग्रुमिंग क्लासेस में सभी बच्चों को हेयर स्टाइल व खुद को साफ और स्वच्छ रखने के बारे में बताया गया। इस मौके पर बहुत से बच्चों ने पहले से सीखी हुई ग्रुमिंग क्लासेस में सीखे हुए तरीकों को सभी बच्चों के साथ साझा किया।

# 'पार्टी का कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा है'

## मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम पार्टी के लिए बेहतरीन कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

**संवाद**

8 भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में पार्टी के बूथ को मजबूत करने का शानदार काम किया जा रहा है



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**हिंदू आश्रम** में आज मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी का संवाद सुना। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे और.मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के तहत पार्टी कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में पार्टी के बूथ को मजबूत करने का शानदार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी देश की एकमात्र ऐसी पार्टी है जहां कार्यकर्ताओं का सम्मान होता है और खुद प्रधानमंत्री कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करते है। उन्होंने कहा कि पार्टी का कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा है और भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। राजीव बिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री का सीधा संवाद सुनने के लिए हिमाचल प्रदेश से 34 कार्यकर्ता चयन के बाद भोपाल गए हैं इसके बाद राजस्थान में इन कार्यकताओं का 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा जो पार्टी को मजबूत दिशा की तरफ ले जाएगा। बेहतरीन कार्य करने वाले कार्यकताओं को किया सम्मानित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिन्दल द्वारा आज पार्टी के बेहतरीन कार्य करने वाले कार्यकताओं को आज सम्मानित भी किया गया उन्होंने बताया की इस मौके पर प्रकाश जेन, ओपी सैनी शोभा, मोहिनी गुप्ता, प्रतिभा कौशिक, विनय गुप्ता, जगदीश, राकेश गर्ग, देवेंद्र अग्रवाल को सम्मानित किया गया।

# देश की 'ग्रीन सिटी' बनने की ओर अग्रसर शिमलाः मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला**

**हिमाचल** की हरित ऊर्जा राज्य की परिकल्पना को साकार करने के दृष्टिगत राज्य सरकार शिमला शहर और उसके आसपास पर्याप्त चार्जिंग बुनियादी अधोसंरचना निर्मित करने के लिए प्रयासरत है। शहर में ई-बसों के सुचारू संचालन के लिए कई अग्रगामी प्रयास किए जा रहे हैं ताकि शिमला को देश की ग्रीन सिटी बनाया जा सके। इस पहल को आगे बढ़ाते हुए हिमाचल पथ परिवहन निगम ने शिमला शहर में संचालित 70 ई-बसों के लिए पांच नए चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन चार्जिंग स्टेशनों के लिए ट्रांसफ र्मर स्थापित करने के दृष्टिगत निगम द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड के पास लगभग 3.63 करोड़ रुपये की राशि जमा करवा दी गई है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल पथ परिवहन निगम की 1500 से अधिक बसों के बेड़े को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक बसों से बदला जाएगा और इसके लिए पर्याप्त चार्जिंग और अन्य संबद्ध बुनियादी ढांचा तैयार किया जा रहा है।शिमला में तारादेवी, टूटीकंडी क्रॉसिंग, लालपानी, जुन्गा और ठियोग में नए चार्जिंग प्वाइंट स्थापित किए जाएंगे। इससे शिमला शहर के 40 किलोमीटर के दायरे में संचालित की जा रही बसों को पर्याप्त चार्जिंग सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा, ढली में स्थापित 1,000 केवी, चार्जिंग स्टेशन की क्षमता को भी बढ़ाकर 2,000 केवी, किया जाएगा। राज्य बिजली बोर्ड अब इन सभी चार्जिंग स्टेशनों के लिए ट्रांसफ र्मर उपलब्ध करवाएगा। ट्रांसफ र्मर स्थापित होते ही ई-बस चार्जर स्थापित कर दिए जाएंगे। नए चार्जिंग स्टेशन स्थापित होने के बाद शहर के 40 किलोमीटर के दायरे में ई-बसों का संचालन सुचारू हो जाएगा। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत, शिमला शहर को हाल ही में 20 ई-बसें प्रदान की गई हैं, जिससे इनकी संख्या 50 से बढकर 70 हो गई है। इनमें से छः बसें न्यू शिमला और संजौली सेक्टर को प्रदान की गई हैं और आठ बसें बस स्टैंड क्षेत्र को प्रदान की गई हैं। एचआरटीसी ने अतिरिक्त नई इलेक्ट्रिक बसें खरीदने के लिए टेंडर भी जारी कर दिए हैं।

## न्यूज फ्लैश

### 29 जून से 02 जुलाई तक मंडी जिला में मौसम खराब रहने का पूवार्नुमान

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री। मौसम** विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा 29 जून से 02 जुलाई तक मंडी जिला के कई स्थानों पर वर्षा, तेज हवाएं एवं बिजली चमकने की येलो चेतावनी जारी की है। इस चेतावनी के दृष्टिगत जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त अरिंदम चौधरी ने लोगों से 29 जून से 02 जुलाई तक उपरी/पहाड़ी भागों में जाने से परहेज करने एवं अपने घरों में सुरक्षित स्थानों पर रहने का आग्रह किया है। उपायुक्त ने जिला के पंचायत प्रधानों, गैर सरकारी संगठनों, ट्रैकर्स एवं नागरिकों से भी अनुरोध किया है कि वे इस बारे लोगों को जानकारी प्रदान करें ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने आग्रह किया कि आपदा की स्थिति में सहायता के लिए पर्यटक व आम नागरिक जिला आपदा प्रबंधन परिचालन केंद्र के दूरभाष नम्बर 1905-226201, 202, 203, 204 अथवा टोल फ्री नम्बर 1077 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### मानसून की पहली बरसात ने नगर निगम को पंचायत नूकसान :दीपाली

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री। नगर निगम** मंडी द्वारा मासिक बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक की अध्यक्षता महापौर दीपाली जसवाल ने की। बैठक में उपमहापौर, नगर निगम आयुक्त सहित पार्षदों ने भी इस बैठक में अपने सुझाव रखे और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। नगर निगम महापौर दीपाली जसवाल ने बताया कि बैठक में सबसे पहले पिछली बैठक की कार्यवाही रिपोर्ट ली गई जिसमे कुछ कार्य लंबित है और कुछ नियमित रूप से जारी है। दीपाली जसवाल ने बताया कि मानसून के चलते भारी नुकसान का सामना नगर निगम क्षेत्र को करना पड़ा जिससे निपटने के लिए आईपीएच विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग व विद्युत विभाग के साथ गहन चर्चा की गई जिसमे उनसे भी मानसून के प्रभाव से बचने के सुझाव लिए गए। उन्होंने बताया कि हाल ही में नगर निगम मंडी पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 28 लाख के करीब जुमार्ना लगाया गया है जिसपर पार्षदों द्वारा सुझाव दिए गए कि किस प्रकार कूड़ा प्रबंधन को बेहतर बनाया जा सकता है और जुमार्ने को भी अदा करने पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि पटवारियों की समयावधि में भी बढ़ोतरी की गई जोकि समाप्त हो चुकी थी। इसी के साथ विकास कार्यों पर भी चर्चा की गई।

### तकनीकी विवि: पांच जुलाई से शुरू होगी काउंसलिंग प्रक्रिया

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने नए सत्र में स्नातक और स्नातकोत्तर विषयों में प्रवेश लेने के लिए काउंसलिंग शेड्यूल जारी किया है। तकनीकी विवि ने बी फामेर्सी व बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) सहित अन्य यूजी व पीजी विषयों की काउंसलिंग को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। काउंसलिंग शेड्यूल के अनुसार बी फामेर्सी (डायरेक्ट एंट्री) की काउंसलिंग प्रक्रिया पांच जुलाई से शुरू होगी। पांच जुलाई को बैकवर्ड एरिया, डिफेंस और खेल कोटे के तहत काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के दस्तावेज जांच होगी। 10 व 11 जुलाई को बी फामेर्सी (डायरेक्ट एंट्री) की पहले चरण की काउंसलिंग होगी। बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) जेईई मेन के आधार पर पहले चरण की काउंसलिंग 12 व 13 जुलाई को होगी, जबकि एचपीसीईटी के आधार पर बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) की काउंसलिंग 14 व 15 जुलाई को आयोजित की जाएगी। बीसीए, बीबीए, बीएचएमसीटी, बीएससी एचएमसीटी की काउंसलिंग सात जुलाई को होगी। एमबीए, एमबीए (पर्यटन), एमटेक, एमसीए के पहले चरण की काउंसलिंग 23 जुलाई को आयोजित की जाएगी। पीजी डिप्लोमा योग में प्रवेश के लिए काउंसलिंग का आयोजन 22 जुलाई को किया जाएगा। वहीं, बी आर्क के लिए पहले चरण की काउंसलिंग 25 जुलाई को राजीव गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज नगरोटा बगवां की आयोजित की जाएगी। बी फामेर्सी (लेटरल एंट्री) की काउंसलिंग 26 जुलाई को होगी। बीटेक (लेटरल एंट्री) की काउंसलिंग 31 जुलाई को होगी। तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव ने कहा कि स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए काउंसलिंग शेड्यूल जारी कर दिया है। सभी अभ्यर्थियों से आग्रह है कि काउंसलिंग प्रक्रिया का शेड्यूल तकनीकी विवि की वेबसाइट पर देख लें। जिस श्रेणी और पात्रता के आधार पर अभ्यर्थी काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेना चाहता है।

# लग्जरी बस सेवा अभी शिंकुला के लिए नहीं होगी शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**

**पर्यटन** निगम की लग्जरी बस सेवा अभी शिंकुला के लिए शुरू नहीं होगी। नालों में आई बाढ़ से दो जगह सडक क्षतिग्रस्त हो गई है। बीआरओ द्वारा तैयार सडक टूट गई है। बीआरओ ने वैकल्पिक मार्ग तो बनाया है लेकिन हालात खराब होने के चलते वाहनों को आर पार होने करवाने में दिक्कत हो रही है। बीआरओ ने हालांकि इस जगह पुल निर्माण का कार्य भी शुरू कर दिया है लेकिन अभी सभी को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। पर्यटन निगम ने बस बारालाचा दर्रे के लिए तो जून के



शुरू में ही बस सेवा शुरू कर दी थी। शिंकुला के लिए बस सेवा शुरू करने को बीआरओ ने मंगलवार को ट्रायल किया लेकिन सडक खराब होने के चलते निगम का ट्रायल सफल नहीं रहा है। सडक ठीक होते ही निगम शिंकुला के लिए बस सेवा शुरू करेगा।पर्यटन निगम के सहायक प्रबन्धक रामपाल ने बताया कि निगम ने शिंकुला के लिए लग्जरी बस सेवा का ट्रायल किया जो सडक ठीक न होने के चलते सफ ल नहीं रहा। सडक की हालत सुधरते ही बस सेवा शुरू कर दी जाएगी। दूसरी ओर अप्रैल व मई में भी हिमपात का क्रम जारी रहने से इस बार शिंकुला दर्रा बर्फ से ढका हुआ है। शिंकुला दर्रे में जून महीने में भी झील जमी हुई है। पर्यटकों का ग्रुप जंस्कार पहुंचाकर बापस लौटे मनाली के चालक दोरजे, सोनम व नरेंद्र ने बताया कि शिंकुला के पास दो जगह सडक खराब है। उन्होनें कहा की वाहन फोर व्हील होने के कारण उन्हें दिक्कत नहीं हुई। उन्होंने बीआरओ से आग्रह किया कि शिंकुला के पास खराब सडक को जल्द ठीक किया जाए। बीआरओ अधिकारी ने बताया कि दारचा पद्दुम सडक की हालत सुधारी जा रही है।

# प्रदेश सरकार के उदासीन रवैये के चलते पर्यटन व्यवसाय को भारी नुकसानः गोविंद ठाकुर



**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**

**पूर्व शिक्षा मंत्री** गोविंद ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार के उदासीन रवैये के कारण इस साल रोहतांग दर्रा देरी से पर्यटकों के लिए खोला गया। स्थानीय जन प्रतिनिधि और प्रशासन प्रभावी ढंग से मामला नहीं उठा पाए। इस वजह से मनाली के पर्यटन को भारी नुकसान हुआ है। सीजन की समाप्ति के दौरान जून महीने के दूसरे सप्ताह में रोहतांग दर्रा बहाल हुआ। होटल कारोबारी, टैक्सी ऑपरेटरों और अन्य पर्यटन कारोबारियों को सरकार की गलती के कारण नुकसान उठाना पड़ा है। भाजपा शासनकाल में रोहतांग दर्रा मई महीने में ही पर्यटकों के लिए खोल दिया जाता था। गोविंद ठाकुर मनाली में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा शासनकाल के पांच सालों में एक भी प्रदर्शन नहीं हुए। टैक्सी ऑपरेटरों, होटलियरों व अन्य कारोबारियों के साथ मिलबैठकर समस्याएं सुलझाई जाती थी। लेकिन, कांग्रेस सरकार के सत्ता में आते ही टैक्सी ऑपरेटरों को मजबूरन धरने पर बैठना पड़ा। सरकार ऑपरेटरों की समस्या का समाधान नहीं कर पाई तो ऑपरेटर दो जून को भूतनाथ मंदिर के समीप प्रदर्शन पर उतरे। प्रशासन के अधिकारी उनके साथ वार्ता को पहुंचे और समझौता हुआ। बावजूद इसके 11 टैक्सी ऑपरेटरों पर मामले दर्ज हुए। यह निंदनीय है। वह इसका कड़ा विरोध करते हैं। इस एफ आईआर में जो धाराएं लगाई गई है, उस पर भी पूर्व शिक्षामंत्री ने सवाल उठाए। उनके अनुसार जान से मारने की धमकी देना, दंगा फ साद, अपराध को अंजाम देने से संबंधित धाराएं लगाना सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार भाजपा शासनकाल में शुरू की गई योजनाओं का श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस नेता कोई एक ऐसी योजना बताएं जिसे वह स्वयं लेकर आए हो। मनाली शहर के लिए बनी सीवरेज योजना भी उनके कार्यकाल में ही स्वीकृत हुई है। इसका बाकायदा पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने शिलान्यास भी किया है। उस दौरान इसके लिए 162 करोड़ मंजूर हुए थे।

# 22.75 करोड़ में नीलाम हुई इंडियन टेक्नोमैक कंपनी की संपत्तियां

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**हाईकोर्ट** के आदेशों के बाद पांवटा साहिब के जगतपुर स्थित इंडियन टेक्नोमैक कंपनी की संपत्तियां तय रिर्जव प्राईज से बढकर नीलाम हुई। काराधान विभाग ने कंपनी की नीलामी के सूचीबद्ध संपत्तियों का न्यूनतम आरक्षित मूल्य 21.09 करोड़ रुपये तय कर रखा था। नीलामी में विभाग ने 22.5 कारोड़ रुपए में नीलाम हुई है। गौरतलब है कि 6000 करोड़ के बहुचर्चित महा घोटाले में फ ंसी इंडियन




टेक्नोमैक कंपनी की आज चौथी बार नीलामी हुई है। कराधान विभाग के ज्वांइट कमीशनर जीडी ठाकुर ने बताया कि इसी साल 18 जनवरी को कंपनी की संपत्तियों 6,36 करोड़ में नीलाम किया जा चुका है। ठाकुर ने बताया कि आज कंपनी संपतियों की नीलामी में केवल 7 लॉट की नीलामी हुई है जबकि अभी शेष 10 लॉट की नीलाम होना बाकि है।

## मुख्यमंत्री ने सडक दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज जिला शिमला के रामपुर उपमंडल में कलेरा मझेवटी के निकट शालून कैंची में एक कार दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया है। सूचना के अनुसार इस सडक दुर्घटना में चार लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय प्रशासन को प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस

# मक्की की फसल में फॉल आर्मीवर्म के प्रकोप के प्रति सावधान रहें किसान

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**कृषि विभाग** ने जिला के किसानों को मक्की की फ सल में लगने वाले 'फ ॉल आर्मीवर्मइ के प्रति आगाह किया है। विभाग के उपनिदेशक अतुल डोगरा ने बताया कि इस कीट ने पिछले वर्ष मक्की की फ सल को काफी नुक्सान पहुंचाया था। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि वे अपने खेतों की नजदीकी से निगरानी करते रहें और फ ॉल आर्मीवर्म के लक्षण दिखने पर तुरंत विभागीय अधिकारियों से संपर्क करें। उपनिदेशक ने बताया कि इस कीट की सुंडी अवस्था नुकसानदायक है तथा



यह फ सल की सभी अवस्थाओं में क्षति पहुंचाती है। नवजात सुडियां समूह में पत्तों के हरे पदार्थ को एक तरफ से खाती हैं जिससे पत्तों में पतले सफेद कागज जैसे चकत्ते तथा छोटे-छोटे छिद्र बन जाते हैं। बड़ी सुंडियां प्रायः एक या दो की संख्या में पौधे के पर्ण चक्रों में घुसकर पत्तों को खाती हैं जिससे पत्तों में बड़े छिद्र हो जाते हैं। पत्तों में व पर्ण चक्रों में सुंडियों की बीठ व बुरादे जैसा भूरे रंग का पदार्थ भी देखा जा सकता है। बाद की अवस्था में सुंडियां भुट्टे के अंदर घुसकर दानों को भी खाती हैं। अतुल डोगरा ने बताया कि इस कीट के प्रभावी प्रबंधन के लिए आरंभ से ही कीट-निगरानी के साथ-साथ कीट नियंत्रण के विभिन्न उपायों को एक समेकित प्रणाली के रूप में अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस कीट के प्रकोप से बचने के लिए मक्की की बिजाई हमेशा अगेती करें या समय पर करें। बीज का उपचार साईएण्ट्रानिलीप्रोल 19.8 प्रतिशत और थायामेथोग्जाम 19.8 प्रतिशत 6 मिली प्रति किलोग्राम बीज की दर से किया जा सकता है।

फसल के बीच में अरहर, लोबिया और माश इत्यादि फ सलें लगाने से भी इस कीट को नियंत्रित किया जा सकता है। बिजाई के तुरंत बाद कीट की निगरानी के लिए फैरोमॉन ट्रैप लगाएं, अंडों के समूहों व शुरू की अवस्था की सुंडियों को इक्ा करके यांत्रिक तरीकों से नष्ट करें।

यदि फैरोमन ट्रैप में एक पतंगा प्रति ट्रैप प्रतिदिन मिलता है या 5 प्रतिशत पौधों में क्षति के लक्षण हैं तो फ सल में नीम के बीज की गिरी का अर्क (5 प्रतिशत एनएसकेई) 5 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से छिडकाव करें। यदि एक से अधिक पतंगे प्रति ट्रैप प्रतिदिन पाए जाते हैं तो पतंगों को नष्ट करने के लिए अधिक संख्या में ट्रैप का इस्तेमाल करें।

# 'सुक्खू के नेतृत्व में बनी, हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है'

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**भाजपा प्रदेश** अध्यक्ष डॉ राजीव बिन्दल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार जो सुखविन्द्र सुक्खू के नेतृत्व में बनी, हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। सर्दी के महीनो में होने वाली बरसात मार्च के महीने तक नहीं हुई जिसके कारण हिमाचल प्रदेश के किसानों और बागवानों को भारी नुकसान हुआ। सभी जिलाधीशों को सरकार द्वारा निर्देश किए कि फ सलों के नुकसान का आंकलन करे परन्तु किसान, बागवान को



राहत के नाम पर कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि अप्रैल का महीना आते-आते हवा, आंधी, तूफ ान के साथ बरसात और ओलावृष्टि हुई जो बची हुई फ सलें थी, उनको भी भारी नुकसान पहुंचा, परन्तु उस नुकसान की भरपाई के लिए भी कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने किसानों, बागवानों की कोई मदद नहीं की। डॉ. बिन्दल ने कहा कि किसान, बागवान सिर्फ सडकों के किनारे लगे हुए हजारों-लाखों बड़े-बड़े होर्डिंग्स को देखता रह गया जिस पर लिखा है 'सुख की सरकार, नया दौर सुख की सरकार। जहां बागवान किसान को राहत के नाम पर ठेंगा।

## भटोली कॉलेज के समीप सट्टा लगाते युवक काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। थाना ऊना** के तहत भटोली कॉलेज के समीप से एक व्यक्ति को सट्टे संग काबू किया हैं। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। जानकारी के मुताबिक मंगलवार देर रात्रि ऊना पुलिस भटोली कॉलेज के समीप गश्त कर रही थी। गुप्त सुचना के आधार पर पुलिस ने विनय कुमार निवासी अजौली को सट्टे संग काबू किया हैं। पुलिस ने विनय कुमार से 2140 रुपये की नकदी बरामद की हैं। एसपी ऊना अर्जित सेन ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने विनय कुमार के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया हैं।

# धर्मशाला में आईसीसी वर्ल्ड कप के 5 मैच होना हुए निर्धारित

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में आईसीसी वर्ल्ड कप के 5 मैच होना निर्धारित हुए हैं हिमाचल प्रदेश एक छोटा प्रदेश है उसके बावजूद प्रदेश को 5 मैच यहां आयोजित करने की मेजबानी का मौका मिला है। इसका सारा श्रेय केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं मंत्री भारत सरकार अनुराग सिंह ठाकुर आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल को जाता है। यह बात सुजानपुर भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी विनोद ठाकुर ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही दोनों भाजपा नेता ने कहा कि यह केंद्रीय मंत्री के प्रयास



थे कि पहाड़ी प्रदेश होने के बावजूद उन्होंने हिमाचल की धर्मशाला की हसीन वादियों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण करवाया यहां सफलतम क्रिकेट मैच आईपीएल मैच करवाएं लेकिन धर्मशाला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की चमक लगातार बढ़ती रहे पूरे विश्व में इसकी गूंज हो इसके लिए उन्हीं के नक्शे कदम पर चलते हुए अनुराग के छोटे भाई अरुण धूमल ने उस काम को बखूबी निभाया है आईपीएल चेयरमैन होने के नाते उन्होंने इस वर्ष हाल ही में 2 आईपीएल के सफल मैच धर्मशाला स्टेडियम में करवाए और इस विश्व के सबसे खूबसूरत स्टेडियम की पहचान एक बार फि र से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करवाई उन्हीं सफल मैचों के दम पर अब एक बार फिर से इस खूबसूरत स्टेडियम को आईसीसी वर्ल्ड कप के पांच मैच करवाने की मेजबानी का मौका मिला है।

5 मैच हिमाचल के धर्मशाला स्टेडियम में होंगे जिससे यहां प्रदेश एक बार फि र से विश्व पटल पर अपनी छाप छोड़ेगा वही हिमाचल में पर्यटन एवं रोजगार की दृष्टि से खूब चहल.पहल होगी व्यापारीक गतिविधियां बढ़ेंगी लोगों के रोजगार के अवसर मिलेंगे। तमाम बातों का सारा श्रेय केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और आईपीएल चेयरमैन के साथ-साथ क्रिकेट बोर्ड के तमाम पदाधिकारियों को जाता है जिन्होंने इस खूबसूरत स्टेडियम में मैच करवाने का मौका दिया।

# पात्र व्यक्तियों को समय पर ऋण प्रदान करने में वित्तीय संस्थानों की भूमिका महत्वपूर्ण"

**अध्यक्षता**

**8 अग्रणी बैंक यूको बैंक द्वारा निर्धारित जिला सलाहकार समीति की 171वीं त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता की**



**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**उपायुक्त सोलन** मनमोहन शर्मा ने कहा कि लक्षित वर्गों की आर्थिकी को मजबूती प्रदान करने और पात्र व्यक्तियों को समय पर ऋण प्रदान करने में वित्तीय संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मनमोहन शर्मा यहां जिला के अग्रणी बैंक यूको बैंक द्वारा निर्धारित जिला सलाहकार समीति की 171वीं त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि व्यक्तिगत एवं सामाजिक स्तर पर आर्थिकी को सुदृढ़ करने में बैंक सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि जिला के आमजन तक वित्तीय योजनाएं पंहुचाने के लिए सशक्त एवं प्रभावी प्रचार सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला के गांव.गांव में वित्तीय योजनाओं के प्रचार के लिए जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि जन-धन खाते में आधार व मोबाइल सीडिंग निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने भविष्य में बैंकर्स से लाभार्थियों की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने कृषि तथा पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल बीमा तथा पशु बीमा करवाने के लिए किसानों को प्रेरित करें ताकि लाभार्थियों को समय पर इस योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल अनुसार ग्राम स्तर पर लघु प्रसंस्करण संयत्र स्थापित करने की सम्भावनाएं तलाशी जाएं ताकि किसानों की आर्थिकी मजबूत करने में सहायता मिल सके। मनमोहन शर्मा ने जिला में कार्यरत विभिन्न बैंकों को निर्देश दिए कि लम्बित पड़े ऋण मामलों को शीघ्र निपटाएं। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग स्थापित करने के लिए प्राप्त आवेदनों का पात्रता अनुसार ऋण शीघ्र स्वीकृत किया जाना चाहिए ताकि युवा उद्यमी समय पर लाभ प्राप्त कर अपना व्यवसाय आरम्भ कर सकें। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह ऋण सम्बन्धी मामलों के अविलम्ब निपटारे के लिए बैंकों के साथ समन्वय स्थापित करें। उपायुक्त ने कहा कि कृषि क्षेत्र में प्रसंस्करण के माध्यम से उत्पाद की शेल्फ लाईफ बढ़ान की दिशा में कार्य किया जाना आवश्यक है। इस दिशा में यूको आरसेटी को कृषि व्यवसाय से सम्बन्धित प्रशिक्षण कार्यक्रम आरम्भ करने की सम्भावनाएं तलाशनी चाहिएं। यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान यूको आरसेटी को ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने चाहिएं जो युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्रदान कर सकें। यूको आरसेटी को विभिन्न विभागों से बेहतर समन्वय स्थापित कर पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण शिविर तथा केसीसी मेलों का आयोजन समय-समय पर करते रहना चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण लोग लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विभिन्न उत्पादों के बेहतर विपणन में आकर्षक पैकेजिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि यूको आरसेटी को ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यान्वित करने चाहिएं जो विपणन एवं आकर्षक पैकेजिंग की जानकारी दे सकें। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं से आग्रह किया कि प्राप्त जानकारी का उपयोग कर ऐसे विशिष्ट उत्पाद तैयार करें जो विभिन्न स्तरों पर अपनी अलग पहचान बना सकें। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता के साथ पैकेजिंग भी आवश्यक है। भारतीय रिजर्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक भरत राज आनंद ने बैंकों को समय-समय पर जारी होने वाले दिशा.निर्देशों की जानकारी दी तथा इनकी अनुपालना का आग्रह करते हुए सभी बैंक अधिकारियों से खंड स्तरीय कार्यशाला तथा प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। बैठक में जिला अग्रणी बैंक यूको बैंक की प्रबंधक तमन्ना मोदगिल द्वारा मुख्य अतिथि तथा बैठक में आए अधिकारियों का स्वागत करते हुए जानकारी दी गई कि जिला में 31 मार्च, 2023 तक प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत 02 लाख 06 हजार 868 खाते खोले गए हैं। इन खातों में 13 हजार 345 लाख रुपए जमा हुए हैं।

# शूलिनी को संयुक्त रूप से देश का नंबर-1 निजी विश्वविद्यालय का दर्जा दिया

**नंबर वन**

**8 चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के साथ निजी विश्वविद्यालयों में नंबर एक स्थान पर रखा गया है**



**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**टाइम्स हायर** एजुकेशन (टीएचई) द्वारा देश में संयुक्त रूप से नंबर 1 निजी विश्वविद्यालय का दर्जा दिए जाने के बाद, शूलिनी यूनिवर्सिटी ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट साइंसेज ने क्वाक्वेरेली साइमंड्स क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2024 के तहत वही स्थान हासिल किया है।बुधवार को लंदन में दुनिया की सबसे अधिक कंस्लटिड यूनिवर्सिटी रैंकिंग द्वारा जारी रैंकिंग के अनुसारए शूलिनी यूनिवर्सिटी को चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के साथ निजी विश्वविद्यालयों में नंबर एक स्थान पर रखा गया है।उच्च शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग के लिए टीएचई और क्यूएस दोनों को ग्लोबल गोल्ड स्टैंडर्ड माना जाता है।दुनिया की सबसे अधिक कंसीटेड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के 20वें एडिशन ने शूलिनी यूनिवर्सिटी को 771-780 ब्रैकेट में दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों में और कुल मिलाकर भारत में 20 वें रैंक पर रखा है।पिछले साल, जबकि शूलिनी यूनिवर्सिटी और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, दोनों 15 वर्ष से कम पुराने थे, 801-1000 के ब्रैकेट में शामिल थे। सुस्थापित पंजाब यूनिवर्सिटी को 1201-1400 ब्रैकेट में स्थान दिया गया थाए जिसे इस बार 1001-1200 ब्रैकेट में स्थान दिया गया है।इंडियन इंस्टीट्यूट टेक्नोलॉजी, बॉम्बे ने भारत में पहला स्थान हासिल किया है, उसके बाद आईआईटी दिल्ली और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस का स्थान है।

# घालूवाल में 67 हजार का सामान लेकर चोर हुआ फरार

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**पुलिस थाना** हरोली के तहत घालूवाल में एक घर से हजारों रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने घर मालिक की शिकायत पर अज्ञात शातिर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सुषमा देवी निवासी घालूवाल ने बताया कि वह अपने दो बेटों के साथ घर में अकेली रहती हैं। उसके पति काम के सिलसिले पिछले लंबे समय से कुवैत में रहते हैं।

**जांच जारी**

**8 डीएसपी हरोली मोहन ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी हैं**

सुषमा देवी ने बताया कि मंगलवार देर शाम जब अपने दोनों बेटों के साथ घर पहुंची, तो पाया कि घर के एक कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। कमरे का सारा सामान भी बिखरा हुआ था। सुषमा ने बताया कि अंदर जाकर देखने पर पाया कि लॉकर से बच्चों की दो गुलक, तीन स्मार्ट वॉच के अलावा 25 हजार रुपये की नकदी घर से गायब थी। महिला ने बताया कि शातिर नें घर से 67 हजार का सामान चुराकर फरार हुए हैं। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी हैं।

# कुटलैहड़ युवा कांग्रेस ने महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ की आवाज बुलंद

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**



**कुटलैहड़** युवा कांग्रेस ने मंहगाई व बेरोजगारी के खिलाफ आवाज को बुलंद किया हैं। बुधवार को कुटलैहड़ युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मुनीष बैंस की अध्यक्षता में कार्यकताओं ने तहसीलदार बंगाणा के माध्यम से राष्ट्रपति को महंगाई व बेरोजगारी के विरुद्ध ज्ञापन सौंपा। कुटलैहड़ युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मुनीष बैंस ने कहा कि देश में मंहगाई दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। गैस सिलेंडर के दामों में भी बेतहाशा वृद्धि होती जा रही हैं, लेकिन केंद्र सरकार 9 वर्ष पूरे होने पर जश्न मनाने में मग्न है। बैंस ने कहा कि केंद्र सरकार आए दिन पैट्रोल व डीजल के दामों में अपनी मनमर्जी से बढ़ोतरी करती जा रही हैं, जिसके कारण देश की आम जनता आर्थिक स्थिति से उभर नहीं पा रही हैं। दालों के दाम भी आसमान छू रहे हैं, जिसके चलते लोग घर में दाल बनाने से पहले दस बार सोचते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हर वर्ष देश के 2 करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वायदा किया था, लेकिन 9 वर्ष बीत जाने के बाद भी 2 करोड़ को नौकरी नहीं दिला पाए।

# 'मुकेश अग्निहोत्री पूरे प्रदेश में जाबांज नेता के रूप में उभरे'

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी कुटलैहड़।** कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका, जिला कांग्रेस के महासचिव प्रवीण शर्मा, उपाध्यक्ष गोपाल सैणी, महासचिव अशोक कुमार, जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष बलविन्दर सिंह, अभिषेक शर्मा व विजय आंगरा ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री द्वारा हरोली से नशे के खिलाफ शुरू किए अभियान की सराहना की। बुधवार को जारी ब्यान में कांग्रेस कार्यकताओं ने कहा कि मैराथन दौड़ में बच्चों, महिला व बुजुर्गो ने हिस्सा लेकर नशे के विरुद्ध प्रचार किया और मुकेश अग्निहोत्री के नेतृत्व को अपना पूरा समर्थन दिया।

# विजेता टीमों को पारितोषिक देकर किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**



**लोक निर्माण** व युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रामपुर क्योंथल में छात्रों की तीन दिवसीय खंड स्तरीय अंडर 14 खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता की विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि हारने वाले बच्चे निराश न हो और खूब मेहनत करें ताकि वह आगामी प्रतियोगिता में विजेता बन सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा में गुणवत्ता लाने के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्प है। स्कूलों में भी बच्चों को नशा करने से रोकने के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं तथा सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं की ओर प्रेरित किया जा रहा है ताकि बच्चे अपना उज्ज्वल भविष्य बना सके। उन्होंने कहा कि शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय का नया भवन बनाने में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह का बहुत बड़ा योगदान रहा है। जो सुविधाएं अन्य स्कूलों को मिल रही है वही सुविधाएं इस स्कूल के बच्चों को भी मिले इसके लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने स्कूल मैदान के विस्तारीकरण के लिए 3 लाख रुपएए स्कूल की चारदीवारी के लिए 5 लाख रुपए तथा खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को 21 हजार रुपए देने की घोषणा भी की। उन्होंने स्थानीय पंचायत प्रधान द्वारा रखी गई सभी मांगों को चरणबद्ध तरीके से पूर्ण करने का अ श्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि हर गांव को सडक सुविधा देना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि तारादेवी शगीन संपर्क सडक अति महत्वपूर्ण सडक है इसे रामपुर क्योंथल सडक से जोडा जाएगा, यदि ग्रामीणएजिनकी जमीन सडक सर्वे में आ रही है और वह जमीन नहीं देते, तो दोनो सडकों को आपस में जोडने के लिए जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा ताकि स्थानीय पंचायत रामपुर क्योंथल सहित बागी, जाठियादेवी, जुबड़हटी, धमून वासियों को इस सडक का लाभ मिल सके।

# युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने स्टील उद्योग का किया शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/राजन पुरी**

**जिला** ऊना युवा कांग्रेस अध्यक्ष राघव राणा ने बुधवार को अंब में चौधरी धनी राम स्टील अद्योग का शुभारंभ करते हुए। युकां अध्यक्ष राघव राणा ने स्टील उद्योग के शुभारंभ पर प्रबंधकों को बधाई दी। इस मौके पर राघव राणा की माता अनुसुया रानी, तनुज ठाकुर, प्रदीप भाटिया व राकेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# जोगिंदर नगर आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/ जोगिंद्रनगर/ संगराय**

**राजकीय** ओद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर में नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आईटीआई की प्रधानाचार्य नवीन कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया की जुलाई-2023 तक आवेदक ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं।उन्होंने बताया की इस बार ओद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्र नगर में कुल 324 सीटें भरी जाएगी। जिसमें इंजीनियरिंग ट्रेड की 168 सीटें और नॉन इंजीनियरिंग ट्रेड की 156 सीटें भरी जाएगी। राजकीय ओद्योगिक



प्रशिक्षण संस्थान जोगिंदरनगर में चल रहे ट्रेड कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट की 48 सीटें व बेसिक कोस्मेटोलोजी की 24 सीटें व सविंग टेक्नोलॉजी की 20 सीटें व ड्रेस मेकिंग की 20 सीटें व एम्ब्रोडरी ट्रेड की 20 सीटें व प्लम्बर की 48 सीटें व इलेक्ट्रीशियन ट्रेड की 40 सीटें व मोटर मेकेनिक व्हीकल ट्रेड 24 की सीटें व फिटर ट्रेड की 40 सीटें ऑनलाइन भरी जाएगी द्य

**परीक्षा**

**8 प्रधानाचार्य ने जानकारी देते हुए बतया की जुलाई-2023 तक आवेदक ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं**

अभ्याथीयों को सुझाव दिया जाता है की ऑनलाईन आवेदन से पहले वैबसाईट पर उपलब्ध प्रोस्पेक्टस का अच्छी तरह से अवलोकन व अध्ययन कर ले । प्रवेश संबधित किसी भी जानकारी के लिए 1800-180-8027 पर प्रत्येक कार्य दिवस को प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक संपर्क कर सकते है । प्रवेश संबधित किसी भी जानकारी के लिए आप संस्थान के ऑनलाइन हेल्प डेस्क के इंचार्ज लव जम्वाल के साथ संपर्क दुरभाष नंबर 8219913204 पर कर सकते हैं।

# हिमाचल में दो जुलाई तक बारिश का अलर्ट, 47 सड़कें बंद

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून की सक्रियता से बारिश का दौर जारी है। राज्य के विभिन्न भागों में बुधवार को जमकर बारिश हुई। राजधानी शिमला में दिन में तीन घण्टे मूसलाधार बारिश हुई, जिसका सामान्य जनजीवन पर असर देखा गया। मौसम विभाग ने आगामी चार दिन राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी बरसात की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि दक्षिणी-पश्चिमी मानसून की सक्रियता की वजह से बारिश से फिलहाल राहत मिलने के आसार नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य के मैदानी एवं मध्यपर्वतीय इलाकों में आगामी दो जुलाई तक गरज के साथ बारिश का येलो अलर्ट रहेगा। उन्होंने पर्यटकों व स्थानीय लोगों को आगाह किया है कि वे भूस्खलन संभावित इलाकों और नदी-नालों के किनारों के समीप न जाएं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य भर में भूस्खलन के कारण बुधवार को 47 सड़कें बंद रहीं।

# शराब तस्करी के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

**कुल्लू:** कुल्लू पुलिस ने शराब के अवैध कारोबार करने वालों पर कड़ी कार्रवाई अम्ल में लाते हुए शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। शराब तस्करी का मामला उस दौरान सामने आया जब पुलिस ने एक गाड़ी तथा नई पिकअप गाड़ी में शराब अंग्रेजी, देसी वा बीयर बरामद हुई। पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने बताया कि दोनों गाड़ियों से रॉयल स्टैग 156 बोतल, 240 बोतल देसी शराब संतरा, 168 बोतल बीयर बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी जोनू मसीह पुत्र कालू राम निवासी गांव व डाकघर नग्गर, गोविन्द राम पुत्र केबू राम निवासी गांव परगाणु डाकघर व तहसील भून्तर व मोती राम पुत्र ज्ञान चन्द निवासी गांव छुनार डाकघर बछूट तहसील बंजार के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# मंडी जिला में 66694 किसान क्रेडिट कार्ड जारी

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी।** जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की एडीएम मंडी अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में कांफ्रेंस हाल, मंडी आयोजित की गई। बैठक में उपमंडल प्रमुख पंजाब नेशनल बैंक अजीत कुमार पटनायक, एलडीएम संजय कुमार, डीडीएम नाबार्ड राकेश वर्मा, सरकारी विभागों के प्रमुख, बैंकों के डीसीओ एवं अन्य सम्बंधित संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अश्वनी कुमार ने बताया कि बैंको ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत लगातार वृद्धि दर्ज कि है तथा मार्च 2023 तिमाही के अंत तक कुल 66694 किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जा चुके हैं। एडीएम अश्वनी कुमार ने सभी बैंको को ऋण जमा अनुपात में उत्तरोत्तर वृद्धि करने का निर्देश दिया। वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत मार्च तिमाही तक जिले में 3839.37 करोड़ का ऋण वितरण किया गया जो की निर्धारित लक्ष्य 3950 करोड़ का 97.20 प्रतिशत रहा संजय कुमार अग्रणी जिला प्रबंधक ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए सभा को सम्बोधित किया एवं सभी बैंकों एवं विभागों के पदाधिकारियों से अनुरोध किया कि आपसी सामंजस्य के साथ वार्षिक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये मिल कर काम करें।

**वितरण**

**8 वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत मार्च तिमाही तक जिले में 3839.37 करोड़ का ऋण वितरण किया गया**

# संयुक्त बाल श्रम बचाव अभियान के तहत जेल रोड़ मंडी से रेसक्यू किए दो नाबालिग श्रमिक

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**



**अतिरिक्त** जिला दंडाधिकारी मंडी के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली द्वारा प्रस्तावित बाल श्रम उन्मूलन अभियान जो 30 जून तक चलाया जा रहा है के तहत विभिन्न विभागों के सांझाधारकों द्वारा एक संयुक्त बाल श्रम बचाव अभियान में बुधवार को अस्पताल रोड़ए जेल रोड़ व स्कूल बाजार आदि में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा दबिश दी गई। इस दौरान इस संयुक्त टीम के बचाव अभियान में मंडी के जेल रोड़ स्थित एक फास्ट फूड व एक मिठाई की दुकान से दो नाबालिग श्रमिकों को रेसक्यू किया गया। दोनों नाबालिगों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश करने पर समिति के आदेशानुसार आवश्यक बांछित दस्तावेज प्राप्त होने तक खुला आश्रय गृह मंडी रखने के आदेश दिए गए। इस संयुक्त समिति में जिला बाल संरक्षण इकाई मंडी से विधि, परिविक्षा अधिकारी रमा कुमारी, काउंसलर हर्ष लता, आउटरीच वर्कर होम कृष्ण, बाल कल्याण समिति सदस्य पूनम कुमारी, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण से सतीश कुमार, श्रम निरीक्षक रविकांत, चाइल्ड हेल्प लाइन सदस्य सविता, पुष्पेंद्र व चिराग शामिल रहे। संयुक्त बाल श्रम बचाव अभियान टीम ने सभी होटल, ढावा, फ ास्ट फू ड दुकान अन्य व्यावसायिक संस्थान संचालकों अपने श्रमिकों का पंजीकरण करवाने व उनका पूरा ब्यौरा रखने के आदेश दिए।

## न्यूज फ्लैश

### टाटा एआईए ने व्हाट्सएप्पयूपीआई के जरिए प्रीमियम के भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई

**गुरुग्राम।** 'कंज्यूमर ऑब्सेशन' के अपने मूल्य को सुदृढ़ करने के लिए, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए) ने व्हाट्सएप्प और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस के माध्यम से डिजिटल भुगतान की शुरूआत की है। उद्योग में पहली बार उपलब्ध यह सुविधा व्हाट्सएप और यूपीआई–सक्षम भुगतान विकल्पों के माध्यम से तत्काल प्रीमियम भुगतान की सहूलियत प्रदान करती है। यह नया भुगतान विकल्प बीमा उद्योग में अपनी तरह का पहला विकल्प है। इस कुशल, निर्बाध प्रक्रिया के जरिए उपभोक्ता डिजिटल रूप से प्रीमियम का भुगतान करने और त्वरित प्रीमियम भुगतान की पुष्टि और पावती प्राप्त कर सकते हैं। यह तकनीकी और गैर–तकनीक–प्रेमी दोनों ही उपभोक्ताओं के लिए उपयोग में आसान है। यह परेशानी मुक्त प्रीमियम भुगतान अनुभव भी प्रदान करता है। इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए, टाटा एआईए के कार्यकारी उपाध्यक्ष और संचालन प्रमुख, संजय अरोड़ा ने कहा, "टाटा एआईए में, हम अपने पॉलिसीधारकों को उनके पसंदीदा तरीकों का उपयोग करके सुविधाजनक, परेशानी मुक्त प्रीमियम भुगतान विकल्प प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा प्रौद्योगिकी से लैस बॉटम–अप दृष्टिकोण, हमें अपने उपभोक्ताओं की जरूरतों को समझने और अपनी सेवाओं में लगातार सुधार करने की अनुमति देता है। व्हाट्सएप्प और पेयू के सहयोग से निर्मित इन–हाउस इंटेलिजेंट प्लेटफॉर्म के लिए धन्यवाद, हमने उपभोक्ता अनुभव को बेहतर बनाने और उनके लेन–देन को अधिक आसान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।"टाटा एआईए ने अपने नवीनीकरण प्रीमियम संग्रह में सुधार के लिए एनालिटिक्स–संचालित, डेसील आधारित दृष्टिकोण अपनाया है। कंपनी ने कई डिजिटल मोड के माध्यम से नवीनीकरण प्रीमियम संग्रह को सक्षम किया है और अपनी भाषा क्षमता को 5 भाषाओं – अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, गुजराती और बंगाली तक बढ़ाया है। 'व्हाट्सएप्प' और एसएमएस सेवाओं के माध्यम से संचार अभियान को एडोब आधारित अभियान प्रबंधन प्रणाली का उपयोग करके स्वचालित किया गया है, जिससे कंपनी व्यवहार का अध्ययन करने और संचार चैनलों को उचित रूप से संशोधित करने में सक्षम हो गई है।

### कल्याण ज्वैलर्स ने की हरियाणा में अपने चौथे शोरूम के लॉन्च की घोषणा

**करनाल।** भारत के सबसे भरोसेमंद और अग्रणी आभूषण ब्रांडों में से एक कल्याण ज्वैलर्स ने करनाल में अपना पहला शोरूम लॉन्च करने की घोषणा की। करनाल में दयाल सिंह कॉलोनी – कुंजपुरा रोड पर स्थित इस ब्रांड न्यू शोरूम का उद्घाटन 30 जून (शुक्रवार) को शाम 6 बजे बॉलीवुड स्टार मलैका अरोड़ा करेंगी। हरियाणा राज्य में कंपनी का यह चौथा शोरूम होगा। वर्तमान में हिसार, गुरुग्राम और गुरुग्राम में गोल्ड सूक में कल्याण ज्वैलर्स के शोरूम हैं।
कंपनी इस क्षेत्र में अपने ब्रांड फुटप्रिंट और अपने कामकाज का लगातार विस्तार कर रही है, ताकि विकास की राह पर आगे बढ़ने में मदद मिल सके और हरियाणा में लोगों के लिए ब्रांड तक पहुंचना पहले से अधिक आसान हो सके। करनाल के शोरूम में कल्याण ज्वैलर्स की ज्वैलरी कलैक्शन कीएक विस्तृत रेंज के डिजाइन शोकेस किए जाएंगे। आभूषणों को एक विश्व स्तरीय माहौल में प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि ग्राहकों को खरीदारी का एक शानदार अनुभव हासिल हो सके। नए शोरूम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कल्याण ज्वैलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री रमेश कल्याणरमन ने कहा, ह्यह्यहमें इस बात की खुशी है कि हम अब करनाल में भी अपने कदम रखने जा रहे हैं। करनाल हरियाणा राज्य के प्रमुख बाजारों में से एक है। इस क्षेत्र में नया निवेश हरियाणा राज्य में हमारी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। हमारा मानना है कि करनाल में जबरदस्त क्षमताएं हैं, जिनका अभी पूरी तरह इस्तेमाल नहीं हुआ है। हमें यकीन है कि करनाल के शोरूम के जरिये हम इस क्षेत्र में विकास की अपनी रफ्तार को और तेजी से आगे बढ़ा सकेंगे।

### फिजिक्स वाला के नीट बैचेज ने रिकॉर्ड तोड़ कामयाबी हासिल की

**पंचकूला** : फिजिक्स वाला, भारत का अग्रणी एड–टेक प्लेटफॉर्म, जो बड़े पैमाने पर शिक्षा को सुलभ बना रहा है, ने नीट यूजी परिणाम 2023 में उत्कृष्ट सफलता हासिल की है।पीडब्ल्यू नीट बैच के कुल 15 छात्रों ने 700 से अधिक अंक प्राप्त कर मिसाल कायम किया। इसके अलावा, पीडब्ल्यू के नीट बैचों के 20,000 से ज्यादा छात्रों ने अच्छे अंकों के साथ नीट परीक्षा क्वालीफाई किया। फिजिक्स वाला के टॉप स्कोरर में सैमुअल हर्षित एआईआर–24, निशांत शर्मा एआईआर–28, सुमेघा सिन्हा एआईआर–39, प्रयास राउत एआईआर–67, एमडी रेजाउल्लाह एआईआर–134 और प्रांजल सिंह एआईआर–150 शामिल हैं।परीक्षा के लिए 20 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया और 11,45,976 ने क्वालीफाई किया। इस वर्ष, पीडब्ल्यू के शिक्षकों द्वारा ट्रेन किए गए 20,000 से अधिक छात्रों ने अच्छे अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की और मेडिकल कॉलेजों में सीटें सुरक्षित किया। 9,000 से अधिक पीडब्ल्यू छात्रों ने 600 से ऊपर अंक प्राप्त किए, जबकि 1,500 से अधिक पीडब्ल्यू छात्रों ने 650 से अधिक अंक प्राप्त किए। 125 से ज्यादा पीडब्ल्यू छात्रों ने एआईआर 1000 के तहत रैंक हासिल की।पीडब्ल्यू की श्रेष्ठ मानकों वाली सुलभ और कम लागत में शिक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता ने नीट की तैयारी करने वाले छात्रों को काफी फायदा पहुंचाया है।

# टोल फ्री करवाने की मांग दोहराई

## भाकियू व ग्रामीणों ने की टोल मैनेजर से मीटिंग, ग्रामीणों को दिया गया एक सप्ताह समय, पंचायतों के प्रस्ताव पारित करवाकर डीसी के माध्यम से एनएएचआई को भिजवाएं



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत** से रोहतक हाईवे पर गांव डाहर में बने टोल प्लाजा पर 11 किलोमीटर के एरिया के ग्रामीणों को टोल में छूट देने की मांग को लेकर बुधवार को भाकियू सदस्यों व ग्रामीणों ने डाहर टोल पर पहुंच कर रोष प्रदर्शन किया। लेकिन टोल पर हंगामें की आशंका के चलते इसराना थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बलराज भी पुलिस बल के साथ टोल पर पहुंचे और इंस्पेक्टर ने सूझबूझ का परिचय देते हुए भाकियू सदस्यों व ग्रामीणों की मीटिंग टोल प्रबंधन से करवाकर टकराव की नौबत को टाल दिया गया। वहीं मीटिंग में टोल प्रबंधन के समक्ष भाकियू सर छोटू राम के जिला अध्यक्ष प्रदीप जागलान व छोटू राम किसान सभा के अध्यक्ष देवेंद्र जागलान सहित ग्रामीणों ने 11 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों के लिए टोल फ्री करवाने की मांग दोहराई। जबकि टोल मैनेजर अभिषेक सिंह ने बताया कि एनएएचआई की गाइडलाइंस में टोल फ्री की सुविधा नही है। यदि ग्रामीण ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव पारित करवाकर डीसी के माध्यम से एनएएचआई को भिजवाएं और एनएएचआई से

**हंगामा**

**8 ग्रामीण अगर एनएएचआई से स्वीकृति लाकर दे तो उन्हें कोई एतराज नही है**

आदेश आने पर ही इसे लागू किया जा सकता है।
इस मौके पर प्रदीप जागलान व देवेंद्र जागलान ने बताया कि भाकियू व ग्रामीणों को टोल प्रबंधन ने प्रक्रिया पूरी करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है और तब तक इन गांवों के ग्रामीण ड्राइविंग लाइसेंस दिखा कर एक सप्ताह तक मिली छूट का लाभ उठा सकते है। ग्रामीणों द्वारा एक सप्ताह के दौरान डीसी से लिखित स्वीकृति नहीं दिलाने पर फिर से पूरा टोल वसूला जाएगा।
डाहर टोल मैनेजर अभिषेक सिंह ने बताया कि ग्रामीण अगर एनएएचआई से स्वीकृति लाकर दे तो उन्हें कोई एतराज नही है। इसके लिए ग्रामीणों ने एक सप्ताह का समय मागा है। फिलहाल गाइडलाइंस के अनुसार बीस किलोमीटर के दायरे में 330 रुपए का मासिक पास बनता है।

## मंत्री ने किया शहीद की मूर्ति का अनावरण



**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेन्दगढ़**
गांव खातोद में शहीद रोहित राव की मूर्ति का अनावरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री ओमप्रकाश यादव थे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता रामबिलाश शर्मा पूर्व मंत्री हरियाणा सरकार ने की। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा कंवर सिंह यादव ने कहा कि महेंद्रगढ़ की धरती शहीदों व सैनिकों की धरती है। उन्होंने कहा कि मैं अपने यहां की मिट्टी को नमन करता हूं। इस मिट्टी ने देश की हिफाजत के लिए अपने बेटों की शहादत दी है। खासतौर से जिला महेंद्रगढ़ के जवान देश की रक्षा के लिए अपनी शहादत देने में सबसे आगे हैं। अहिरवाल की मिट्टी के कण-कण में वीरता झलकती है। यहां के हर गांव में शहीदों की प्रतिमाएं नौजवानों को देश की रक्षा के लिए और देशभक्ति के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर ने शहीद की मां सुदेश देवी और शहीद के पिता अत्तर सिंह और दादा देशराज और दादी का सम्मान किया। इस मौके सभी गांव वालो ने मुख्य अतिथि और सभी गणमान्य लोगों का भव्य स्वागत किया।

## वैष्णो देवी गए रेलवे कर्मी के घर का ताला तोड़ चोरों ने सामान किया चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**गांव दातौली** में एक बंद मकान का ताला तोड़ चोर 2 लाख 10 हजार रुपये की नकदी और आभूषण व अन्य सामान चोरी कर ले गए। मकान मालिक अपने परिवार ले वैष्णो देवी गया हुआ था। रास्ते में लौटते समय घर चोरी होने की सूचना मिली। सूचना के बाद परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे थाना बड़ी पुलिस को चोरी की सूचना दी। सूचना के पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। फिलहाल चोरों का कोई सुराग नहीं लगा है। शिकायत में दातौली गांव के अमित कुमार ने बताया कि वह रेलवे में नौकरी करता है। 22 जून को वह अपने घर का ताला लगा कर अपनी पत्नी व बच्चों के साथ माता वैष्णो देवी के दर्शन करने लिए गया था। 25 जून को उसके पिता हरिसिंह ने उसे फोन पर मकान में चोरी हो जाने की सूचना दी। जब वह घर पहुंचे तो मकान का मेन गेट व कमरे पर लगे ताले टूटे हुए मिले। उन्होंने जब कमरे में रखी अलमारियों की जांच की तो पता चला कि चोर अलमारी में रखे 2 लाख 10 हजार रुपए, सोने की दो अंगूठी, चांदी की दो तगड़ी, तीन जोड़ी चांदी की पाजेब, सोने की कानों की बाली, सोने का ओम, नाक का कोका, चार चांदी की चैन चोरी हुई मिली। इसके अलावा चोर घर से एक एलइडी स्मार्ट टीवी, एक मिक्सी, एक इन्वर्टर बैटरी, गैस के दो सिलेंडर, छह लेडीज सूट व तीन पेंट चोरी हुई मिली।

**जांच किया**

**8 ाकान मालिक अपने परिवार ले वैष्णो देवी गया हुआ था। रास्ते में लौटते समय घर चोरी होने की सूचना मिली**

## साधु के वेश में बालियां झपटने वाले तीनों आरोपी जेल भेजे

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला में सीआईए-1 अम्बाला की टीम ने कार्यवाही करते हुए आरोपी सालिन्द्र नाथ उर्फ सुरेन्द्र नाथ निवासी गाँव वजीरपुर टिटाणा थाना सम्भालखा जिला पानीपत, राकेश नाथ निवासी गाँव जलपुरा यूपी व कृष्ण नाथ निवासी गाँव कनोरा रेवाड़ी को गिरफ्तार कर चार दिनं का रिमाण्ड लिया था। आरोपी से रिमांड के दौरान अनेक खुलासे हुए। एस पी जशनदीप सिंह रंधावा ने बताया कि आरोपी अनेक वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान उन्होंने कबूल किया कि उन्होंने करनाल व पानीपत के आसपास के क्षेत्रों में भी इस प्रकार की लगभग 14.15 वारदातों को अंजाम दिया है।

## पदक विजेता 81 वर्षीय बुजुर्ग का एसडीएम व तहसीलदार ने किया स्वागत

### खुबड़ू गांव के 81 वर्षीय बजुर्ग महासिंह ने 50 मीं प्रोन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**उतरप्रदेश में** हुई हरियाणा स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में 50 मीं प्रोन स्पर्धा में खुबडू गांव के 81 वर्षीय बजुर्ग महासिंह ने स्वर्ण पदक जीता है। विजेता महासिंह का गन्नौर के एसडीएम निर्मल नागर व तहसीलदार मनोज ने स्वागत करते उन्हें बधाई दी। बड़ौत के बिनौली रोड स्थित गायत्री रायफल क्लब व विजेता बुजुर्ग महासिंह के कोच कपिल शर्मा ने बताया कि 16 से 23 जून के बीच दिल्ली की करणी सिंह शूटिंग रैंज में आयोजित हुई 8 वीं हरियाणा स्टेट शूटिंग चैंपियशनशिप में 50 मी प्रोन स्पर्धा में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। जिसमें मास्टर सीनीयर मैन में उन्होंने 600 सें मी में 462 अंक लेकर स्वर्ण पदक जीता है। महासिंह दो महीने से क्लब पर निशनेबाजी का अभ्यास कर रहे है। उन्होंने एक महीने पहले करणी सिंह शूटिंग रैल पर हुई प्री स्टेट हरियाणा शूटिंग चैंपियशिप में स्वर्ण पदक जीता था। कपिल शर्मा ने बताया कि वह बुहत ही होनहार है।



## जुलाना में होने वाली जेजेपी पार्टी की रैली होगी ऐतिहासिक: दहिया



**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**जननायक जनता पार्टी** के जिला अध्यक्ष राज सिंह दहिया ने कहा कि आगामी दो जुलाई को जुलाना में होने वाली रैली ऐतिहासिक होगी। जिलाध्यक्ष बुधवार को बहालगढ़ रोड स्थित जजपा पार्टी कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। जिलाध्यक्ष का हलकाध्यक्ष ओमप्रकाश रसोई, रामकिशन तुषीर, पूर्व प्रत्याशी अजीत आंतिल ने स्वागत किया। जिला अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकताओं का आह्वान किया कि वे एकजुट होकर जुलाना में होने वाली रैली को ऐतिहासिक बनाने में आज से ही जुट जाएं । उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है, क्योंकि चुनावी वर्ष और मिशन-2024 शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि जेजेपी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है और इसी कड़ी में दो जुलाई को जुलाना में सोनीपत लोकसभा की रैली होगी। ऐसे में सभी पार्टी कार्यकर्ता संगठित होकर इस रैली में अपनी पार्टी की ताकत दिखाएं। हलकाध्यक्ष ओमप्रकाश रसोई ने कहा कि रैली को लेकर कार्यकताओं में उत्साह है। हलके से करीब 300 गाड़ियों में कार्यकर्ता रैली में शामिल होंगे। जेजेपी ने अपने घोषणा पत्र के अधिकतर वादों को अमलीजामा पहनाया है और बाकी बचे वादों को डेढ़ सालों में पूरा किया जाएगा। ओमप्रकाश ने कहा कि बुढ़ापा पेंशन को लेकर डॉ. अजय सिंह चौटाला व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला काफी गम्भीर है। वरिष्ठ नेता रामकिशन तुषीर ने कहा कि जेजेपी गठबंधन सरकार में हिस्सेदार है। पूर्व प्रत्याशी अजीत आंतिल ने कहा कि जेजेपी निरंतर अपना संगठन मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने विधानसभा चुनाव-2019 बड़ी मजबूती के साथ लड़ा था और बेहद कम समय में 10 विधायक बनाकर हरियाणा सरकार में अहम हिस्सेदारी की। हलकाध्यक्ष ओमप्रकाश रसोई ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राजपाल सेवली, आजाद आंतिल, अमित आंतिल, आन्नद नांगल, जगजीत कुंडली, आन्नद पहलवान, बिजेन्द्र काला मुरथल, मुकेश जठेड़ी, रमेश पलड़ी, रमेश असावरपुर, राजा सेवली आदि मौजूद थे।

## बंधन बैंक ने अपनी शाखाओं की संख्या तीन गुना तक पहुंचाई

**रोहतक :**देश में सबसे तेजी से बढ़ते बैंकों में से एक बंधन बैंक ने अपना परिचालन शुरू करने के 8 वर्षों से भी कम समय में अपनी शाखाओं की संख्या को तीन गुना तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। बैंक की अब कुल 1,500 से अधिक बैंक शाखाएँ हैं। बैंक के पास पहले से मौजूद अन्य 4,500 बैंकिंग इकाइयों के नेटवर्क के साथ, देश भर में बैंकिंग आउटलेट की कुल संख्या अब 6,000 से अधिक है। बैंक ने 23 अगस्त 2015 को 501 शाखाओं के साथ अपनी यात्रा शुरू की थी।बैंक वर्तमान में भारत के 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले 6,000 से अधिक बैंकिंग आउटलेटों के एक मजबूत नेटवर्क के माध्यम से 3 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है। बैंक की कोशिश है कि प्रत्येक भारतीय की विविध वित्तीय जरूरतों को पूरा किया जाए, चाहे वे कहीं भी रहते हों, या फिर उन्हें किसी भी वित्तीय उत्पाद की आवश्यकता हो और वे कोई भी बैंकिंग चैनल पसंद करते हों - फिजिकल या डिजिटल।बैंक के एमडी और सीईओ चंद्रशेखर घोष ने कहा, ह्यह्यआज का दिन बंधन बैंक के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जब हमने अपनी शाखाओं की संख्या को तीन गुना तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। पिछले आठ वर्षों के दौरान देश के हर कोने से मिले ग्राहकों के विश्वास के कारण ही यह उपलब्धि संभव हो पाई है। आज हमारे देश में बैंकिंग आउटलेट्स की गहरी पैठ की जरूरत है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर किसी की बैंकिंग तक पहुंच हो। हमारे तेजी से बढ़ते शाखा नेटवर्क और डिजिटल ऑफर्स के साथ, बंधन बैंक हमारे मूल्यवान ग्राहकों के लिए सुविधा, सुरक्षा और पहुंच को और बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## तीसरे दिन भी बिजली कर्मियों का धरना जारी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** एचएसईबी वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले सब यूनिट इंडस्ट्री एरिया में तीसरे दिन भी 9:00 से 11:00, 2 घंटे का विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता यूनिट उप प्रधान मुकेश कुमार ने की। अध्यक्ष जी ने अपने भाषण में बताया कि यह हमारी सब डिवीजन में विरोध प्रदर्शन का तीसरा दिन है, लेकिन हमारी समस्या का अभी तक कोई हल नहीं निकला है। जब तक पुलिस के द्वारा की गई एफ आई आर कैंसिल नहीं होती या हमारे द्वारा दी गई शिकायत पर एफ आई आर दर्ज नहीं होती तब तक हमारा यह विरोध प्रदर्शन आगे भी ऐसे ही चलेगा। जब अधिकारियों को अपना कोई काम करवाना होता है तो ये कर्मचारियों पर दबाव डालते हैं इसे जल्द से जल्द करके बताएं पर आप जब कर्मचारियों के ऊपर कोई आंच जाती है तो यह ना तो बात करते हैं उल्टा छिपकर ऑफिस आना बंद कर देते हैं। जिसका यूनियन पुरजोर रूप से विरोध करती है। अगर इस कारण कोई भी औद्योगिक अशांति होती है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी उच्च अधिकारियों की होगी।

## बलराज दलाल पैनल ने दाखिल किये अपने नामांकन



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़। आगामी 10** जुलाई को होने वाले बहादुरगढ़ प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन के चुनाव हेतु बलराज दलाल पैनल ने विभिन्न पदों के लिए अपने नामांकन दाखिल किये हैं। इस पैनल से प्रधान पद के लिए बलराज दलाल, उप प्रधान पद के लिए अजय गुलिया तथा वंश कौशिक, महासचिव पद हेतु कमल अरोड़ा, सह सचिव पद के लिए परविंदर दहिया तथा हरीश कौशिक व कोषाध्यक्ष पद हेतु प्रेम शर्मा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। प्रधान पद उम्मीदवार बलराज दलाल ने कहा कि दरअसल तहसील और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, जिला नगर योजनाकार और नगर निकायों में लोगों को जमीनी कार्यों के संबंध में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिसके कारण प्रॉपर्टी डीलरों को भी काफी दिक्कतें पेश आती हैं। इसके अलावा हर साल राजस्व विभाग अपनी मर्जी से कलेक्टर रेट में बढ़ोतरी कर देता है। जिसके कारण प्रॉपर्टी के व्यवसाय पर भी काफी प्रभाव पड़ता है। इन सबके खिलाफ संगठित होकर बहादुरगढ़ के प्रॉपर्टी डीलर आगामी 10 जुलाई को अपना पदाधिकारी पैनल चुनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी की टुकड़ों में रजिस्ट्री न होने, ब्लड रिलेशन की रजिस्ट्री, इंतकाल व जमाबंदी का ठीक से समायोजन न होने व तहसील व नगर परिषद में भ्रष्टाचार आदि मुद्दों का निराकरण करवाने पर हमारा पैनल फोकस करेगा और सरकार से टुकड़ों की रजिस्ट्री को खोलने की भी पुरजोर मांग की जाएगी ताकि छोटे निवेशकों को राहत मिल सके।

## 71 वर्षीय बुजुर्ग ने मुख्यमंत्री के समक्ष रखी अजीब मांग




**टीम एक्शन इंडिया / रेवाड़ी**
**जिले के** नया गांव निवासी बेसहारा 71 वर्षीय बुजुर्ग ने सीएम मनोहरलाल को अजीबोगरीब पत्र लिख कर गुहार लगाई है कि *या तो मेरे अकेले का परिवार पहचान पत्र बना दीजिये या फिर मेरा ब्याह करवा दीजिये ताकि हम दोनों का पहचान पत्र बन सके।
दरअसल बुजुर्ग सतबीर का कोई नहीं है वह अकेला रहता है, जिस कारण उसका परिवार पहचान पत्र नहीं बन पाया। इस परिवार पहचान के बिना न तो उसकी बुढापा पेंशन बन रही है न ही उंसके मकान की मरम्मत के लिए कोई अनुदान मिल पा रहा है। सभी सरकारी दफ्तरों में चक्कर लगाने के बाद वह जिला न्यायालय में एडवोकेट कैलाश के पास पहुंचा व अपनी आप बीती सुनाई। बुजुर्ग की समस्या देख एडवोकेट कैलाश चंद ने सहायता करते हुए हरियाणा सरकार के सचिव, सिटीजन रिसोर्स इन्फॉर्मेशन विभाग चंडीगढ़, डायरेक्टर सोशल वेलफेयर विभाग हरियाणा, जिला उपायुक्त रेवाड़ी, एडीसी रेवाड़ी व समाज कल्याण विभाग रेवाड़ी को पत्र भेजकर मांग करते हुए बताया कि सतबीर 71 वर्षीय वृद्ध है, उसकी पत्नी का स्वर्गवास 6 वर्ष पहले हो गया, अब वह अकेला है, परिवार में ओर कोई भी सदस्य नही है। अकेले होने के कारण हरियाणा सरकार ने आजतक उसका परिवार पहचानपत्र नही बनाकर दिया है। सरकार का कहना है कि अकेले इंसान का परिवार पहचानपत्र नही बनाया जाएगा। बिना परिवार पहचान पत्र के उसकी वधार्पेंशन भी नही बन पा रही है ओर उसका मकान जो कि मकान के नाम पर सिर्फ दीवारे खड़ी है, छत पर लोहे की टिन है जो जंग के कारण बिंल्कुल गल चुकी है, न ही उसके पास बिजलीं कनेक्शन है, खाना बनाने के लिये गैस कनेक्शन भी नही है, ओर न ही शौचालय है। पीड़ित ने ईमेल से भेजे पत्र के माध्यम से परिवार पहचान पत्र बनाने, वृद्ध अवस्था पेंशन बनाने ओर अन्य सरकारी स्कीमो को दिलवाने के आग्रह किया है। इसके अलावा पीड़ित बुजुर्ग सतबीर ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को भी अलग से एक पत्र ईमेल से भेजकर व जिला उपायुक्त रेवाड़ी के मार्फत भेजकर आग्रह किया कि आपने नियम बनाया की अकेले इंसान का परिवार पहचानपत्र नही बनेगा, मै अपने परिवार में अकेला हु, या तो मेरा पुन: विवाह करवाओ ताकि पत्नी के साथ परिवार पहचान पत्र बन सके नही तो फिर मेरे अकेले का ही पहचान पत्र बनाकर दिया जाए।

## कांग्रेस नेता अरुण खत्री ने सांसद दीपेंद्र हुड्डा से की मुलाकात

**8 हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के माध्यम से आमजन को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने के कार्य की सराहना भी की**



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**कांग्रेस नेता** अरुण खत्री ने राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा से दिल्ली स्थित उनके कार्यालय पर मुलाकात की। अरुण खत्री ने दीपेंद्र हुड्डा को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर अभिवादन किया। मुलाकात के दौरान सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने अरुण खत्री द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के माध्यम से आमजन को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने के कार्य की सराहना भी की।
सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कांग्रेस नेता अरुण खत्री से कांग्रेस पार्टी के प्रचार प्रसार को लेकर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के दौरान दीपेंद्र हुड्डा ने कांग्रेस नेता अरुण खत्री से कहा कि हरियाणा की जनता जनविरोधी भाजपा जजपा गठबंधन सरकार से दुखी है और सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है इसलिए जनता जनार्दन के आशीर्वाद से हरियाणा में अगली सरकार कांग्रेस पार्टी की बनने जा रही है।

## संपादकीय

# समय की प्रबल आवश्यकता है समान नागरिक संहिता

**मृत्युंजय दीक्षित**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार अब भारत देश के हित में लिया गया अपना एक और संकल्प पूरा करने की ओर अग्रसर है और यह संकल्प है समान नागरिक संहिता का। देश लम्बे समय से समान नागरिक संहिता कानून मांग रहा है, देश के न्यायालय भी ऐसा ही चाहते हैं और सबसे बड़ी बात है कि समान नागरिक संहिता संविधान सम्मत है। भोपाल में भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात के संकेत दे दिये हैं कि अब सरकार समान नागरिक संहिता पर तीव्र गति से आगे बढ़ रही है और 2024 लोकसभा चुनाव से पूर्व ही संसद के आगामी सत्रों में सदन से पारित करवाया जा सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एकदम साफ कहा कि कुछ विरोधी दल जो तुष्टिकरण करते हैं तथा मुस्लिम समाज को केवल अपना वोटबैंक समझते हैं वही यूनिफार्म सिविल कोड के नाम पर मुसलमानों को भड़का रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक घर में एक सदस्य के लिए एक कानून हो और दूसरे के लिए दूसरा हो तो घर चल पाएगा क्या? तो ऐसी दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चल पाएगा ? प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बार- बार कहा है कि कॉमन सिविल कोड लाओ लेकिन वोटबैंक की राजनीति करने वालों ने हमेशा इसका विरोध किया है। उधर देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी पिछले दिनों एक कार्यक्रम में कहा था कि एक बड़ी व विदेशी साजिश के तहत समान नागरिक संहिता का विरोध किया जा रहा है। रक्षा मंत्री ने जो कड़े तेवर दिखाये है उससे भी यह संदेश जा रहा है कि अब समान नागरिक संहिता बहुत ही जल्द भारत का कानून बन जायेगा। सरकार समान नागरिक संहिता पर बहुत ही सतर्कता व तर्कों के साथ आगे बढ़ रही है ताकि उसका विरोध ठंडा हो जाये। यही कारण है कि सबसे पहले केंद्रीय विधि आयोग की ओर से समान नागरिक संहिता पर आम नागरिकों व धार्मिक संस्थाओं से संहिता के सन्दर्भ में उनके सुझाव व विचार मांगे गये हैं ताकि भारत के सभी नागरिकों, समाजों, पंथों और मजहबों, पर समान कानून लागू हो सके। आम जनता अपने मोबाइल, लैपटाप आदि के माध्यम से विधि आयोग की वेब साइट पर जाकर आने विचार साझा कर सकती है। विधि आयोग की यह पहल सार्वजनिक होते ही मुस्लिम तुष्टिकरण करने वाली सभी संस्थाओं नेताओं, सांसदों व विधायकों ने झूठ पर आधारित बयान देने की श्रृंखला प्रारम्भ कर दी है और यह अनवरत जारी है। भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के समय से ही समान नागरिक संहिता उसके तीन मूल ध्येयों में से एक रहा है। 2014 से 2019 तक केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद अब तक वह दो प्रमुख ध्येय प्राप्त कर चुकी है । पहला अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि मुक्त हो चुकी है और वहां भव्य राम मंदिर का निर्माण प्रगति पर है और दूसरा जम्मू- कश्मीर से धारा -370 हट चुकी है और अब सरकार समान नागरिक संहिता पर आगे बढ़ रही है। वर्तमान में समान नागरिक संहिता कानून भारत के गोवा राज्य में लागू है जबकि गुजरात व उत्तराखंड में प्रक्रिया चल रही है।

# यूसीसी पर इशारों में सार्वजनिक मोहर लगी

**किशन भावनानी**

> साथियों बात अगर हम 27 जून 2023 को एक कार्यकर्तासम्मेलन में माननीय पीएम के संबोधन की करें तो उन्होंने मंगलवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार सामान्य नागरिक संहिता(यूसीसी) लाने के लिए कहा है। यूसीसी के नाम पर समुदाय विशेष को भड़काया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर एक परिवार में एक सदस्य के लिए एक कानून हो और दूसरे के लिए दूसरा, तो क्या परिवार चल पाएगा? तो ऐसी दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चल पाएगा? भारत के प्रमुख शहरों को जोड़ने वाली पांच सेमी-हाई-स्पीड वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के बाद चुनावी राज्य में कार्यकताओं को अपने संबोधन में पीएम ने ये बातें कही। देश को 28 मई, 2023 को एतिहासिक और नया संसद भवन मिला था पीएम ने इसे देशवासियों समर्पित किया था

**वैश्विक** स्तरपर भारत अंतरराष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर दशकों से रुके हुए कार्यों को अंजाम दे रहा है जिसे देखकर न केवल घरेलू बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीतिज्ञ भी हैरान हैं।आर्टिकल 370, 35 ए, तीन तलाक कानून से लेकर राम मंदिर और अब यूसीसी पर तेजी से काम शुरू होने से इनकार नहीं किया जा सकता बल्कि नए संसद भवन में प्रथम बिल यूसीसी लाकरइतिहास भी रचा जा सकता है, जिसकी प्रक्रिया भारतीय विधि आयोग ने शुरू कर दी है और रही सहीकसर आज माननीय पीएम ने एक जनसभा में कंफर्म कर संभावनाओं पर विराम लगा दिया जो अब हकीकत होने जा रहा है। चूंकि दिनांक 27 जून 2023 को कार्यकर्ता सम्मेलन में पीएम ने यूसीसी मुद्दे पर इशारों इशारों में कन्फर्म मोहर लगा दी जिससे राजनीतिक क्षेत्रों में खलबली मच गई है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, समान नागरिक संहिता मुद्दे पर उच्च स्तरीय सार्वजनिक तौर पर इशारों में कंफर्म मोहर लगी।

साथियों बात अगर हम 27 जून 2023 को एक कार्यकर्तासम्मेलन में माननीय पीएम के संबोधन की करें तो उन्होंने मंगलवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार सामान्य नागरिक संहिता( यूसीसी) लाने के लिए कहा है। यूसीसी के नाम पर समुदाय विशेष को भड़काया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर एक परिवार में एक सदस्य के लिए एक कानून हो और दूसरे के लिए दूसरा, तो क्या परिवार चल पाएगा? तो ऐसी दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चल पाएगा? भारत के प्रमुख शहरों को जोड़ने वाली पांच सेमी-हाई-स्पीड वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के बाद चुनावी राज्य में कार्यकताओं को अपने संबोधन में पीएम ने ये बातें कही। देश को 28 मई, 2023 को एतिहासिक और नया संसद भवन मिला था पीएम ने इसे देशवासियों समर्पित किया था उसके बाद से चर्चा होने लगी थी कि इस एतिहासिक भवन से सरकार का कौन सा एतिहासिक बिल पास होगा। आज उसपर बहस पर पीएम ने विराम लगा दिया और इस बात पर एक तरह से इशारों ही इशारों में मुहर लगा दी है कि सामान्य नागरिक संहितापहला बिल होगा,एतिहासिक होगा।



साथियों बात अगर हम 27 जून 2023 को देर रात्रि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की आनन-फानन में बुलाई गई ऑनलाइन बैठा की करें तो, यह बैठक समान नागरिक संहिता पर पीएम के बयान के बाद बुलाई गई है। आर्टिकल लिखने तक यह बैठक जारी थी। इसके जरिए रणनीति बनाई जा रही है कि विधि आयोग के सामने मुस्लिमों के विचारों को मजबूती के साथ रखा जाए। इस ऑनलाइन बैठक में देशभर के सभी मुसलमान नेता हिस्सा ले रहे हैं।गौरतलब है कि पीएम ने मंगलवार को भोपाल में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की पुरजोर वकालत की। साथ ही सवाल किया कि दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चलेगा? उन्होंने कहा कि इस संवेदनशील मुद्दे पर समुदाय विशेष को उकसाया जा रहा है। हमें याद रखना है कि भारत के संविधान में भीनागरिकों के समान अधिकार की बात कही गई है। उधर यूसीसी पर पीएम के रुख की सबसे पुरानी पार्टी और अन्य विपक्षी दलों ने आलोचना की। सबसेपुरानी पाटीर्ने मंगलवार को यूसीसी की जोरदार वकालत करने के लिए पीएम पर शाब्दिक हमला बोला और कहा कि उन्हें पहले देश में गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी के बारे में बात करनी चाहिए।पाटीर्के संगठन महासचिव ने कहा कि पीएम कुछ भी कह सकते हैं लेकिन उन्हें बेरोजगारी, महंगाई और मणिपुर जैसे देश के असली सवालों का जवाब देना होगा। एक अन्य पार्टी ने कहा कि पीएम को ऐसे मुद्दों को राजनीति का औजार नहीं बनाना चाहिए। इससे पूर्व एआईएमआईएम प्रमुख ने भी (यूसीसी) की वकालत करने के लिए पीएम पर शाब्दिक हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि वह समुदाय विशेष को निशाना बनाने के साथ यूसीसी लाना चाहते हैं। उन्होंने तीन तलाक और पसमांदासमुदाय पर टिप्पणी को लेकर भी पीएम की आलोचना की। और कहा कि भारत के पीएम अब समान नागरिक संहिता की चर्चा कर रहे हैं। क्या समान नागरिक संहिता के नाम पर बहुलवाद, विविधता को छीन लेंगे?

साथियों बात अगर हम 14 जून 2023 को भारतीय विधि आयोग द्वारा जारी नोटिसी करें तो चूंकि दिनांक 14 जून 2023 को भारत के 22 वें विधि आयोग द्वारा यूसीसी को लागू करने के संबंध में कंसल्टेशन रिपोर्ट बनाने के लिए पंजीकृत धार्मिक संस्थाओं और आम जनता से सुझाव विचार दर्ज.कराने का अनुरोध किया है ताकि इस कानून को लागू करने की ओर कदम बढ़ाए जा सके,सुझाव विचार दर्ज कराने की तारीख 13 जुलाई याने नोटिस के 30 दिनों के अंदर निर्धारित की गई है।

साथियों बात अगर हम यूसीसी को समझने की करें तो यूसीसी का मतलब धर्म और वर्ग आदि से ऊपर उठकर पूरे देश में एक समान कानून लागू करने से होता है। यूसीसी लागू हो जाने से पूरे देश में शादी, तलाक,उत्तराधिकार और अडॉप्शन जैसे सामाजिक मुद्दे सभी एक समान कानून के अंतर्गत आ जाते हैं, इसमें धर्म के आधार पर कोई अलग कोर्ट या अलग व्यवस्था नहीं होती।भारत के संविधान के आर्टिल 44 में ही यूसीसी को लेकर प्रावधान हैं।कहा गया है कि राज्य भारत की सीमा के भीतर नागरिकों के लिए यूसीसी की व्यवस्था सुनिश्चित कर सकता है।इस प्रावधान का मकसद धर्म के आधार पर किसी वर्ग विशेष के साथ होने वाले भेदभाव को खत्म करना बताया गया है।सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि, यह गौर करना दिलचस्प है कि राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों से जुड़े भाग चार में संविधान के अनुच्छेद 44 में निमार्ताओं ने उम्मीद की थी कि राज्य पूरे भारत में समाननागरिक संहिता के लिए प्रयास करेगा। लेकिन आज तक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई है।अभी तक भारतीय नागरिक संहिता का मसौदा भी तैयार नहीं हो सका है। यही वजह है कि लोगों को इससे होने वाले फायदे के बारे में अब तक पता नहीं चल सका है। इसके लागू नहीं होने से अनेक समस्याएं हैं। उम्मीद है शीघ्र ही सरकार और सभी संबंधित पक्ष मिलकर इस समस्या का हल ही जल्द से जल्द निकालेंगे। अनुच्छेद 44 का उल्लेख कर कहा जाता है कि इसके तहत भारत में समान आचार संहिता लागू करने की ओर कदम बढ़ाया जाए। हालांकि यूसीसी को कई इस्लामिक देशों ने भी अपनाया है जैसे पाकिस्तान, टर्की, जॉर्डन, बांग्लादेश सीरिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, इत्यादि देशों ने अपनाया हैं और कई विकसित देशों जैसे अमेरिका, आस्ट्रेलिया, फ्रांस, यूके, सहित अन्य देशों ने भी अपनाया है। हालांकि यूसीसी का विषय विधि आयोग के पास भी गया है।

साथियों भारत में अधिकतर व्यक्तिगत कानून धर्म के आधार पर तय किये गए हैं। हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध धर्मों के व्यक्तिगत कानून हिंदू विधि से संचालित किये आते हैं, वहीं मुस्लिम तथा ईसाई धर्मों के अपने अलग व्यक्तिगत कानून हैं। मुस्लिमों का कानून शरीअत पर आधारित है, जबकि अन्य धार्मिक समुदायों के व्यक्तिगत कानून भारतीय संसद द्वारा बनाए गए कानून पर आधारित हैं। अब तक गोवा एकमात्र ऐसा राज्य है जहाँ पर समान नागरिक संहिता लागू है।

साथियों मेरा यह निजी विचार है कि जब तक हम सभ सर्वधर्म,सर्व सम्मति, सर्वविचारधारा के साथ आपसमें मिलकरएकसकारात्मक सोच रख कर काम आगे बढ़ाएंगे तो हमें इस इन दोनों कानूनों को के रूप में एक अनुकूल रिजल्ट जरूर सामने मिलेगा।

## कविता

### हरियाणवी गीतिका

बैरा ना किस ढाळ कै,हो रये लोग
हर रोज बीज बिघ्न कै,बो रये लोग
हर चीज मिल्ये सै बजार म्ह,देखल्यो
फेर भी कमाळ हो रया,रो रये लोग
सारा का सारा ब्यौन्त बिगड़ लिया पर
फेर भी आंख मींचक्ये,सो रये लोग
ना सुत, ना कपास,जुलाहे लठ्ठमलठ्ठा
बात- बेबात झुठे झक,झो रये लोग
ळा-ळाक्ये क्रीम पौडर,साबण,तेळ,सेंट
अपणी असळी पिछाण,खो रये लोग
करतूत देखक्ये माणस की,न्यू लागै सै
आदम खाळ म्ह भेड़िए,हो रये लोग
इन्ने स्याणे कहवा अक बावलै कहवा
खुया किमैं ना फेर भी,टोह रये लोग
इसै इसै होग्ये सुआरथ माणस भीतर
चढा तवा देखक्ये रोटी,पो रये लोग
बेशक कोये जाओ भाड़ म्ह,मरदा मरो
पर आपणे त्यो धौणे सै,धो रये लोग
जात धर्म कै नाम पै देख तमाशा यार
एक दूजे नै आछी ढाळा,तौ रये लोग
बेशक जा लिए हों चाँद अर मंगल पै
माणसपण की बात म्ह,को रये लोग

कृष्ण कुमार

# कानून व्यवस्था सुदृढ़ होने के दावे

**निर्मल रानी**

**केंद्र व** लगभग सभी राज्य सरकारों के 'कानून व्यवस्था नियंत्रित' होने के तमाम दावों के बावजूद प्रायः ऐसी अनेक घटनायें सामने आती रहती हैं जो इन सरकारी दावों की धज्जियाँ उड़ा कर रख देती हैं। ऐसी ही एक घटना गत 24 जून 2024 को राजधानी दिल्ली के व्यस्ततम इलाके प्रगति मैदान की सुरंग के भीतर उस समय घटित हुई जबकि मोटरसाइकिल सवार चार बदमाशों द्वारा कार रुकवाकर एक डिलीवरी एजेंट और उसके सहयोगी से पिस्टल दिखाकर लगभग 2 लाख रुपये लूट लिये गये। जिस समय लूट की घटना अंजाम दी जा रही थी उस समय इस सुरंग में ट्रैफिक चल रहा था। सुरंग में लगे सी सी टी वी कैमरे में लूट की दुस्साहसिक घटना रिकार्ड हुई। इस घटना ने देश के लोगों को स्तब्ध कर दिया कि जब प्रधानमंत्री,केंद्रीय गृह मंत्री के निवास व कार्यालय तथा सर्वोच्च न्यायालय के बिल्कुल करीब इस तरह की घटना अंजाम दी जा सकती है फिर दूर दराज के या सन्नाटे इलाकों में किसी व्यक्ति की सुरक्षा की भला क्या गारंटी ? गौरतलब है कि राजधानी दिल्ली की पुलिस व्यवस्था दिल्ली में निर्वाचित सरकार होने के बावजूद केंद्र सरकार के पास ही है। और दिल्ली पुलिस देश की आधुनिक व चौकस पुलिस फोर्स के रूप में गिनी जाती है। परन्तु आश्चर्य की बात यह है कि जो पुलिस प्रदर्शनकारी हजारों किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने का साहस रखती हो,जो पुलिस महिला खिलाड़ियों को जंतर मंतर से दिल्ली के नवनिर्मित संसद भवन पर महिला पंचायत करने से रोकने की क्षमता रखती हो आखिर उसी पुलिस से अपराधी इतना बे खौफ कैसे हो गये कि सरे शाम दिल्ली के इतने हाई फाई व संवेदनशील इलाके में कार रुकवा कर पिस्टल की नोक पर इतनी दुस्साहसिक लूट कर डाली। हालांकि दिल्ली पुलिस ने इस सम्बन्ध में पहले दो कथित आरोपियों को गिरफ़्तार करने और बाद में उनकी निशानदेही पर दो और कथित आरोपियों को गिरफ़्तार भी कर लिया है। फिर भी लूट की इस घटना के बाद दिल्ली की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ,अन्य विपक्षी दलों तथा कांग्रेस पार्टी ने भी भाजपा सरकार की कार्यकुशलता पर सवाल खड़ा किया है। सोशल मीडिया पर भी यह लूट चर्चा का विषय बानी हुई है। दिल्ली के मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल ने तो दिल्ली के उपराज्यपाल से इस्तीफा देने की मांग तक कर डाली। केजरीवाल ने कहा कि- 'अगर उनसे दिल्ली नहीं संभल रही तो हमें सौंप दें। हम उन्हें बताएंगे कि दिल्ली में अपराध को कैसे रोका जा सकता है'। इसी तरह उत्तर प्रदेश की सरकार भी अपराध पर नियंत्रण करने का जोर शोर से दावा करती है। आये दिन राज्य में होने वाली पुलिस मुठभेड़ों के द्वारा भी यही सन्देश देने की कोशिश की जाती है कि राज्य में गुंडों व उनकी गुंडागर्दी को सहन नहीं किया जायेगा।

## विचार

# नये युग के कैरियर विकल्प

**विजय गर्ग**

**दशकों प**हले कैरियर पेशेवर डॉक्टरों, इंजीनियरों, वकीलों और सरकारी नौकरियों तक ही सीमित थे, जिसका विस्तार कई विज्ञान और वाणिज्य विकल्पों तक हो गया है। हालाँकि, इस 'करियर परिवर्तन' का सबसे रोमांचक हिस्सा इसका भविष्य है। अब क्या, आगे क्या? आज सबसे अधिक मांग वाली नौकरियाँ पाँच साल पहले भी अस्तित्व में नहीं थीं, और जो 10 साल बाद अस्तित्व में आ सकती हैं, वह अपने आप में काफी रोमांचकारी है। हालाँकि, जैसा कि हम सपने देखते हैं कि भविष्य में हमारी करियर यात्रा में क्या हो सकता है, आइए उन करियर पर नजर डालें जो परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। नए जमाने के करियर विकल्प 1- एथिकल हैकिंगः कई बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ संगठन की संवेदनशील और गोपनीय जानकारी की सुरक्षा के लिए एथिकल हैकर्स को नियुक्त करती हैं। जबकि व्यवसाय आज डिजिटल हो रहा है, और नुकसान चाहने वाले किसी भी व्यक्ति तक असीमित पहुंच है, अधिक डेटा अभिभावकों को किले, या आप जानते हैं, एक सर्वर की आवश्यकता है। 2- ई-रिटेलः फ्लिपकार्ट और अमेजॅन ने हमारे खरीदारी के तरीके को बदल दिया है। ई-रिटेलरों की बाजार के बारे में अपनी जानकारी का उपयोग करने और खरीदारी के पहले से ही सुखद अनुभव को और अधिक खुश करने की मांग है। 3- ग्राफिक डिजाइनिंगः आजकल कोई भी पाठ पढ़ना पसंद नहीं करता है, हर कोई स्पष्ट, सीधे चेहरे वाली जानकारी पसंद करता है, जो आंखों को भाती है। कोई आश्चर्य नहीं, ग्राफिक डिजाइनर संचार में अगली बड़ी चीज हैं। 4- रचनात्मक लेखनः ग्राफि क डिजाइनिंग के सहयोगी क्षेत्र में, रचनात्मक लेखक ऐसी सामग्री विकसित करते हैं जो पाठक को जोड़ती है, संलग्न करती है और उसका ध्यान खींचती है। 5- ऐप डेवलपमेंटः ऐप डेवलपर ऐसे सॉफ़्टवेयर बनाने के लिए प्रोग्रामिंग का उपयोग करते हैं जो क्लाइंट की आवश्यकताओं से मेल खाते हैं और उनके व्यवसायों के कामकाज को सरल बनाते हैं। 6- शादी की फोटोग्राफीः तस्वीरों के माध्यम से यादें जीवन भर बनी रहती हैं। चूंकि शादियाँ जीवन से भी बड़ी होती जा रही हैं, तो तस्वीरें क्यों नहीं होनी चाहिए? 7- समीक्षा करनाः किसी नए उद्यम के लिए स्थिति बनाने या बिगाड़ने के लिए एक सोशल मीडिया पोस्ट ही काफी है। समीक्षक विभिन्न उद्यमों द्वारा पेश किए गए उत्पादों और सेवाओं की समीक्षा करते हैं, जिनमें भोजन, गैजेट, यात्रा और बहुत कुछ शामिल हो सकते हैं। 8- ब्लॉगिंगः एक ब्लॉगर ऐसे ब्लॉग पोस्ट विकसित करता है जो दर्शकों से जुड़ते हैं। वे आम तौर पर आत्म-अभिव्यक्ति का माध्यम होते हैं, जहां ब्लॉगर अपनी राय, विश्वास और समझ व्यक्त करते हैं, लेकिन कुछ संगठनों के लिए भी लिखते हैं, जहां वे व्यवसाय और उसकी पेशकशों के बारे में विस्तार से बताते हैं। 9- सोशल मीडिया प्रबंधनः मार्केटिंग के बुनियादी सिद्धांतों में से एक है "जो दिखता है, वो बिकता है", सोशल मीडिया मैनेजर इसी पर काम करते हैं, और आपके उत्पादों को वर्चुअल स्पेस में ब्रांड करते हैं, क्योंकि जब दुनिया ऑनलाइन है, तो आपका व्यवसाय क्यों नहीं होना चाहिए? 10- फैशन स्टाइलिंग और पर्सनल शॉपिंगः फैशन स्टाइलिस्ट और व्यक्तिगत खरीदार, दो काम करते हैं - वे ग्राहक की शैली का आकलन करते हैं, और फिर कपड़े और सहायक उपकरण ढूंढने के लिए खरीदारी की होड़ में निकल जाते हैं जो उन पर अच्छे लगेंगे। आइए प्रादा के बारे में बात करें, दोस्तों! 11- छवि परामर्शः यह समझना हमेशा से मानवीय आवश्यकता रही है कि हम अन्य लोगों के सामने कैसे दिखते हैं, और हम खुद को बेहतर इंसान बनने के लिए कैसे परिष्कृत कर सकते हैं। छवि सलाहकार सिर्फ काम करते हैं। वे लोगों के साथ आंतरिक स्तर पर आत्मविश्वास निर्माण, संवारने, शारीरिक भाषा और संचार पर काम करते हैं, ताकि उनका बाहरी आत्म अधिक आश्वस्त हो। 12- डांस थेरेपीः नृत्य एंडोर्फिन जारी करने में मदद करता है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादकः रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादकः पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालयः सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालयः कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# महिलाओं से आकाश छीनता पितृसत्ता विश्वास

**डॉ प्रियंका सौरभ**

**पितृसत्ता** एक सामाजिक व्यवस्था है, जिसमें प्रभुत्व और विशेषाधिकार के पदों पर मुख्य रूप से पुरुषों का वर्चस्व है। यह अनिवार्य रूप से जीवन के विभिन्न पहलुओं जैसे नैतिक अधिकार, सामाजिक विशेषाधिकार, निर्णय लेने, संपत्ति पर नियंत्रण और राजनीतिक नेतृत्व में पुरुष वर्चस्व की एक प्रणाली है। महिलाओं की अधीनता कई मायनों में स्पष्ट है, निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में, जहां महिलाओं को उन अधिकारों और उन चीजों तक पहुंच से वंचित रखा जाता है, जो पुरुषों के लिए आसानी से उपलब्ध हैं। इसने अतीत की लंबी प्रथाओं और महिलाओं की अधीनता के कारण समकालीन समय में भारत में मध्यवर्गीय कामकाजी महिलाओं की स्थिति में बाधा उत्पन्न की है। भारतीय समाज में पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण के अस्तित्व के कारण देखें तो पहले, महिलाओं को एक पुरुष-प्रधान, पितृसत्तात्मक समाज व्यवस्था, पुरानी पारंपरिक मान्यताओं के पालन, और इसी तरह के परिणामस्वरूप कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। महिलाओं की जिम्मेदारियां बच्चे पैदा करने और बच्चों के पालन-पोषण जैसे पारंपरिक कार्यों तक ही सीमित थीं। उदाहरण के लिएः मनु स्मृति के अनुसार, विवाह को कभी भी तोड़ा नहीं जा सकता, तलाक की कल्पना नहीं की जा सकती थी और विधवाओं को पुनर्विवाह की अनुमति नहीं थी। जाति व्यवस्था ने भारत में, पितृसत्ता और जाति व्यवस्था के बीच गठजोड़ को ऐतिहासिक रूप से शोषक और परस्पर एक दूसरे के आहार के रूप में पाया गया है। समाजीकरण की प्रक्रिया में पितृसत्तात्मक मूल्यों और विचारों का एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में स्थानांतरण होता है। समाजीकरण, समाज के मानदंडों और विचारधाराओं को आत्मसात करने की प्रक्रिया है। समाजीकरण की यह प्रक्रिया समाज में पितृसत्ता के सामान्यीकरण का आधार बनाती है।

परिवारों और विवाह में, पितृसत्ता सूक्ष्म रूप से परिलक्षित होती है, जैसे कि बहू पहली व्यक्ति होती है, जिससे घर के कामों में मदद की उम्मीद की जाती है। बहू को नौकरी पर रखना चाहिए या नहीं, इस पर नियंत्रण और यदि हां, तो पेशे के चयन अधिकार भी पति और ससुराल वालों के पास होता है।

# कचरा प्रबंधन

**डॉ. सुरेश कुमार**

**कुछ लोग** सपनों में घर बनाते हैं। और कुछ लोग जमीन पर। सपनों में घर बनाने वाले सपने में इसलिए बनाते हैं क्योंकि वे जमीन पर नहीं बना सकते हैं। ऐसे लोग देश के विकास में काम आए न आए लेकिन विकास उनके आड़े कतई नहीं आता है। मुश्किल तो उन लोगों से है जो लोग जमीन पर घर बनाते हैं। जमीन पर घर बनाने वाले प्रायः यही सोचते हैं कि घर तो अपने रहने की जगह है और सड़क कचरा फेंकने के लिए। कुछ लोग सड़क का व्यापक अर्थ निकालते हैं। उनके लिए बाहर शब्द का अर्थ इसी का परिचायक है। इसलिए ऐसे लोगों को के लिए कचरा फेंकने के लिए सारी दुनिया कचराकुंडी लगती है। उन्हें लगता है कि बाहर कचरा फेंकने का उन्हें पूरा अधिकार है। वे आसमान में भी कचरा फेंकना चाहते हैं, दुर्भाग्य से वहाँ ठोस कचरा फेंकने का प्रावधान नहीं है। इसीलिए उसे अपने धुएँ के गुबार से उसका गुब्बारा फुला रहे हैं। उन्हें लगता है कि आसमान आत्ममुग्धता का शिकार हो गया है। आत्ममुग्धता को पैरों तले रौंदने के लिए वे अपनी सभ्यता, साक्षरता को तिलांजली देकर उसे विकास का नाम दे रहे हैं। इन सबके बीच राजनेता स्वच्छता को चकमा देना में सबसे आगे रहते हैं। स्वच्छता अभियान की फोटो दिखाकर, टीवी वाले पैसे लेकर जिन लोगों को झाड़ू पकडे.दिखा रहे हैं उन सबके दिमाग में असली कचरा भरा होता है। भले सफेद झक पाजामा कुर्ता पहनकर कचरा साफ करने का नाटक कर रहे हों पर भीतर का कचरा बाहर के कचरे पर भारी पड़नेनहीं देते हैं। यही कारण है कि जनता बाहर का कचरा देखकर भीतर के कचरे से भी अडजस्ट हो जाती है। झाड़ू पकड़ के कचरे तरफ देखने भर से कई ऐरे-गैरे नत्थू खैरों ने अरबों की कमाई कर डाली। हर मोहल्ले से डोर टू डोर कचरा उठाने का बहाना बनाने वाली कंपनियां कई करोड़ का वारा-न्यारा कर चुकीं हैं। बड़ी बड़ी तोंद निकाले सेठ कचरे से बिजली बनाने के बड़े बड़े संयंत्र लगाकर सरकार को खूब उल्लू बना रहे हैं। लोगों को उल्लू बनाने आनंदम्‌ विभाग के ये हाल है कि लोग घर के अनुपयोगी कपड़े कचरा समझकर नगर परिषदों के पिंजरे में डाल रहे हैं दो चार दिन बाद नगर परिषद् वाले रात को सारे कपड़े ट्रक पोंछने वालों को बेचकर जेब गर्म कर रहे हैं।

## न्यूज़ फ्लैश

### सावधानः अब आपका अंगूठा भी सुरक्षित नहीं, सोचसमझ कर लगायें!

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

सिम कार्ड, सरकारी राशन सब आपके अंगूठे के निशान से ही आपको मिल रहा है। लेकिन अब आपका अंगूठा निशान भी सुरक्षित नहीं है। शातिरों ने इसके सहारे भी ठगी करना शुरू कर दिया है। आपका अकाउंट, आप का एटीएम, आपके नाम से सिम और धोखाधडी। आपको पता ही न हो और आपके नाम से साइबर क्राइम हो रहा है, यह संभव है। पुलिस ने ऐसे ही एक शातर साइबर ठग को गिरफ्तार इस तरह की ठगी के नायाब तरीके का खुलासा किया है। उसके कब्जे से 200 फर्जी मोबाइल फोन सिम (जियो की 113 सिम, एयरटेल की 68 सिम, वीआई की 18 सिम, बीएसएनएल की एक सिम), आधा दर्जन आधार कार्ड, पांच एटीएम कार्ड बरामद किये हैं। अकरम पुत्र नबाब खां निवासी हजारीबास, नगला सहजाद थाना कामा जिला भरतपुर राजस्थान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके बाद उसने जो जानकारी दी वह बेहद चैंकाने वाली है। थाना कोसीकलां पुलिस ने हरियाणा बॉर्डर से सीधे साधे व भोले भाले लोगों के आधार कार्ड की फोटो कॉपी कर व उनके फिंगर प्रिंट स्कैन करके फर्जी सिम कार्ड तैयार कर तथा इन सभी दस्तावेजों के माध्यम से फर्जी खाता खुलवाकर व खातों से एटीएम कार्ड बनवाकर लोगों से ऑनलाइन ठगी करने वाले अभियुक्त को उस समय गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई जब अभियुक्त लोगों को धोखा देकर निकाली गयी सिमो व एटीएम कार्ड को बेचने के लिए विशंभरा की तरफ जाने की फिराक में था। थाना प्रभारी थाना कोसीकलां अनुज कुमार के मुताबिक पुलिस टीम ने एनएच 19 हरियाणा बार्डर से अकरम ने पुलिस को बताया कि वह मध्यप्रदेश में मोबाइल और जन सेवा केन्द्र की दुकान चलाता है। जब कोई व्यक्ति मोबाइल सिम लेने आता है तो वह धोखे से उससे दो या तीन बार अंगूठा स्कैन करा लेता है और फोटो भी अपलोड कर देत है। उनके नाम से सिम निकाल लेता है और उनके आधार कार्डों की फोटोकॉपी करने के नाम पर कलर स्कैन फोटो कापी कर लेता है। जिसके बाद उन लोगों के आधार कार्ड पर किसी दूसरे व्यक्ति की फोटो लगाकर फर्जी आधार कार्ड तैयार करता है। दुकान पर सिम लेने आये लोगों को जानकारी भी नही होती कि धौका देकर उनके नाम से सिम निकाली गई है। उनके आधार कार्डों की कलर फोटो कर ली, इस तरह निकाली गयी फर्जी सिम को वह साइबर अपराध आनलाइन ठगी करने वाले लोगों को एक सिम चार से पाच हजार के हिसाब से बेच देता है। तैयार किये गये आधार कार्ड के माध्यम से अन्य जनपद के लोगों की मदद से बैंक से फर्जी खाता आदि खुलवाकर एटीएम कार्ड प्राप्त करता है। बैंक में खुलवाये गये खातों एवं एटीएम कार्ड भी साइबर अपराध कारित करने वाले लोगों को बेच देता है। बरामद आधार कार्ड भी लोगों के आधार कार्ड को स्कैन कर एडिट कर तैयार किये गये हैं। वह तैयार की गई सिम को व एटीएम कार्ड को बेचने के लिए विशंभरा की तरफ जा रहा था विशंभरा में भी बहुत सारे लोग आनलाइन ठगी का काम करते है जो इस तरह दूसरों की आईडी की सिम एवं इस तरह के बैंक के खातों एव एटीएम कार्ड को खरीदते है।

### ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्क ने 35 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर लिमिटेड एडिशन स्कॉच लॉन्च की

**अमृतसरः ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की के निमार्ता एलाइड ब्लेंडर्स एण्ड** डिस्टिलर्स लिमिटेड,एबीडी इंडिया ने अपने 35 वर्षों की यात्रा पूरी करने के उपलक्ष्य में ऑफिसर्स चॉइस ब्लेंसडेड स्कॉच व्हिस्की लिमिटेड एडिशन की खास पेशकश की है। इस प्रोडक्ट की डिस्टिलिंग,ब्लेंडिंग और बॉटलिंग स्कॉटलैण्ड में की गई है और यह लिमिटेड एडिशन पैक उपभोक्ता?ओं के प्रति प्यार और सम्मान का प्रतीक है।ऑफिसर्स चॉइस ने वर्ष 2013 से लगाता 10 वर्षों तक दुनिया की टॉप 3 व्हिस्की में अपनी जगह बना रखी है।एलाइड ब्लेंडर्स एण्ड डिस्टिलर्स लिमिटेड ने लिमिटेड.एडिशन ऑफिसर्स चॉइस ब्लेंडेड स्कॉ च व्हिस्की का सिर्फ एक बैच लॉन्च किया है जिसमें स्कॉटलैण्ड से आयात की गईं 12156 बॉटल्सं हैं। यह ब्लेंड स्वीट एवं स्पाइसी होने के साथ ही बहुत लाइट है और एक शानदार अहसास देता है।

यह ब्राण्ड भारत के चुनिंदा राज्यों के एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर उपलब्ध होगा। एबीडी इंडिया के एक्जीक्यूटिव डिप्टी चेयरमैन शेखर राममूर्ति ने कहा 1988 में लॉन्च के बाद से ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की ने निरंतर अपने स्तर को ऊँचा किया है और अपने लाखों उपभोक्ताओं का दिल और भरोसा जीता है। हमें इस बात का गर्व है कि यह हमारे देश के मास प्रीमियम व्हिस्की सेगमेंट में मार्केट लीडर बनी हुई है और दुनिया की टॉप व्हिस्कीज में शामिल है।

# तीसरी आंख की जद में मुड़िया मेला का चप्पा चप्पा

**-कंट्रोल रूम से रखी जा रही मेला की गतिविधियों पर नजर**

**-मुड़िया मेला में ड्यूटी न समझ कर सेवा समझें अधिकारीः पुलकित खरे**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**



मुडिया मेला का हर महत्वपूर्ण स्थल सीसीटीवी कैमरे की जद में है। कंट्रोल रूम से मेला की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। राजकीय मुड़िया मेला में आने वाले श्रद्धालु भक्तों की सुरक्षा एवं मेला की व्यवस्थाओं में जुटे सुपर जोन, जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक की। व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देकर श्रद्धालु भक्तों की सेवा में जुटने के दिशा निर्देश दिए। डीएम ने कहा अधिकारी कर्मचारी मेला ड्यूटी न समझें बल्कि श्रद्धालु भक्तों की सेवा मान कर मेला को सफल बनाएं। बुधवार को राजकीय मुड़िया मेला की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। डीएम पुलकित खरे, एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय मुकुंद विनोद गार्डन में मेला ड्यूटी में लगे सुपर जोनल, जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक की। मेला में आने वाले श्रद्धालु भक्तों को बेहतर सुविधा प्रदान की जाए, किसी को असुविधा न हो, इसके लिए विशेष निर्देश जारी किए। डीएम ने कहा कि मुड़िया मेला में देश विदेश से करोड़ो की संख्या में श्रद्धालु भक्त गोवर्धन पहुंचेंगे। श्रद्धालु भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े, अधिकारी मेला ड्यूटी न समझकर इसे श्रद्धालुओं की सेवा मान कर काम करें। एसएसपी शैलेश पांडेय पुलिस कर्मियों को शालीनता का व्यवहार रखने के निर्देश दिए। सीडीओ मनीष मीना, योगा नंद पांडेय, मेलाधिकारी एडीएम विजय शंकर दुबे, नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक त्रिगुन बिसेन, सिटी मजिस्ट्रेट सौरभ दुबे, सहायक मेला अधिकारी एसडी एम कमलेश गोयल, सीओ राम मोहन शर्मा आदि उपस्थित थे।

**सीसीटीवी कैमरे कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण**

डीएम पुलकित खरे ने एसएसपी शैलेश पांडेय, सीडीओ मनीष मीना के साथ राजकीय मुड़िया मेला और गिरिराज परिक्रमा क्षेत्र में लगाए गए पी ए सिस्टम सीसीटीवी कैमरा के कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। डीएम ने पी ए सिस्टम के माध्यम से परिक्रमा मार्ग में लगे सफाई कर्मी और पुलिस कर्मियों की सजगता परखी। पी ए सिस्टम लाउड स्पीकर पर पुलिस कर्मियों का आवाज लगा कर सजग और सतर्क रहने के निर्देश दिए। पुलिस कर्मियों ने पी ए सिस्टम की आवाज को अनसुना कर दिया।

# बलिया : बकरीद पर बढ़ाई गई मस्जिदों की सुरक्षा



**बलिया/टीम एक्शन इंडिया**

ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर जिले में सतर्कता बरती जा रही है। सभी थाना क्षेत्रों में मस्जिदों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बुधवार को बकरीद त्योहार शांतिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराने के लिए डीएम रवीन्द्र कुमार व एसपी एस आनंद ने ईदगाह व मस्जिदों का निरीक्षण किया। बकरीद के मद्देनजर मस्जिदों के आसपास पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। अपर पुलिस अधीक्षक डीपी तिवारी ने कहा कि सभी थाना क्षेत्रों में प्रमुख मस्जिदों के पास रात में भी पीआरवी तैनात रहेगी। इसके लिए निर्देश दे दिए गए हैं। वहीं, जिले के आला अधिकारियों ने शहर के विशुनीपुर स्थित बड़ी मस्जिद पर जाकर आमजन से सौहार्द पूर्वक त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने मातहतों को सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही साफ-सफाई को लेकर भी निर्देश दिए।

# नगर निगम के लिगेसी वेस्ट के टेंडर पर उठाया सवाल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**



नगर निगम के लिगेसी वेस्ट के टेंडर दिये जाने की प्रक्रिया पर सवाल उठाया है। नगर निगम मथुरा वृंदावन द्वारा निकाली गई लिगेसी वेस्ट की निविदा में पारदर्शिता नहीं अपनाने जाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। आरटीआई कार्यकर्ता प्रदीप बनर्जी ने आरोप लगाया है कि इस पूरी प्रक्रिया में मानकों का पालन नहीं किया गया है। उन्होंने प्रेसवार्ता में कहा कि प्रक्रिया में भ्रष्टाचार हुआ है जिसकी जांच कराए जाने की मांग मुख्यमंत्री से की गई है। प्रदीप बनर्जी ने इस दौरान कहा कि नगर निगम मथुरा वृंदावन द्वारा लिगेसी वेस्ट के निस्तारण के लिए निविदा निकाली गई थी। निविदा में निहित तकनिकी प्रावधानों के अनुसार जिन मानकों को पूरा नहीं करने वालों निविदाकारों को स्वीकृति दी गई है। जिस कंपनी को यह ठेका नगर निगम द्वारा दिया गया है, उसके पास लिगेसी वेस्ट निस्तारण का कोई अनुभव नहीं है। उन्होंने कहा कि बाकी दो निविदाकर्ता भी अर्हता पूर्ण नहीं करते हैं।

मुख्यमंत्री से पत्र के माध्यम से मांग की गई है कि इस पूरे प्रकरण की जांच करा कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाये।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, दो घायल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

महावन के गांव इब्राहिमपुर के नजदीक सड़क पर आपस में दो मोटरसाइकिल टकराने से एक ट्रैक्टर मिस्त्री की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। मंगलवार को शाम को सुरेश पुत्र खड़ग सिंह निवासी धनगांव बलदेब से एक टैक्टर की सर्विस कर अपनी मोटरसिकल से वापस अपने गांव लौट रहा था तभी दूसरी मोटरसाइकिल सवार पंकज, राहुल निवासी नगला बिहारी मुरसान हाथरस टाउनशिप से बलदेब की ओर जा रहे थे गांव इब्राहिमपुर के समीप दोनों मोटरसाइकिल आमने-सामने भिड़ गयी जिसमें टैक्टर मिस्त्री सुरेश उम्र 28 वर्ष की मौके पर मौत हो गयी। घटना स्थल राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई।

# सौंख में हुआ कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**



बुधवार को स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला में कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सरार्फा कमेटी सौंख के नगर अध्यक्ष रोहिताश्व वर्मा ने सहभागिता की। कार्यक्रम में कुटुंब को एक सूत्र में बांधे रखे जाने पर विचार विमर्श हुआ। मुख्य अतिथि रोहिताश्व वर्मा जी ने कहा कि कुटुंब में एकता और साथ ही राष्ट्रीयता का भाव जागृत होना परम आवश्यक है। सब को संकल्प लेना चाहिए कि परिवार के सभी सदस्य कम से कम एक बार का भोजन साथ ही करें। विशिष्ट अतिथि जिला संयोजक हेमंत दीक्षित ने कहा कि कुटुंब के लोग संस्कारी होंगे तो राष्ट्र अपने आप में संस्कार और चरित्रवान लोगों से युक्त बनेगा। आरोग्य भारती के प्रांतीय सदस्य चंद्रवर्धन जी एवं नगर संचालक सौंख श्याम सुन्दर ने बताया कि लोगों को चरित्रवान कुटुंब के साथ साथ स्वास्थ्य और बलिष्ठ संतति पर जोर देना चाहिए। कार्यक्रम में नगर कार्यवाह महेश गुप्ता, शाखा प्रमुख चंद्रशेखर लोहिया, कुटुंब प्रबोधन नगर संयोजक अनिल बंसल, सह कार्यवाह सचिन शर्मा, महावीर बंसल, शानू बंसल , सन्नी, समाजसेविका वीना वर्मा, ज्योति, मनीषा गुप्ता, चंचल अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, मधु कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# डीएम पुलकित खरे ने ली सोशल सेक्टर की समीक्षा बैठक

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**



जिलाधिकारी पुलकित खरे द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में सोशल सेक्टर की समीक्षा बैठक संबंधित अधिकारियों के साथ की गयी। निर्देश दिए कि समाज कल्याण विभाग के सभी लंबित पेंशन आवेदनों की जिला व ब्लॉक स्तर से निस्तारण कराएं। वृद्धा, निराश्रित विधवा एवं दिव्यांगजन पेंशन योजना के लंबित समस्त आवेदन पत्रां का अभियान चलाकर सत्यापन कराने के उप जिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। सत्यापन का कार्य पूर्ण करा लिए जाएं, जिससे पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिया जा सके। समाज कल्याण विभाग द्वारा आगामी माहों में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराते हुए अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का आवेदन पत्र भरवाए जाने के निर्देश दिए, जिससे अधिक से अधिक गरीब बेटियों की शादी सामूहिक विवाह योजना के दौरान कराकर लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने दिव्यांगजन विभाग की विभिन्न योजनाओं का आम जनमानस में व्यापक रूप से प्रचार प्रसार कराने एवं दिव्यांगजनों को योजनाओं से लाभान्वित कराए जाने के निर्देश दिव्यांगजन अधिकारी को दिए। दिव्यांगजनों को लाभान्वित कराए जाने हेतु ट्राई साइकिल, कृत्रिम अंग, सहायक उपकरणों इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए। निराश्रित विधवा पेंशन योजना के लंबित आवेदन पत्रों के सत्यापन एवं स्वीकृति की कार्रवाई जल्द से जल्द करें। सोशल सेक्टर की समस्त पेंशन योजनाओं के सत्यापन एवं स्वीकृति में अनावश्यक विलंब कतई ना किया जाए। अविलंब सत्यापन कराकर स्वीकृति की कार्यवाही की जाए। कन्या सुमंगला योजना के लंबित समस्त आवेदन पत्रों का संबंधित अधिकारीगण द्वारा अविलंब निस्तारण सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक, पिछड़े वर्गों की छात्रवृत्ति योजना से संबंधित समस्त आवश्यक कार्रवाई समय सीमा के अंदर करा लिए जाएं। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत बच्चों को बेहतर कोचिंग दिए जाने हेतु निदेर्शानुसार कार्यवाही सुनिश्चित हो। बच्चों के मोटिवेशन हेतु इच्छुक अधिकारीगणों का रोस्टर बनाया जाए, जिससे वे स्वेच्छा से समय समय पर पढ़ाने का कार्य करें।

### ट्रैक्टर से टकराई पुलिस की जीप

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

मांट में गस्त पर निकले थाना प्रभारी की सरकारी जीप में सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी जिससे जीप क्षतिग्रस्त हो गई और प्रभारी निरीक्षक बाल बाल बच गये। मंगलवार की देर रात थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सरकारी जीप से राया रोड पर निकले थे। जीप को चालक मुख्य आरक्षी इंद्रपाल सिंह चला रहे थे। सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर से जीप टकरा गई। हादसे में एसएचओ को कुछ चोट भी आई हैं। पुलिस ने ट्रेक्टर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है।

### सारस गणना को वन विभाग ने चलाया अभियान

**मुरादाबाद/टीम एक्शन इंडिया**

जनपद में बुधवार से वन विभाग की टीमों ने सारस गणना का अभियान शुरू कर दिया है। बिलारी रेंज के वन क्षेत्राधिकारी रिजूल कंसल के नेतृत्व में बुधवार को कुंदरकी के गांव नरोदा झील और इमरतपुर आदि के क्षेत्रों में गणना की गई।

रिजूल कंसल ने बताया कि सारस उत्तर प्रदेश का राजकीय पक्षी है। प्रेम का प्रतीक माने जाने वाले सारस का उल्लेख रामायण काल में भी मिलता है। इससे सारस पक्षी और भी विशेष हो जाता है।

आमतौर पर सारस भारत के अलावा दक्षिण पूर्व एशिया और ऑस्ट्रेलिया में भी पाया जाता है।

भारत में इसकी आबादी सबसे ज्यादा है। सारस उत्तर प्रदेश के अलावा गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार में आमतौर पर (वेटलैंड्स) दलदली भूमि में पाए जाते हैं।वन क्षेत्र अधिकारी ने आगे बताया कि इनका घोसला छिछले पानी के पास झाड़ियों और घास में पाया जाता है।

### पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई 20 साल की सजा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना करने वाले को पास्को कोर्ट ने 20 साल की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थ दंड न देने पर 6 महीने तक आरोपी को अतिरिक्त कारावास में सजा काटनी होगी। आरोपी पर लगाए गए अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को दी जाएगी। बुधवार को मथुरा की विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट राम किशोर यादव की अदालत ने यह फैसला सुनाया। आरोप सिद्ध होने पर 20 वर्ष का कठोर कारावास और 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई। मामले की पैरवी स्पेशल डीजीसी अलका उपमन्यु की। यह सजा थाना रिफाइनरी क्षेत्र में 20 नवंबर 2019 को हुई घटना में सुनाई गई है। रिफाइनरी थाना में पीड़ित के पीड़ित के बाबा ने उस्मान उर्फ नैना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# ताकि बचपन जिंदगी पर न बन जाये बोझ ...!

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**



ताकि बचपन बोझ न बन जाये। बेसहारा बचपन को सहारा देने वाले हाथों को अब समाज के जागरूक लोगों का संबल मिल रहा है। इससे उनके हौसले और बुलंद हुए हैं, इरादों को ज्यादा मजबूती मिली है। गरीब बच्चों की जिंदगी में शिक्षा की रोशनी फैला रहे सतीश चन्द्र शर्मा को द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया मथुरा शाखा द्वारा सम्मानित किया। झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले घुमंतू परिवारों के हाथ में भीख का कटोरा एवं कंधे पर कबाड़ का थैला लटकाए बच्चों, अप्रवासी एवं गरीब परिवारों के शिक्षा से वंचित बच्चों को काफी समय से जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केन्द्रों के माध्यम से शिक्षा देने के साथ ही समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के काम में जुटा है। जस्टिस फॉर चिल्ड्रन एंड वूमेन सोसायटी अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा द्वारा मथुरा में संचालित जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल सेंटरों के माध्यम 300 से ज्यादा बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य 15 वॉलिंटियर्स की मदद से किया जा रहा है। जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्रों पर शिक्षा एवं संस्कार के साथ साथ बच्चों को विभिन्न विधाओं में पारंगत करने के लिए भी सतत प्रयास किए जा रहे है। बच्चे का समय समय पर सेवा भावी चिकित्सकों की मदद से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं बच्चों के लिए शैक्षणिक भ्रमण डांस जूडो कराटे एवम अन्य खेल कूद प्रतियोगिताओं आदि का आयोजन भी किया जाता है।

# सड़कों को बिना वजह ऊंचा उठाने से पैदा हो रही परेशानी

## -जन सहयोग समूह ने भेजा नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा को पत्र

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

पुरानी सड़कों को खुदाई के बिना नई लेयर बिछा देने से आबादी क्षेत्र की सड़कें कई फीट तक ऊंची होने से इमारतें नीची हो गयी हैं। जिनमे बरसाती दिनों में जलभराव की समस्या बन जाती है। नई नई सड़कों को विकास के नाम पर खुदाई करना आम हो गया है। विभागों में सामंजस्य की कमी से जनता के पैसे का दुरुपयोग हो रहा है। शहरों नगरों कस्बों की मुख्य समस्या के तौर पर घरों, दुकानो, इमारतों का नीचे होते जाना जनता की परेशानी का कारण बनता जा रहा है। सड़क निर्माण के ठेकेदारों की एक मानसिकता बन गयी है कि सड़क को ऊंचा कर देने से सड़क ज्यादा दिन चलेगी। सड़क पर जलभराव नहीं होगा लेकिन सड़क को ऊंचा उठाकर बनाने से जल भराव तो रुकता नहीं उल्टे स्थानीय निवासियों को परेशानी हो जाती है। किसी क्षेत्र में सड़क नीची हैं और साइडों में नालियां नहीं हैं और सड़क पर पानी भरा रहता है तो वहां सड़क ऊंची उठाई जा सकती है लेकिन सब जगह इस फॉमूर्ले को लागू करने से भारी परेशानी सामने आती है। वास्तव में शासन को सभी सड़क बनाने वाले ठेकेदारों, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों, नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को आदेशित करना चाहिये कि वह सड़क निर्माण के समय निम्न बिंदुओं पर ध्यान दें। जनता के पैसे का इतना बड़ा दुरुपयोग आखिर कब तक चलता रहेगा। जलभराव एक विकराल समस्या के रूप में सड़कों को सबसे ज्यादा हानि पहुंचाती है।तो क्यों ने जलभराव के उन बिंदुओं को चिन्हित किया जाए जिन पर अवैध कब्जों की वजह से जलभराव की संभावना बनी और बढ़ी।मुख्य रूप से जिलों के विकास प्राधिकरणों की भूमिका हमेशा से इस बारे में संदेहपूर्ण रही है। इस ओर ध्यान दिया जाना सड़को की सुरक्षा के लिये आवश्यक है।

समन्वयक जन सहयोग समूह अजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि सड़क जनता की सुविधा के लिये बनाई जाती हैं लेकिन कभी भी स्थानीय निवासियों से कोई चर्चा उनके क्षेत्र के विकास को लेकर नहीं कि जाती, जिसके विकास के लिये विभाग इतना आतुर रहता है उससे बिना वार्ता के उसका विकास कर दिया जाता है।जिस क्षेत्र की सड़क बनाई जाए वहां के स्थानीय निवासियों से निर्माण से पूर्व वार्ता अवश्य की जाए।

कोर्ट भी दे चुका है निर्णय

उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय भी इस सम्बन्ध में निर्णय दे चुके हैं कि सड़कों को बनाते समय इतना ऊंचा न उठाया जाए कि आसपास की इमारतों का लेबल सड़क से नीचा या सड़क के समानांतर हो जाये। बावजूद इसके कोई ध्यान ठेकेदारों और विभागीय अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा नहीं दिया जाता है।

# विशेष टीम करेगी नगर निगम कर्मचारियों और पार्षदों के बीच हुए विवाद की जांच

**मुरादाबाद /टीम एक्शन इंडिया**

बीते दिनों मुरादाबाद नगर निगम बोर्ड बैठक में नगर निगम कर्मचारियों ओर पार्षदों के बीच हुए विवाद की जांच विशेष टीम करेगी। अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में गठित होने वाली टीम की जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

21 जून को नगर निगम बोर्ड बैठक में निगम कर्मचारियों और पार्षदों के बीच मारपीट व धक्का मुक्की के बाद नगर निगम कर्मचारियों और पार्षदों के बीच विवाद लगातार गमार्या हुआ था। दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर दे दी गई थी। कर्मचारियों ने 27 जून से सफाई व्यवस्था ठप करते हुए हड़ताल की चेतावनी दी थी। 26 जून सोमवार सुबह कर्मचारियों ने निगम कार्यालय पर ही जनसभा बुलाई। इसमें नेताओं द्वारा कहा गया कि सफाई कर्मचारियों का वेतन 15 हजार नहीं किया गया तो हड़ताल की जाएगी। सोमवार देर रात्रि तक महापौर विनोद अग्रवाल और नगर आयुक्त संजय चौहान की मौजूदगी में छह दौर की वार्ता के बाद आखिरकार मांग मानने पर सहमति बन गई। फिलहाल कर्मचारियों को साढ़े तेरह हजार रुपये वेतन दिया जाएगा।

प्रक्रिया पूरी होने के बाद ऐरियर समेत पूरा वेतन दिया जाएगा। इसके बाद उन्होंने हड़ताल का ऐलान वापस ले लिया था। बुधवार को निगम कर्मचारियों को समझौते की लिखित कॉपी दे दी गई।

समझौते पर महापौर विनोद अग्रवाल और नगर आयुक्त संजय चौहान के हस्ताक्षर हैं।

## विमानन कंपनी गो फर्स्ट ने अपनी सभी उड़ानें अब 30 जून तक रद्द की

**नई दिल्ली।** आर्थिक संकट से जूझ रही निजी क्षेत्र की विमानन कंपनी गो फर्स्ट एयरलाइन ने अपनी सभी उड़ानें 30 जून तक रद्द कर दी हैं। दिवालिया प्रक्रिया की दौर से गुजर रही गो फर्स्ट ने इससे



पहले अपनी उड़ानें 28 जून तक रद्द की थीं। गो फर्स्ट ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि 30 जून तक की शेडेयूल गो फर्स्ट की फ्लाइट्स रद्द की गई है। कंपनी ने फ्लाइट्स के रद्द होने से यात्रियों को सहायता देने के लिए नई वेबसाइट gofirstclaims.in/claims भी लॉन्च की है, जिस पर रिफंड संबंधी अपनी सभी जानकारी देनी होगी। इसके बाद एयरलाइंस रिफंड की प्रक्रिया शुरू करेगी। गो फर्स्ट एयरलाइन के क्रेडिटर्स ने 425 करोड़ रुपये की अंतरिम फंडिंग को अपनी मंजूरी दी है। हालांकि, अभी इस योजना को संबंधित बैंकों के निदेशक मंडलों की मंजूरी मिलनी बाकी है। बैंकों के बोर्ड से इसकी मंजूरी मिलने के बाद नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से मंजूरी लेनी पड़ेगी।

## 26 जून तक एक करोड़ से ज्यादा आयकर रिटर्न हुए दाखिलः आयकर विभाग

**नई दिल्ली।** करदाताओं ने 26 जून तक एक करोड़ से ज्यादा आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल कर दिए हैं। यह आंकड़ा पिछले साल की तुलना में बहुत ज्यादा है। आयकर विभाग ने मंगलवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी। आयकर विभाग के मुताबिक एक करोड़ आईटीआर दाखिल करने का लक्ष्य पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में इस साल 12 दिन पहले हासिल कर लिया गया है। इस वर्ष 26 जून तक एक करोड़ से ज्यादा आईटीआर दाखिल किए गए हैं, जबकि पिछले साल आठ जुलाई तक एक करोड़ आईटीआर




दाखिल किए गए थे। विभाग ने करदाताओं से अपना आईटीआर जल्द दाखिल करने का भी आग्रह किया, ताकि अंतिम समय की भीड़ से बचा जा सके। गौरतलब है कि वेतनभोगी करदाताओं और ऐसे करदाता, जिन्हें अपने खातों को ऑडिट कराने की जरूरत नहीं है, उनके लिए वित्त वर्ष 2022-23 में हुई इनकम के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई है।

## अडाणी पावर के झारखंड बिजलीघर से बांग्लादेश को विद्युत आपूर्ति शुरू

**रांची।** अडाणी समूह की कंपनी अडाणी पावर ने झारखंड के गोड्डा स्थित अपने 1,600 मेगावाट क्षमता वाले बिजलीघर से बांग्लादेश को विद्युत आपूर्ति शुरू कर दी है। कंपनी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि अडाणी पावर लिमिटेड के स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अडाणी पावर झारखंड लिमिटेड (एपीजेएल) ने अपनी दूसरी इकाई (800-800 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां) का वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया है। इस संयंत्र की दूसरी इकाई का वाणिज्यिक परिचालन परीक्षण 25 जून को हुआ था।

इस मौके पर बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड (बीपीडीबी) और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ बांग्लादेश (पीजीसीबी) के अधिकारी मौजूद थे।बिजली संयंत्र की पहली इकाई ने 800 मेगावाट की क्षमता के साथ छह अप्रैल को अपनी वाणिज्यिक परिचालन शुरू किया था। कंपनी ने कहा कि गोड्डा संयंत्र से बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति से पड़ोसी देश की ऊर्जा सुरक्षा बेहतर होगी। बयान में कहा गया, ''अडाणी पावर झारखंड अपने बिजलीघर से बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड को 1,496 मेगावाट बिजली की आपूर्ति करेगी। इसको लेकर समझौता नवंबर 2017 को 25 वर्षों के लिए किया गया था...।

# सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** मिले-जुले संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार ने आज मजबूत शुरुआत की है। आज के कारोबार की शुरुआत में ही निफ्टी और सेंसेक्स ने ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया। निफ्टी आज पहली बार 18,900 अंक के ऊपर ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाकर खुला। 1 दिसंबर 2022 के बाद आज पहली बार निफ्टी नई ऊंचाई पर पहुंचने में सफल हुआ है। इसी तरह सेंसेक्स ने भी आज रिकॉर्ड हाई के स्तर पर कारोबार की शुरुआत की।

मिले-जुले ग्लोबल संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार में आज मजबूत शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में ही निफ्टी पिछले 142 कारोबारी सत्र के नए शिखर पर पहुंच गया। वहीं सेंसेक्स ने भी 22 जून के ऑल टाइम हाई के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए आज एक बार फिर मजबूती का नया रिकॉर्ड बना डाला। शुरुआती 1 घंटे के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अडाणी एंटरप्राइजेज, जेएसडब्ल्यू स्टील, अडाणी पोर्ट्स, टाइटन कंपनी और बजाज फाइनेंस के शेयर 3.93 प्रतिशत से लेकर 1.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। दूसरी ओर एचडीएफसी लाइफ, कोटक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा और सिप्ला के शेयर 0.70 प्रतिशत से लेकर 0.18 प्रतिशत की कमजोरी के



साथ कारोबार कर रहे थे अभी तक के कारोबार में एनएसई में 1,935 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,344 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 591 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 22 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 8 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 37 शेयर हरे निशान में और 13 शेयर लाल निशान में कारोबार करते दिख रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 285.75 अंक की मजबूती के साथ ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 63,701.78 अंक के स्तर पर खुला। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव में इस सूचकांक में गिरावट का रुख भी बना, लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारों ने तेज लिवाली करके इस सूचकांक को 63,716 अंक के नए शिखर पर पहुंचा दिया। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 228.47 अंक की मजबूती के साथ 63,644.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने भी आज 90.75 अंक की तेजी के साथ नया ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाते हुए 18,908.15 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में हुई मुनाफावसूली की वजह से ये सूचकांक गिर कर 18,861.35 अंक तक पहुंचा। लेकिन इसके बाद खरीदारों ने एक्टिव होकर तेज लिवाली शुरू कर दी, जिससे थोड़ी ही देर में इस सूचकांक ने दोबारा मजबूती हासिल कर ली। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद निफ्टी 70.35 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,887.75 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। मिलेजुले ग्लोबल संकेतों के बीच आज प्री ओपनिंग सेशन में भी घरेलू शेयर बाजार ने मजबूती के साथ कारोबार की शुरुआत की थी। इस सेशन में बीएसई का सेंसेक्स 150.86 अंक यानी 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 63,566.89 अंक के स्तर पर था। वहीं निफ्टी प्री ओपनिंग सेशन में 121.60 अंक यानी 0.65 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,939 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ था।इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 446.03 अंक यानी 0.71 प्रतिशत मजबूत होकर 63,416.03 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 126.20 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,817.40 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

## टमाटर की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण के लिए ग्रैंड चैलेंज शुरू करेगी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** टमाटर की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार ने कमर कस ली है।उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय इसके लिए 'टमाटर ग्रैंड चैलेंज' शुरू करेगा। इस ग्रैंड चैलेंज में टमाटर के उत्पादन, प्रसंस्करण और भंडारण में सुधार के लिए नवोन्मेषी विचारों को



आमंत्रित किया जाएगा। यह जानकारी उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि टमाटर ग्रैंड चैलेंज इस सप्ताह शुरू होगा। नवोन्मेषी विचारों को आमंत्रित करने के बाद प्रोटोटाइप बनाया जाएगा। फिर इसे आगे बढ़ाया जाएगा। ऐसा प्रयोग प्याज की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए किया जा चुका है। टमाटर की यह कीमतें अस्थाई और मौसमी है। कुछ इलाकों में बारिश से परिवहन पर असर पड़ा है। इसलिए कीमतों में उछाल है। जल्द ही स्थिति नियंत्रण में होगी।

इस बीच तमिलनाडु सरकार ने राज्य में फार्म फ्रेश आउटलेट्स के माध्यम से टमाटर 68 रुपये प्रति किलोग्राम बेचने का फैसला किया है। सरकार की योजना है कि इस कीमत को जल्द ही और कम किया जाए। उल्लेखनीय है कि देश के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश और पैदावार कम होने की वजह से प्रमुख मंडियों में टमाटर का थोक भाव 60-80 रुपये और खुदरा मूल्य 100-120 रुपये प्रति किलोग्राम है।

## कच्चा तेल 73 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में आज कुछ गिरावट है। ब्रेंट क्रूड का भाव 73 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 69 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के




मुताबिक बुधवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.29 डॉलर यानी 0.40 फीसदी की उछाल के साथ 72.68 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.37 डॉलर यानी 0.55 फीसदी की बढ़त के साथ 68.07 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# देश के चालू खाता घाटे में गिरावट, घटकर जीडीपी का 0.2 फीसदी : आरबीआई

**मुंबई/नई दिल्ली।** देश के चालू खाता घाटा (कैड) में गिरावट आई है। बीते वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में कैड घटकर 1.3 अरब डॉलर यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 0.2 फीसदी रह गया है। व्यापार घाटे में कमी और सेवा निर्यात में जोरदार वृद्धि के कारण कैड कम हुआ है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी है। आरबीआई ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया कि भारत का कैड वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में घटकर 1.3 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 0.2 फीसदी रह गया,



जो वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही में 16.8 अरब डॉलर जीडीपी का 2.0 फीसदी और एक साल पहले की समान अवधि में यह 13.4 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 1.6 फीसदी रहा था। आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में कैड में गिरावट की मुख्य वजह मजबूत सेवा निर्यात के साथ व्यापार घाटे में कमी रही है। इस दौरान व्यापार घाटा भी 71.3 अरब डॉलर से घटकर 52.6 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई ने कहा कि कंप्यूटर सेवाओं से शुद्ध कमाई में वृद्धि के कारण सेवाओं से प्राप्तियां भी बढ़ी हैं। दरअसल, कैड किसी देश के भुगतान संतुलन का एक प्रमुख संकेतक है। रिजर्व बैंक के मुताबिक इस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 5.6 अरब डॉलर बढ़ा जबकि वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में इसमें 16.0 अरब डॉलर की कमी आई थी। हालांकि वित्त वर्ष 2022-23 में चालू खाता शेष में जीडीपी के मुकाबले दो फीसदी का घाटा दर्ज किया गया जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में यह आंकड़ा 1.2 फीसदी था।

# 19 साल बाद टाटा समूह की कंपनी का आएगा आईपीओ; सेबी से मिली मंजूरी

**मुंबई/नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने टाटा टेक्नोलॉजीज के IPO को मंजूरी दे दी है जो लगभग दो दशकों में टाटा समूह की ओर से आने वाला पहला सार्वजनिक निर्गम होगा। टाटा समूह की कंपनी ने मार्च में सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज जमा कराए थे। यह निर्गम पूरी तरह से बिक्री पेशकश (ओएफएस) है जिसके तहत बिक्री करने वाले शेयरधारक 9.57 करोड़ इकाइयों की बिक्री करेंगे, जो इसकी चुकता शेयर पूंजी का 23.60 प्रतिशत है।यह आईपीओ बहुप्रतीक्षित है क्योंकि बीते 19 सालों में टाटा समूह की ओर से आने वाला यह पहला आईपीओ है। इससे पहले टाटा समूह की कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का आईपीओ जुलाई 2004 में आया था। तब से, निफ्टी का यह स्टॉक शेयर दलाल स्ट्रीट पर सबसे बड़े वेल्थ क्रिएटर्स में से एक रहा है और अब कंपनी का मार्केट कैप लगभग 11.7 लाख करोड़ रुपये है। टाटा मोटर्स की सहायक कंपनी, टाटा टेक्नोलॉजीज एक शुद्ध प्ले इंजीनियरिंग सेवा फर्म है जो विनिर्माण एलईडी वर्टिकल पर केंद्रित उत्पाद विकास और डिजिटल इंजीनियरिंग से जुड़े समाधान प्रदान करती है। मूल रूप से इसकी स्थापना 1994 में कोर सॉफ्टवेयर सिस्टम के रूप में की गई थी। टाटा समूह की ओर से इसका अधिग्रहण फरवरी 2001 में किया गया उसके बाद कंपनी का नाम बदलकर टाटा टेक्नोलॉजीज कर दिया गया था। टाटा टेक्नोलॉजीज अपने राजस्व का अधिकांश हिस्सा ऑटोमोटिव वर्टिकल (75फीसदी) से प्राप्त करती है, जिसमें एंकर ग्राहक टाटा मोटर्स और जगुआर लैंड रोवर हैं, जो कुल मिलाकर सेवा राजस्व में 40फीसदी का योगदान देते हैं।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केटः मिले जुले कारोबार के बीच बिटकॉइन में तेजी

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में मिला जुला रुख बना हुआ नजर आ रहा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप 10 क्रिप्टो करेंसीज में से 6 में गिरावट का रुख है जबकि बिटकॉइन समेत 4 क्रिप्टो करेंसी बढ़त के साथ कारोबार करती नजर आ रही हैं। दुनिया की सबसे बड़ी और क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन में आज 1.13 प्रतिशत तक की तेजी आई है, जिसके कारण ये आभासी मुद्रा 30,648.25 डॉलर के स्तर तक पहुंच गई है। सबसे बड़ी बात तो ये है कि क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन की हिस्सेदारी एक बार फिर 50 प्रतिशत से ज्यादा हो गई है। बिटकॉइन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम भी आज 0.09 प्रतिशत की तेजी के साथ उछल कर 1,881.22 डॉलर के स्तर तक पहुंच गई है। अगर ओवरऑल क्रिप्टो करेंसी मार्केट की बात करें तो पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप 0.77 प्रतिशत मजबूत हुआ है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप 1.19 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 97.58 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने वाली अधिकृत कंपनी कॉइन मार्केट कैप द्वारा उपलब्ध कराई गई



जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के अनुसार शाम 5 बजे तक 1 बिटकॉइन की कीमत 30,648.25 डॉलर यानी 25.13 लाख रुपये के स्तर पर पहुंच गई थी। शाम 5 बजे तक बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा अन्य प्रमुख क्रिप्टो करेंसीज में बीएनबी 0.90 प्रतिशत और ट्रॉन 1.55 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रही थीं। दूसरी ओर टेथर 0.02 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत, एक्सआरपी 0.06 प्रतिशत, कार्डानो 1.48 प्रतिशत, डोजेकॉइन 0.63 प्रतिशत और सोलाना 1.36 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रही थीं। कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में लेन-देन में भी तेजी आई है। इस अवधि में करीब 3,612 करोड़ डॉलर यानी करीब 2.96 लाख करोड़ रुपये कीमत की क्रिप्टो करेंसी की लेन देन हुई है। पिछले 1 दिन की तुलना में लेन देन का ये स्तर 11.06 प्रतिशत अधिक रहा है। आज के कारोबार में हुई खरीद बिक्री के बाद क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन की हिस्सेदारी भी 0.25 प्रतिशत बढ़ कर 50.12 प्रतिशत हो गई है।

# महंगाई पर काबू पाने के लिए बफर स्टॉक से तुअर दाल देगी सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने भारतीय बाजार में आयातित स्टॉक आने तक अरहर दाल को राष्ट्रीय सुरक्षित भंडार (बफर स्टॉक) से एक मूल्यांकित और लक्षित तरीके से जारी करने का निर्णय लिया है। केंद्र ने यह कदम उपभोक्ताओं को तुअर दाल यानी अरहर दाल की किफायती दामों पर उपलब्धता बढ़ाने के लिए उठाया है। खाद्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नाफेड) और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) को पात्र मिल मालिकों के बीच ऑनलाइन नीलामी के माध्यम से तुअर दाल का निपटान करने का निर्देश दिया है, ताकि उपभोक्ताओं के लिए तैयार तुअर दाल के उपलब्ध स्टॉक को बढ़ाया जा सके। इससे पहले सरकार ने जमाखोरी और सट्टेबाजी को रोकने और उपभोक्ताओं के लिए



कीमत सामान्य बनाए रखने के लिए 2 जून को आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 को लागू कर तुअर और उड़द दाल के स्टॉक की अधिकतम सीमा लागू की थी। इस आदेश के तहत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 31 अक्टूबर, 2023 तक तुअर और उड़द के लिए स्टॉक सीमा निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि कुछ महीने पहले खुदरा बाजार में तुअर दाल गुणवत्ता के आधार पर 95-110 रुपये प्रति किलोग्राम बिकती थी, लेकिन अब यह 130-150 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही है। दरअसल सरकार आमतौर पर आयात स्थिति और वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि के बीच जरूरतों को प्रतिबंधित करने के लिए बफर स्टॉक रखती है।

# एचडीएफसी का एचडीएफसी बैंक में विलय एक जुलाई से होगा प्रभावीः दीपक पारेख

**मुंबई/नई दिल्ली।** आवास वित्त कंपनी एचडीएफसी लिमिटेड का निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के साथ विलय एक जुलाई से प्रभावी होगा। इस विलय प्रस्ताव को मंजूरी देने के लिए एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक के निदेशक मंडलों की बैठक 30 जून को होगी। एचडीएफसी के चेयरमैन दीपक पारेख ने मंगलवार को कहा कि एचडीएफसी का एचडीएफसी बैंक के साथ विलय एक जुलाई से



प्रभावी होगा। इस विलय के बाद बनने वाली नई इकाई की संयुक्त संपत्ति करीब 18 लाख करोड़ रुपये होगी। इस सौदे के तहत एचडीएफसी के प्रत्येक शेयरधारक को 25 शेयरों के बदले एचडीएफसी बैंक के 42 शेयर मिलेंगे।

एचडीएफसी के वाइस चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) केकी मिस्त्री ने कहा कि कंपनी के शेयर की सूचीबद्धता समाप्त करने का काम 13 जुलाई से प्रभावी होगा। एचडीएफसी बैंक ने पिछले साल चार अप्रैल को आवास वित्त कंपनी एचडीएफसी लिमिटेड का खुद में विलय करने पर सहमति जताई थी। यह विलय सौदा 40 अरब डॉलर का है। देश के कंपनी इतिहास में इसे सबसे बड़ा विलय सौदा करार दिया गया है। इस विलय के बाद देश की एक बड़ी वित्तीय सेवा कंपनी सृजित होगी।

## पॉल स्टर्लिंग ने बराबर किया युवराज सिंह का बड़ा रिकॉर्ड, आयरलैंड को मिले बड़ी जीत

**बुलावायो।** आयरलैंड ने विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात को 138 रन से हरा दिया। आयरलैंड ने पॉल स्टर्लिंग की शतकीय पारी की बदौलत निर्धारित 50 ओवर के खेल में 4 विकेट पर 349 रन बनाए थे। स्टर्लिंग ने 134 गेंद में 162 रनों की पारी खेली जिसमें 15 चौके और 8 छक्के भी शामिल थे। स्टर्लिंग का यह 14वां वनडे शतक रहा। ऐसा कर उन्होंने भारतीय बल्लेबाज युवराज सिंह की बराबरी कर ली। युवराज ने भी 300 से ज्यादा मैचों में 14 शतक लगाए थे। बहरहाल, आयरलैंड ने स्टर्लिंग के शतक, कप्तान एंड्रयू बिलबर्नी के 88 गेंद में 66 तो हैरी टैक्टर के 33 गेंद में 57 रनों की बदौलत बड़ा स्कोर बनाया था। यूएई की ओर से गेंदबाजी करते हुए संचित शर्मा ने सबसे अधिक 3 विकेट हासिल किए। उन्होंने इसके लिए 7 ओवर में 46 रन भी दे दिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई के लिए मुहम्मद वसीम और आर्यांश शर्मा ने ओपनिंग की। आर्यांस 18 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद यूएई के बल्लेबाजों ने नियमित अंतराल पर अपने विकेट गंवाए। वसीम ने सबसे सबसे अधिक 45 रनों की पारी खेली जबकि संचित शर्मा ने 44 रन बनाए। पूरी टीम 211 रन पर आऊट होने के कारण आयरलैंड ने यह मैच 138 रन से जीत लिया। इसी तरह श्रीलंका ने स्कॉटलैंड को 82 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंकाई टीम 245 रन पर आउट हो गई थी। लेकिन महीष तीक्षणा ने तीन विकेट लेकर स्कॉटलैंड को 29 ओवर में 163 रन पर पवेलियन भेजने में प्रमुख भूमिका निभाई। श्रीलंका के लिए पाथुम निसांका ने 75 तो चरित असालांका ने 63 रन बनाए थे।

## गुरु काशी यूनिवर्सिटी के छात्रों ने एशिया कप तीरंदाजी टूर्नामेंट में रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** गुरु काशी यूनिवर्सिटी के प्रतिभाशाली छात्रों के एक ग्रुप ने अंडर-21 कंपाउंड टीम इवेंट 50 मीटर तीरंदाजी में पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़कर इतिहास रच दिया है। साक्षी चौधरी, प्रगति और दीप शिखा ने सिंगापुर में आयोजित प्रतिष्ठित एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 2,076 अंक अर्जित किए। इन युवा तीरंदाजों के असाधारण प्रदर्शन से 2,075 अंक का पिछला रिकॉर्ड टूट गया। यह उल्लेखनीय उपलब्धि न केवल यूनिवर्सिटी को गौरवान्वित करती है बल्कि गुरु काशी यूनिवर्सिटी के उभरते एथलीटों की अपार क्षमता को भी उजागर करती है।

गुरु काशी यूनिवर्सिटी के सम्मानित चांसलर गुरलाभ सिंह सिद्धू ने उन खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और संकाय सदस्यों के अथक प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने इन प्रतिभाशाली तीरंदाजों के कौशल को निखारने के लिए खुद को समर्पित किया है। सिद्धू ने अपने एथलीटों को अटूट समर्थन और विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए यूनिवर्सिटी की अटूट प्रतिबद्धता भी दोहराई। साक्षी चौधरी, प्रगति और दीप शिखा की रिकॉर्ड तोड़ने वाली उपलब्धि खेल प्रतिभाओं के पोषण और विभिन्न विषयों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाला वातावरण बनाने पर यूनिवर्सिटी के फोकस का एक प्रमाण है। छात्रों की उपलब्धि न केवल उनके लिए सम्मान लाती है, बल्कि खेल को बढ़ावा देने और युवा एथलीटों को उत्कृष्टता हासिल करने के लिए एक मंच प्रदान करने में अग्रणी संस्थान के रूप में गुरु काशी यूनिवर्सिटी को भी पहचान दिलाती है। सटीकता, तकनीक और मानसिक दृढ़ता के अपने असाधारण प्रदर्शन के साथ, इन छात्रों ने तीरंदाजी इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया है। उनकी सफलता देश भर के महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए एक प्रेरणा है, जो दर्शाती है कि समर्पण, कड़ी मेहनत और सही समर्थन के साथ वे भी महानता का लक्ष्य रख सकते हैं।

## विश्व कप क्वालीफायर: स्कॉटलैंड को हराकर श्रीलंका ने हासिल किया शीर्ष स्थान

**हरारे।** श्रीलंका ने 2023 वनडे विश्व कप क्वालीफायर में स्कॉटलैंड को 82 रन से हराकर ग्रुप बी में पहला स्थान हासिल किया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर श्रीलंकाई टीम 245 रन पर आउट हो गई लेकिन बाद में महीष तीक्षणा के तीन विकेट की मदद से उसने स्कॉटलैंड को 29 ओवर में 163 रन पर पवेलियन भेज दिया। श्रीलंका के लिये सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका ने 75 रन बनाए जबकि चरित असालंका ने 63 रन की पारी खेली। स्कॉटलैंड के लिए क्रिस ग्रीव्स ने चार और मार्क वाट ने तीन विकेट चटकाए। अब श्रीलंका के चार अंक है और वह सुपर सिक्स में है जबकि स्कॉटलैंड के दो ही अंक हैं।



# मुरलीधरन-सहवाग ने चुने 3-3 बल्लेबाज जो क्रिकेट विश्व कप में मचाएंगे धूम

**नई दिल्ली।** आईसीसी ने आखिरकार क्रिकेट विश्व कप 2023 का शैड्यूल ऐलान दिया है। नरेंद मोदी स्टेडियम में टूर्नामेंट का ओपनिंग और फाइनल मुकाबला होगा। विश्व कप का शेड्यूल जारी करने के लिए बीसीसीआई और आईसीसी की ओर से कार्यक्रम करवाया गया था जिसमें भारतीय पूर्व स्टार बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग और श्रीलंका के मुथैय्या मुरलीधरन पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान बात करते हुए मुरलीधरन और सहवाग ने 3-3 बल्लेबाज चुने जो क्रिकेट विश्व कप में धूम मचा सकते हैं। मुरली ने कहा कि विराट कोहली, जो रूट और बाबर आजम विश्व कप के शीर्ष स्कोरर बन सकते हैं। उनसे यह भी पूछा कि क्या कोई खिलाड़ी एक विश्व कप में रोहित शर्मा के 5 शतक के रिकॉर्ड को तोड़ सकता है। मुरली ने कहा कि



यह बहुत कठिन होगा। आपको केवल 9 से 10 या 11 मैच ही मिलते हैं। इसलिए इसे तोड़ना बहुत कठिन है। मुरली ने इसी के दौरान कहा कि विश्व कप में स्पिनरों का दबदबा हो सकता है। सर्वाधिक विकेट लेने वालों में मेरी पसंद आदिल राशिद, राशिद खान होंगे। अगर रवींद्र जड़ेजा सभी मैच खेलते हैं तो वह भी शीर्ष दावेदार होंगे।

वहीं, सहवाग ने भी इस दौरान अपने फेवरेट क्रिकेटरों पर बात की। सहवाग ने विश्व कप में टॉप स्कोरर के रूप में विराट कोहली, रोहित शर्मा और डेविड वॉर्नर को चुना। सहवाग बोले- मुझे यकीन है कि विराट कोहली बहुत सारे रन बनाएंगे और वह भारत के लिए विश्व कप जीतने की पूरी कोशिश करेंगे। यह भी संभव है कि विराट कोहली इस विश्व कप में सचिन तेंदुलकर के सर्वाधिक वनडे शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ देंगे। विश्व कप 2023 के फाइनलिस्ट के रूप में वीरेंद्र सहवाग ने भारत और ऑस्ट्रेलिया को तो मुथैया मुरलीधरन ने भारत और इंग्लैंड को फाइनलिस्ट चुना।

## मोहाली में मैच नहीं होने की वजह आई सामने, बीसीसीआई की ओर से आया बयान

**दुबई ।** 2023 विश्व कप का शेड्यूल जारी होने के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) जांच के घेरे में आ गया है। टूर्नामेंट दस शहरों में आयोजित किया जाएगा, ऐसे में बोर्ड को कई प्रसिद्ध स्टेडियमों को मैच आवंटित नहीं करने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने मोहाली को एक आयोजन स्थल के रूप में नजरअंदाज करने के लिए बीसीसीआई की आलोचना की और इसे एक राजनीतिक निर्णय करार दिया।

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिलाष खांडेकर ने भी इंदौर के होल्कर स्टेडियम में विश्व कप का आयोजन नहीं होने पर निराशा व्यक्त की, लेकिन अब वजह सामने आ चुकी है कि किस कारण यहां मैच नहीं करवाने का फैसला लिया गया। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने आगामी विश्व कप के लिए मोहाली जैसे स्थानों को शामिल न करने के पीछे का कारण बताया। उन्होंने कहा कि स्टेडियम आईसीसी के अपेक्षित मानकों को पूरा नहीं करता है, जिसके कारण इसे मेजबानी के लिए हटा दिया गया। हालांकि, शुक्ला ने खुलासा किया कि यहां द्विपक्षीय सीरीज के मैच होंगे क्योंकि बोर्ड अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए किसी भी राज्य को भूखा नहीं रखना चाहता है। शुक्ला ने हिंदुस्तान टाइम्स के हवाले से कहा, मोहाली में मौजूदा स्टेडियम आईसीसी के मानकों पर खरा नहीं उतरा और इसलिए उसे मैचों से वंचित कर दिया गया। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें मैच नहीं दिए जाएंगे। द्विपक्षीय सीरीज के मैच उन्हें दिए जाएंगे। आयोजन स्थलों को अंतिम रूप देने में आईसीसी की सहमति अहम है। त्रिवेन्द्रम में पहली बार वार्म-अप मैच की मेजबानी दी गई है। ऐसा नहीं है कि किसी भी राज्य की अनदेखी की गई हो।

## 'MS Dhoni से खतरनाक गेंदबाज कोई नहीं : Suresh Raina

**लखनऊ।** सुरेश रैना का कहना है कि उनके क्रिकेट करियर में सबसे कठिन गेंदबाज महेंद्र सिंह धोन रहे हैं। रैना जोकि धोनी के साथ टीम इंडिया के अलावा आईपीएल की फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स में लंबे समय तक खेले हैं, ने एक कार्यक्रम के दौरान यह बोलकर सब को हैरत में डाल दिया। बता दें कि धोनी टीम इंडिया में बतौर स्पैशलिस्ट विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर खेलते रहे हैं। उन्होंने अपने करियर में बहुत कम गेंदबाजी की है।

बहरहाल, रैना ने कहा कि एमएस धोनी नेट्स में सबसे खतरनाक गेंदबाज हैं, जिन्हें मैंने अपने करियर में खेला है। मुझे लगता है कि मुरलीधरन और मलिंगा दुनिया के सबसे खतरनाक गेंदबाज हैं लेकिन नेट्स में एमएस धोनी थे। अगर उन्होंने आपको नेट्स में आउट कर दिया तो आप उनके साथ एक-डेढ़ महीने तक नहीं बैठ पाएंगे। वह हर बात में इशारा करते हुए आपको याद दिलाते रहेंगे। वो



बताते रहेंगे कि उन्होंने कैसे आपको आउट किया। रैना बोले- धोनी नेट पर ऑफ-स्पिन, मीडियम फास्ट, लेग स्पिन, सब कुछ गेंदबाजी करते थे। नेट्स में वह अपने फ्रंट फुट नो-बॉल को भी सही ठहराते थे। टेस्ट मैच में जहां भी उन्हें रेड बॉल मिलती, वह गेंदबाजी करते। इंगलैंड जैसी कंडीशन में तो उनकी गेंद खूब स्विंग हुआ करती थी। रैना ने इस दौरान बताया कि उनका अंतर्राष्ट्रीय वनडे मैच में डैब्यू वैसा नहीं हुआ जैसा वो चाहते थे। श्रीलंका के खिलाफ जुलाई 2005 को खेले गए मुकाबले में सुरेश रैना के सामने गेंदबाजी करने मुरलीधरन आए थे। रैना मुरली की गेंद को समझ नहीं पाए और पहली ही गेंद पर आऊट हो गए।

## अगर ऋषभ पंत फिट होते, तो भारत विश्व कप जीतने का असली दावेदार होता : पूर्व चयनकर्ता

**झांसी।** पूर्व चयनकर्ता क्रिस श्रीकांत ने दावा किया है कि अगर विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत फिट होते और टीम के लिए खेलते तो भारत इस साल वनडे विश्व कप का असली दावेदार होता। पंत फिलहाल पिछले साल दिसंबर में एक भीषण कार दुर्घटना में लगी चोटों से उबर रहे हैं। घटना से पहले, विकेटकीपर ने 12 मैचों में 336 रन बनाए थे, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 125 रन की मैच विजेता पारी भी शामिल थी। वनडे विश्व कप के लिए शेड्यूल 27 जून को जारी किया गया था। भारत का पहला मैच 8 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ है। इंडिया टुडे से बात करते हुए, श्रीकांत ने कहा कि अगर पंत फिट होते और खेल रहे होते, तो भारत विश्व कप जीतने का असली दावेदार होता। पूर्व चयनकर्ता ने कहा, 'हम ऋषभ पंत के बारे में वास्तविक सच्चाई नहीं जानते हैं। क्योंकि ऋषभ पंत, अगर वह खेल रहे होते, तो मैं सीधे कह देता कि भारत विश्व कप के लिए असली दावेदार है। लेकिन मुझे लगता है कि जाहिर



तौर पर, ऋषभ पंत की फिटनेस संदिग्ध है। मुझे पता है कि वह विश्व कप से पहले कितने फिट नहीं होंगे। मुझे इसमें संदेह है। कई लोगों को संदेह है कि वह 2023 विश्व कप खेलेंगे या नहीं।

पंत की अनुपस्थिति के बावजूद, श्रीकांत ने कहा है कि भारत में विश्व कप जीतने की क्षमता है और उन्होंने विराट कोहली, रोहित शर्मा, शुबमन गिल और केएल राहुल जैसे खिलाड़ियों का प्रदर्शन करने का समर्थन किया। उन्होंने कहा, +तो मेरा मानना है कि केएल राहुल जैसे खिलाड़ी को मध्यक्रम में आना चाहिए। केएल राहुल शानदार रहे हैं। हमारे पास रोहित शर्मा हैं, जो शुबमन गिल के साथ ओपनिंग करते हैं। फिर हमारे पास विराट कोहली हैं, जो इस प्रारूप में शानदार रहे हैं और वह फॉर्म में हैं। मेरा मानना है कि भारत में विश्व कप जीतने की क्षमता है।'

# वसीम अकरम बोले- इस भारतीय क्रिकेटर का भविष्य उज्जवल है, वह बहुत अच्छा फील्डर भी है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने चेन्नई सुपर किंग्स के सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनका भविष्य उज्ज्वल है। सीएसके ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हराकर आईपीएल 2023 का खिताब जीता था। स्पोर्ट्सकीड़ा से बात करते हुए अकरम ने कहा कि गायकवाड़ ने दबाव में बेहतरीन प्रदर्शन किया, साथ ही इस बात पर जोर दिया कि उनका भविष्य उज्ज्वल है। गायकवाड़ ने आईपीएल 2023 में 16 मैचों में 42.14 की औसत से 590 रन बनाए। उन्होंने कहा, 'दबाव में उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उनके साथ अच्छी बात यह है कि वह शारीरिक रूप से काफी फिट हैं।

वह बहुत अच्छे फील्डर हैं और युवा भी हैं।' अकरम ने कहा, 'जहां तक भारतीय क्रिकेट की बात आती है और जिन फ्रेंचाइजियों के लिए वह खेलते हैं, गायकवाड़ का भविष्य उज्ज्वल है।' इस बीच, भारत के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद



कैफ ने भारत और जीटी के सलामी बल्लेबाज शुबमन गिल की सराहना करते हुए कहा कि वह मानसिक रूप से बहुत मजबूत हैं और जानते हैं कि परिस्थितियों के आधार पर स्कोर कैसे करना है। गिल आईपीएल 2023 के अग्रणी रन-स्कोरर के रूप में समाप्त हुए, उन्होंने 17 मैचों में 890 रन बनाए। कैफ ने कहा, +गिल मानसिक रूप से बहुत मजबूत हैं। वह जानते हैं कि परिस्थितियों के आधार पर कैसे स्कोर करना है। जब बड़े खिलाड़ी फॉर्म में आते हैं तो वे आराम नहीं करते। वे मानसिक रूप से सतर्क हैं।' उन्होंने आगे कहा कि गिल की कड़ी मेहनत स्पष्ट है, उन्होंने कहा कि उन्होंने अकेले दम पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीटी मैच जीता।

गिल ने एमआई के खिलाफ 60 गेंदों पर 129 रन बनाकर आईपीएल 2023 का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर दर्ज किया। कैफ ने कहा, 'अभ्यास के दौरान गिल की भूख और कड़ी मेहनत स्पष्ट है। उन्होंने अकेले दम पर गुजरात को मुंबई के खिलाफ मैच जिताया।'

## कभी-कभी आपको वापसी के लिए बेहद निचले स्तर पर पहुंचना पड़ता है : वेस्टइंडीज के कोच डेरेन सैमी

**हरारे (जिम्बाब्वे) ।** वेस्टइंडीज के कोच डेरेन सैमी इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि वे आईसीसी पुरुष विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के लिए आगामी सुपर सिक्स चरण के मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

सैमी ने आईसीसी से कहा, 'मैं बहुत सकारात्मक सोच वाला हूं और इस टीम के साथ मुझे जो सफर तय करना है उसे मैं समझता हूं। कभी-कभी आपको वापसी के लिए सबसे निचले स्तर पर पहुंचना पड़ता है।' उन्होंने कहा, 'मैं आगे की चुनौतियों को समझता हूं और मैं यह भी समझता हूं कि चीजें रातोरात नहीं बदलेंगी। यह इस बात का सच्चा प्रतिबिंब है कि इस समय हमारा क्रिकेट कहां है और हमें बहुत काम करना



है।' आईसीसी ने पुरुष क्रिकेट विश्व कप के फिक्स्चर की घोषणा की, जिसमें छह टीमें अभी भी भारत 2023 में अंतिम दो स्थानों की दौड़ में हैं। मेजबान जिम्बाब्वे (चार मैचों में चार जीत, आठ अंक), वेस्टइंडीज (चार मैचों में दो जीत, दो हार, चार अंकों के साथ) और नीदरलैंड (चार मैचों में तीन जीत और एक हार, छह अंक) ने शीर्ष तीन स्थान हासिल किए। ग्रुप ए से श्रीलंका (चार मैचों में चार जीत), ओमान (चार मैचों में दो जीत और दो हार, चार अंक) और स्कॉटलैंड (चार मैचों में तीन जीत, छह अंक, छह अंक) ग्रुप बी से आगे बढ़े।

ग्रुप चरण से आगे बढ़ने वाले विरोधियों के खिलाफ जीते गए सभी अंक आगे बढ़ाए जाएंगे। सुपर सिक्स में प्रत्येक टीम उन टीमों से खेलेगी जिनसे वे ग्रुप चरण में नहीं खेले थे और शीर्ष दो टीमें आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में आगे बढ़ेंगी।

## विश्व कप 2023 में पाकिस्तान के मैचों के लिए कैसी होगी सुरक्षा व्यवस्था, कैब अध्यक्ष ने बताया

**कोलकाता।** आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप के शेड्यूल की घोषणा मंगलवार को कर दी गई है। 2011 के बाद एक बार फिर भारत में विश्व कप होने जा रहा है जिसमें देश के कई हिस्सों में मुकाबले होंगे। ईडन गार्डन्स भी इसमें शामिल है क्योंकि सिटी ऑफ जॉय को आगामी विश्व कप में पांच महत्वपूर्ण मैचों का आयोजन करनी है। ईडन को बांग्लादेश और पाकिस्तान के कुछ मैचों के साथ-साथ भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका का सबसे महत्वपूर्ण मैच की मेजबानी का मौका मिला है। कोलकाता के CAB (क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल) में हर तरफ खुशी का माहौल है और पाकिस्तान के मैचों के लिए कड़ी सुरक्षा



व्यवस्था की बात कही गई है।

सौरव गांगुली के बड़े भाई और कैब अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली बीसीसीआई और आईसीसी के फैसलों से खुश हैं। उन्होंने पांच महत्वपूर्ण मैचों के लिए बीसीसीआई और जय शाह को धन्यवाद दिया। कैब अध्यक्ष ने कहा, 'हम संतुष्ट हैं। मैं वास्तव में जय शाह, बीसीसीआई और आईसीसी को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं पिछले 4 महीनों से काम कर रहा था। मैं अच्छे मैचों के लिए काम कर रहा हूं। हम डिजाइन दिखाते हैं और सब कुछ। हमें आईपीएल में सबसे अच्छा मैदान मिला है। हमारे पास इस बारे में कभी सवालिया निशान नहीं था। इसलिए इस प्रकार के निर्णयों में बहुत सारे प्लस माइनस शामिल हैं। जय शाह ने मुझे अच्छे मैच देने का वादा किया। मैंने जय शाह और बीसीसीआई को धन्यवाद दिया कि उनके पास ईडन गार्डन्स के बारे में अच्छा दृष्टिकोण है।'

ईडन पाकिस्तान के मैचों की मेजबानी करने जा रहा है जिसके लिए उच्च सुरक्षा की आवश्यकता है। सुरक्षा व्यवस्था के बारे में स्नेहसिस ने कहा, 'हम पहले ही टी20 में भारत बनाम पाकिस्तान की मेजबानी कर चुके हैं। लेकिन हमारे पास दो पाक मैच हैं। ये मैच कठिन हैं। विश्व कप का आयोजन चुनौतीपूर्ण है। हम किसी भी तरह की चुनौती लेने के लिए तैयार हैं।' सभी आईपीएल मैचों में हमारे पास अच्छी भीड़ थी। उन्होंने कहा, 'मैं मैचों की मेजबानी को लेकर बहुत आश्वस्त हूं। पाकिस्तान के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। मुझे लगता है कि पाकिस्तान पहले भी कोलकाता में खेल चुका है। मैं अंदर की कहानी नहीं जानता। लेकिन उनकी पहली प्राथमिकता कोलकाता है, उसके बाद चेन्नई और बेंगलुरु हैं।' कैब अध्यक्ष ने कहा, 'मुझे कोलकाता पुलिस पर भरोसा है। सुरक्षा व्यवस्था सामान्य मैचों की तुलना में कड़ी होगी। मुझे सीएम ममता बनर्जी और प्रशासन पर भी भरोसा है।'

## नासिर हुसैन ने मेरे करियर पर प्रभाव डालने के लिए हर संभव प्रयास किया- जो रूट

**नई दिल्ली ।** जब ब्रेंडन मैकुलम इंग्लैंड के रेड-बॉल कोच बने और बल्लेबाजों के गेमप्ले में अति-आक्रामक 'बैज़बॉल' चाल को शामिल करना शुरू किया तो क्रिकेट प्रेमियों को संदेह हुआ कि क्या जो रूट इस भूमिका में फिट हो पाएंगे। 32 वर्षीय को उच्च स्ट्राइक रेट पर काम करने के लिए नहीं जाना जाता था। अभी कुछ साल पहले वह अपने अर्धशतक को शतक में बदलने के लिए भी संघर्ष कर रहे थे। हालांकि, दाएं हाथ के खिलाड़ी की गुणवत्ता पर कोई संदेह नहीं था। अच्छे खिलाड़ी हमेशा विभिन्न प्रारूपों और विभिन्न परिस्थितियों में सामंजस्य बिठाने के तरीके ढूंढते हैं। रूट भी अलग नहीं हैं। उन्होंने 'बज़बॉल' को उसी तरह अपना लिया है जैसे मछली को पानी में। उन्होंने टिम साउदी, पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड जैसे तेज गेंदबाजों को साहसपूर्वक रिवर्स-स्कूप से छक्के लगाए हैं। रूट भी अपनी शुरुआत को तीन अंकों के स्कोर में बदलने में सक्षम हैं। पहले एशेज टेस्ट में रूट ने पहली पारी में 152 गेंदों में 118 रन की तूफानी पारी खेली और 30वां टेस्ट शतक बनाया। दूसरी पारी में रूट ने सिर्फ 55 गेंदों पर 46 रन बनाए। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने नासिर हुसैन को कुछ उपयोगी सलाह देने के लिए धन्यवाद दिया, जिससे उन्हें अपनी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने और टेस्ट क्रिकेट में अपने खेल को प्रबंधित करने में मदद मिली। रूट ने बताया, 'नासिर हुसैन ने मुझे मेरी पारी के अलग-अलग समय में आउट करने के तरीकों और अपने खेल को प्रबंधित करने के बारे में कुछ जानकारी दी। यह जानकर अच्छा लगा कि वहां ऐसे लोग हैं जो मदद करने को तैयार हैं, भले ही ऐसा लग सकता है कि वे कभी-कभी आपके खेल को खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। वह मेरे करियर में प्रभाव डालने के लिए अपने रास्ते से हट गए और मैं आभारी हूं, क्योंकि यह एक बड़ी मदद थी।' विशेष रूप से रूट के नाम 2022 से पहले 53 अर्धशतक और 23 शतक थे। तब से उन्होंने सात शतक और पांच अर्धशतक बनाए हैं। जो रूट ने खराब फार्म से उबरे का खुलासा करते हुए कहा, 'यह वहां जाकर कुछ शांति और सुकून पाने, अपने लिए कुछ समय बिताने के बारे में था। एक कप्तान का काम कठिन होता है। जब कोई इंग्लैंड के रेड-बॉल कप्तान के काम पर विचार करता है तो कठिनाई का स्तर कुछ हद तक बढ़ सकता है।

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## सिवनी: डुंगरिया बांध में रिसाव, खाली हुए दो गांव

**सिवनी:** मध्यप्रदेश के सिवनी जिले के लखनादौन विकासखंड अंतर्गत डुंगरिया बांध की दीवार में सीपेज की स्थिति को देखते हुए 27 जून की रात आसपास के दो गांव डुंगारिया व बदनौर खाली हो गए। यहां के निवासी सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं। जल संसाधन विभाग सिवनी के कार्यपालन यंत्री नंदकिशोर बेलवंशी ने बताया कि लखनादौन के अंतर्गत आने वाले ग्राम गनेशगंज के समीप डुंगरिया बांध में बारिश के कारण जलभराव ज्यादा हो गया था तथा ओवरफ्लो के कारण रिसाव हो रहा था। रात में दो घंटे के लिए स्थिति खराब रही। हमने मशीनरी व स्टाफ लगाकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया है। अब स्थिति सामान्य है। नगर निरीक्षक थाना लखनादौन मनोज गुप्ता ने बताया कि बांध के रिसाव को देखते हुए ग्रामीण स्वविवेक से सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं।

## बकरीद के मद्देनजर रांची में फ्लैग मार्च

**रांची।** राजधानी रांची में बकरीद को लेकर एसएसपी किशोर कौशल के नेतृत्व में शहर के अलग-अलग जगहों पर फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान डोरंडा इलाके में फ्लैग मार्च किया गया।

एसएसपी ने कहा कि फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को संदेश देने का प्रयास किया गया कि सभी शांति से त्योहार मनाएं। उपद्रव फैलाने वालों को बक्सा नहीं जायेगा। साथ ही फ्लैग मार्च के जरिए लोगों से गुरुवार को बकरीद के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की गई। सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने का आग्रह किया गया।

राजधानी रांची में बकरीद को लेकर सुरक्षा के कड़े और पुख्ता इंतजाम किये गये है। सुरक्षा को लेकर राजधानी में दो हजार पुलिसकर्मी को लगाया है। एसएसपी ने बताया कि पर्व को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है। साथ ही बकरीद को लेकर 1200 लोगों के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 107 के तहत कार्रवाई की गयी है। दूसरी ओर रांची पुलिस ने आम लोगों से अनुरोध किया है कि किसी भी अप्रिय घटना होने, उसके प्रयास करने और असामाजिक गतिविधि की सूचना हमारे कंट्रोल रूम के व्हाट्सएप नंबर 6299 423768 पर दें। साथ ही 112 पर कॉल करें। हर सूचना पर रांची पुलिस अविलंब कार्रवाई करेगी। इसके अलावा सिटी एसपी शुभांशु जैन और ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने भी अलग-अलग जगहों पर फ्लैग मार्च किया। दोनों अधिकारियों ने लोगों को शांति से पर्व त्योहार मनाने की अपील की।

# सीएम हेल्पलाइन की दो बार समीक्षा करें: धामी

### शिकायतों पर त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक कार्यदिवस पर कुछ शिकायतकर्ताओं से जिलाधिकारी बात करें

समीक्षा के निर्देश

**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश दिये कि सतर्कता अधिष्ठान को तेजी से सक्रिय किया जाए**





**विभिन्न विभागों में किसी क्षेत्र में अधिक शिकायतें आ रही हैं, तो इनका भी अलग से डाटा रखा जाए**

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**सीएम** हेल्पलाइन-1905 की सभी जिलाधिकारी माह में दो बार समीक्षा करें। सचिव एवं विभागीय एचओडी भी इसकी नियमित समीक्षा करें। सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों पर त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक कार्यदिवस पर कुछ शिकायतकर्ताओं से जिलाधिकारी बात करें। यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में सीएम हेल्पलाइन-1905 की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री हर माह के अन्तिम गुरुवार को सीएम हेल्पलाइन 1905 की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री धामी ने निर्देश दिये कि सतर्कता अधिष्ठान को तेजी से सक्रिय किया जाए। भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन के लिए 1064 नम्बर के प्रति लोगों को और जागरूक किया जाए। शिकायतें मिलने पर जनपदों में जिलाधिकारी एवं एस.एस.पी कार्यालयों का औचक निरीक्षण करें। विजिलेंस को भी सख्ती से कार्य करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन विभागों द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के निदान का प्रतिशत कम है, वे सभी विभाग इसमें जल्द सुधार कर लें। जन शिकायतों का समयबद्धता के साथ निदान हो, सभी विभाग इसको पूरी गंभीरता से लें। कार्य के प्रति लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए जो विभाग अच्छा कार्य कर रहे हैं, उन्हें प्रोत्साहित भी किया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर एवं विभाग के स्तर पर लोग जो अपनी समस्याएं लेकर आ रहे हैं, यह सुनिश्चित किया जाए कि उनका शीघ्रता से समाधान हो। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित करें कि सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतों का आंकलन अच्छी तरह से हो, शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि आगामी बैठक में सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों पर प्रत्येक जनपद में कितने प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण हुआ है, इसका भी पूरा डाटा प्रस्तुत किया जाए।

विभिन्न विभागों में किसी क्षेत्र में अधिक शिकायतें आ रही हैं, तो इनका भी अलग से डाटा रखा जाए, ताकि इनके समाधान के लिए आगे नीति निर्धारण किया जा सके। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीएम हेल्पलाइन पर विभिन्न समस्याओं को लेकर शिकायत दर्ज करने वाले 07 शिकायतकताओं से बात भी की। अल्मोड़ा के गिरीश चन्द्र तिवारी ने शिकायत दर्ज की थी कि उनके विद्युत कनेक्शन पर किसी और का बिल दिखाई दे रहा है। इसकी जानकारी विभागीय कार्यालय को देने के बाद जल्द समाधान नहीं हुआ। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करने के बाद मात्र चार दिन बाद समाधान हो गया था।

इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त किया। पौड़ी के महेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि उन्होंने जाति प्रमाण पत्र के लिए दो बार अप्लाई किया था, दोनों बार फार्म रिजेक्ट किया गया। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करने के बाद समस्या का समाधान जल्द हो गया था।

## सड़क पर नमाज अदा की तो होगी एफआईआर



चस्पा

**टीम एक्शन इंडिया/मेरठ**

**ईद** उल अजहा पर सड़क पर नमाज न हो इसके लिए पुलिस ने पूरी सख्ती बरतनी शुरू कर दी हैं। बुधवार को पुलिस ने मस्जिदों पर आदेश चस्पा किए हैं। इसमें सीधे कहा गया है की ईदगाह या मस्जिदों के बाहर नमाज अदा की गई तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ तत्काल रिपोर्ट दर्ज की जायेगी। ऐसे लोगो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

पुलिस की ओर से सभी मस्जिदों पर ऐसे आदेश चस्पा किए जाते रहे। 9 से लेकर मुस्लिम वर्ग के चेहरों पर खौफ देखा गया। पूरे दिन मेरठ में ये आदेश चस्पा करने के क्रम जारी रहा। इस बारे में जब मस्जिदों के मुतवल्ली और इमाम से बातचीत का प्रयास किया गया तो उन्होंने कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया केवल इतना कहा सरकार के जो आदेश है उसे सभी आमो खास को अवगत करा दिया गया हैं। उन्हें इसका पालन करना चाहिए। इससे पहले देवबंद स्थित दारुल उलूम ने भी की ओर से अपील जारी करते हुए कहा था कि हमारे बड़े बुजुर्गों ने हमेशा प्रतिबंधित जानवरों की कुबार्नी से मना किया है इसलिए हर मुसलमान इसका ख्याल रखें और प्रतिबंधित जानवरों की कुबार्नी से दूर रहे। यह भी कहा कि खुले में और सड़कों व रास्तों पर कुर्बानी बिल्कुल न करें।

## बिहार: शाह की जनसभा की सभी तैयारियां पूरी



शाह भरेंगे हुंकार

**29 जून को गृहमंत्री अमित शाह का गांधी मैदान में होने वाली सभा भी ऐतिहासिक होगी**

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 29 जून को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के गढ़ मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के लखीसराय में जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बिहार भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। 25 हजार कार्यकर्ताओं के आने की व्यवस्था की गई है। उनके लखीसराय दौरे को ऐतिहासिक बनाने के लिए बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी मंगलवार और बुधवार दो बार लखीसराय आ चुके हैं। उन्होंने तैयारियों को जायजा लिया। इस दौरान सम्राट चौधरी ने कहा कि 29 जून को गृहमंत्री अमित शाह का गांधी मैदान में होने वाली सभा भी ऐतिहासिक होगी। सम्राट चौधरी ने लखीसराय में कार्यकताओं का उत्साह वर्धन किया और कहा कि कल होने वाली रैली ऐतिहासिक होगी। लखीसराय के अशोक धाम स्थित मंदिर से सटे बाहरी परती खेत में गृहमंत्री अमित शाह का हेलिकॉप्टर उतरने के लिए हेलिपेड निर्माण कराया जा रहा है। निमार्णाधीन हेलिपैड के बगल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी का हेलिकॉप्टर उतरा। प्रदेश अध्यक्ष का हेलिकॉप्टर आते ही अशोकधाम में स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ लग गई।

## अपने जीवन को प्रभु की भक्ति में लीन कर देना चाहिए



**सभी श्रद्धालुओं को जीवन में परमात्मा की भक्ति को हमेशा उच्च स्तर पर रखने के लिए प्रेरित किया**

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**उत्तर-भारत** के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री राधा कृष्ण मंदिर कोटलां कलां में गुरू पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष्य में चल रही श्रीमद् भागवत के दौरान जहां राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने आश्रम में पहुंचे श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। वहीं दिल्ली से पहुंचे कथावाचक राधा दामोदर दास ने अपने प्रवचनों से संगतों को निहाल किया। राष्ट्रीय संत बाबा जी महाराज ने भक्ति की शक्ति का महत्व बताते हुए कहा कि जो मनुष्य प्रभु को साक्षी मानकर जीवन में हर कार्य करता है, वह सदैव प्रभु की कृपा का पात्र बना रहता है, ऐसा प्राणी कभी गलत मार्ग पर नहीं चल सकता। राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने कहा कि हमें हमेशा प्रभु को साक्षी मानकर ही जीवन यापन करना चाहिए। मनुष्य को हर समय प्रभु कर भक्ति में लीन होकर हर कार्य को करना चाहिए। बाबा बाल जी ने अपने भक्तों को निहाल करते हुए कहा कि प्राणी को आदर, सम्मान व निस्वार्थ भावना से जीवन यापन करना चाहिए। भगवान की ओर से दिए गए अनमोल जीवन को प्रभु को समर्पित करके ही जीवन व्यतीत करना चाहिए। उधर, कथावाचक राधा दामोदर दास ने आए हुए सभी श्रद्धालुओं को जीवन में परमात्मा की भक्ति को हमेशा उच्च स्तर पर रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इंसान हर समय धन दौलत कमाने के बारे में सोचता हैं। लेकिन असली कमाई तो प्रभु के सुमिरन की ही करनी चाहिए।

## राजस्थान यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने बरसाईं लाठियां

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

राजस्थान यूनिवर्सिटी में एक साल के लंबे अंतराल के बाद बुधवार को सिंडिकेट की बैठक हो रही थी और इसमें कुल चालीस से ज्यादा प्रस्तावों पर चर्चा होनी है। बैठक में शामिल होने के लिए विधायक अमीन कागजी और गोपाल मीणा भी पहुंचे और सिंडिकेट का कोरम पूरा होने के साथ ही बैठक शुरू की गई थी। इस बीच मूलभूत समस्याओं को लेकर कुलपति सचिवालय की ओर बढते हुए प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने जमकर लाठियां बरसाईं। बताया जा रहा है कि इन्हें रोकने के लिए यूनिवर्सिटी में बड़ी संख्या में पुलिस जवानों को तैनात किया गया था। प्रदर्शनकारी छात्र बैरिकेड तोड़ कुलपति सचिवालय तक पहुंच गए और वहां हो रही सिंडिकेट की बैठक में हंगामा करने लगे। इस पर पुलिस ने लाठी चार्ज छात्रों को खदेड़ा। जानकारी के अनुसार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के छात्र मनु दाधीच,भरत भूषण बड़ी संख्या में प्रदर्शन करने कुलपति सचिवालय की ओर बढ़ रहे थे।

इस दौरान पुलिस ने बैरिकेडिंग कर पहले ही रोक दिया। इससे नाराज छात्र पुलिस से उलझ गए और बैरिकेडिंग हटाकर कुलपति सचिवालय की ओर बढ़ने लगे।

## संतुष्टिकरण के रास्ते पर चल रही मोदी सरकार: तरुण

दो टूक

**मारी प्राथमिकता दल से पहले देश है। जब देश का भला होगा तो सबका भला होगा, उससे देश आगे बढ़ेगा**

**टीम एक्शन इंडिया/भिण्ड**

**भाजपा के** के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार तुष्टिकरण नहीं, बल्कि संतुष्टिकरण के रास्ते पर चल रही है। जो लोग कॉमन सिविल कोड का विरोध कर रहे हैं, वे इस बात का जवाब दें कि यदि परिवार के हर सदस्य के लिए अलग-अलग कानून हों तो क्या घर चल सकता है? हमारी प्राथमिकता दल से पहले देश है। जब देश का भला होगा तो सबका भला होगा, उससे देश आगे बढ़ेगा। इसीलिए हमने तय किया कि तुष्टिकरण, वोटबैंक के रास्ते पर नहीं चलेंगे। भाजपा महासचिव चुघ बुधवार को मध्य प्रदेश के प्रवास के दौरान भिण्ड जिले के मेहगांव में विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सभा को अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य व सांसद संध्या राय ने भी संबोधित किया

**हर वर्ग के कल्याण के लिए काम कर रही मोदी सरकार:** चुघ ने कहा कि हमारा रास्ता योजनाओं के सौ फीसदी क्रियान्वयन के साथ संतुष्टि देने का है। कांग्रेस की नीति रही है कि पहले किसानों को संकट में डालो, फिर का कर्ज का लालच देकर, झूठ बोलकर उनके वोट लो। कांग्रेस ने कर्ज माफी का ऐलान किया था लेकिन उस पर अमल नहीं किया। मोदी सरकार ने करोड़ों किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से राशि पहुंचाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। मोदी सरकार गरीबों, मजदूरों, किसानों की सरकार है जो विकास के लिए काम कर रही है।

विरोध — बिहार के दस लाख बेरोजगार नौजवानों को रोजगार देने का वादा पूरी तरह से झूठा साबित हो रहा

## बिहार सरकार द्वारा डोमिसाइल नीति बदलने से अभ्यर्थियों में आक्रोश

बवाल



**अगर नियोजित शिक्षक ही बहाल हो जाते हैं तो यह नौकरी देने के नाम पर अपना पीठ जरूर थपथपा लेंगे**

**टीम एक्शन इंडिया/बेगूसराय**

**बिहार** सरकार द्वारा शिक्षक नियुक्ति में बिहार से बाहर के राज्यों के अभ्यर्थियों को भी आवेदन करने की अनुमति दिए जाने से लोगों में काफी आक्रोश है। टीईटी-सीटीईटी शिक्षक संघ ने इसका कड़ा विरोध किया है। टीईटी-एसटीईटी उत्तीर्ण नियोजित शिक्षक संघ (गोपगुट) के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार मिश्र ने कहा है बिहार के दस लाख बेरोजगार नौजवानों को रोजगार देने का वादा पूरी तरह से झूठा साबित हो रहा है। सरकार एक तरफ एक लाख 70 हजार शिक्षकों की वैकेंसी निकाल कर बता रही है कि हम नौकरी का दरवाजा खोल रहे हैं। दूसरी ओर पूर्व से नौकरी में बने हुए नियोजित शिक्षकों को भी इसमें शामिल कर बिहार के नौजवानो को ठगने जा रही है।

रिक्ति के विरुद्ध अगर नियोजित शिक्षक ही बहाल हो जाते हैं तो यह नौकरी देने के नाम पर अपना पीठ जरूर थपथपा लेंगे और शोर करेंगे कि इतने लाख लोगों को नौकरी दी। लेकिन हकीकत यही होगी की नई नौकरी नहीं देकर पुराने सामान का ही नया पैकेजिंग कर बाजार में उतार दिया।

